CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 06°C

मुरादाबाद, सोमवार 22 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 128 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 1 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र के लघु व सीमांत किसानों को मिलेगा मात्र छह प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण पेज 2




अंडर-19 एशिया कप: पाकिस्तान टीम ने भारत को 191 रनों से हराया खेल टाइम्स



खुद ही मिट जाएंगे महात्मा गांधी को मिटाने वाले सम्पादकीय



उस्मान हादी हत्या मामला: बांग्लादेश सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम पेज 12

# वीबी-जी राम जी विधेयक बना कानून

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ राष्ट्रपति ने दी बिल को मंजूरी, रोजगार गारंटी को अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन किया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है। इस स्वीकृति के साथ यह विधेयक अब कानून बन गया है।

इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। सरकार का कहना है कि वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। बता दें, इस बिल पर देर रात तक संसद में चर्चा चली थी। इस मामले में विपक्ष का कहना था कि सरकार जानबूझकर मनरेगा का नाम बदल रही है, मनरेगा में महात्मा गांधी का भी नाम आता था, इसीलिए भाजपा इस नाम को हटाने के लिए ये बिल लाई। वहीं, सरकार का कहना था कि पहले की योजना में लोगों को 100 दिन का काम दिया जाता था, लेकिन अब इस कानून के तहत अब कम से कम 125 दिन काम देना अनिवार्य है। इस बहस के दौरान ही कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला था।

## मनरेगा खत्म करने के विरोध में कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** सरकार के मनरेगा की जगह वीबी जी-राम-जी विधेयक पारित करने के खिलाफ कांग्रेस ने रविवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन किया और इस पर उसकी आगे की रणनीति तय करने के बारे में 27 दिसम्बर को यहां पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में विचार किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया है और रोजगार गारंटी के इस अधिकार को अनुग्रह में बदल दिया है। श्री वेणुगोपाल ने कहा मनरेगा का काम करने का एक कानूनी अधिकार था, न कि कोई कल्याणकारी योजना। इसकी निधि सीमित और नियंत्रण केंद्रीकृत कर इसकी मांग- आधारित प्रकृति को बदलकर, भाजपा ने इस अधिकार को बजट पर निर्भर योजना में बदल दिया है।



जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में चिल्लई कलां के पहले दिन ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी घाटी से वाहन गुजरने का खूबसूरत नजारा।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा मंत्रालय में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को रक्षा मंत्रालय में पोस्टेड आर्मी अफसर को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उत्पादन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा पर बेंगलुरु की एक कंपनी से 3 लाख की रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआई ने शर्मा के घर से 2.36 करोड़ रुपये भी जब्त किए हैं। सीबीआई ने शर्मा की पत्नी कर्नल काजल बाली के खिलाफ भी मामला दर्ज किया। तलाशी के दौरान काजल के घर से 10 लाख रुपये बरामद किए हैं। काजल, डिवीजन ऑर्डिनेंस यूनिट (डीओयू) श्रीगंगानगर (राजस्थान) में कमांडिंग ऑफिसर हैं। इस मामले में बिचौलिया विनोद कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों 23 दिसम्बर तक सीबीआई की हिरासत में रहेंगे। यह मामला 19 दिसम्बर को मिली सूचना के आधार पर दर्ज किया गया।

### गुवाहाटी प्रिंटिंग प्रेस मालिक धनशोधन मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुवाहाटी के पूर्बाश्री प्रिंटिंग हाउस के मालिक प्रियांशु बोइरागी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया है। एजेंसी के गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। यह गिरफ्तारी बोइरागी के ठिकानों पर तलाशी अभियान के बाद हुई। एक विशेष पीएमएलए अदालत ने बोइरागी को पांच दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। इस धनशोधन मामले की जांच असम के मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की अलग-अलग धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी से शुरू हुई है।

### दिल्ली में AQI 'गंभीर' श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में रविवार सुबह भी वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'गंभीर' श्रेणी में बनी रहा। शहर के कई प्रमुख इलाकों में सुबह के समय एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, अक्षरधाम, आईटीओ, गाजीपुर और आनंद विहार इलाकों में एक्यूआई 438 दर्ज हुआ।

# महंगा हुआ रेल का सफर

**लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किलोमीटर एक से दो पैसे अधिक चुकाने पड़ेंगे**

**नई दरें 26 दिसम्बर से प्रभावी होंगी, उपनगरीय-मासिक सीजन के टिकट के दामों में कोई बदलाव नहीं**

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ वातानुकूलित श्रेणी में 500 किमी की यात्रा करने पर यात्रियों को मौजूदा किराया से 10 रुपये ज्यादा देने पड़ेंगे

**नई दिल्ली।** रेलवे ने यात्री किराए के ढांचे में बदलाव करने का निर्णय लिया है, जिसके कारण लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किमी एक से दो पैसे अधिक चुकाने पड़ेंगे। नई दरें 26 दिसम्बर से प्रभावी होंगी।

रेलवे की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि 215 किमी से कम दूरी की यात्रा करने वालों और मासिक सीजन टिकट की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रेलवे के मुताबिक 215 किमी से ज्यादा के सफर पर साधारण श्रेणी के किराए में प्रति किमी एक पैसा किमी की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, मेल/एक्सप्रेस में गैर वातानुकूलित श्रेणी दो पैसा प्रति किमी किराया बढ़ाया जाएगा। इसके साथ एसी श्रेणी में भी दो पैसा प्रति किमी की बढ़ोतरी की गई है। इसी तरह से गैर वातानुकूलित श्रेणी में 500 किमी की यात्रा करने पर यात्रियों को कुल मिलाकर मौजूदा किराया से 10 रुपये ज्यादा देने पड़ेंगे। रेलवे के मुताबिक इस बदलाव से उसे सालाना 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आमदनी होगी। रेलवे ने 215 किमी से कम के सफर पर किराए में वृद्धि नहीं की है। यानी कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही रहेंगी। इसके अलावा, रोजाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए भी राहत की खबर है। रेलवे ने उपनगरीय ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट (एमएसटी) की टिकटों के दामों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक टिकटों के दामों में बढ़ोतरी परिचालन लागत में हो रही वृद्धि और अवसंरचना विकास परियोजनाओं के लिए राशि की पूर्ति के लिए जरूरी है। रेलवे लगातार अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने, नई ट्रेनें चलाने और स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम कर रहा है। बीते 10 वर्षों में नेटवर्क और ट्रेनों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। सुरक्षा और बेहतर संचालन के लिए रेलकर्मियों की संख्या भी बढ़ाई गई है, जिनकी सैलरी और भत्ते का खर्च भी बढ़ा है।

# यूपी में कोल्ड-डे, कई शहरों में तापमान सात डिग्री से कम

## कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में बर्फबारी

■ मौसम विभाग ने यूपी सहित 18 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट किया जारी

**नई दिल्ली।** भारत के मध्य और उत्तरी हिस्सों में कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे का दौर जारी है। मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश, उप्र, छत्तीसगढ़ समेत देश के 18 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश में सर्दी अपने चरम पर है।

इस सर्दी सीजन में पहली बार शनिवार को तापमान 3 डिग्री से नीचे पहुंच गया। शहडोल के कल्याणपुर में 2.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल में लगातार एक हफ्ते से तापमान 7 डिग्री से कम है। यूपी और बिहार में कोल्ड-डे के हालात हैं। सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। दिन और रात के समय एक जैसी सर्दी पड़ रही है। ज्यादातर शहरों में धूप के दर्शन ही नहीं हो रहे हैं। ओस की बूंदें रिमझिम बारिश की तरह पड़ रही हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। यूपी में शिमला और नैनीताल से ज्यादा सर्दी है। रविवार सुबह बरेली, कानपुर समेत कई शहरों का तापमान 7 डिग्री या उससे कम रिकॉर्ड किया गया। कानपुर में सबसे कम, 6.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। शिमला में शनिवार को तापमान 11 डिग्री और नैनीताल में 10 डिग्री रहा। कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई। गुलमर्ग में करीब दो इंच बर्फ जमी है। सोनमर्ग में सुबह से बर्फबारी जारी है।

### कोहरे के कारण दिल्ली में 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण रविवार को 80 से ज्यादा उड़ानें अब तक रद्द हो गई हैं। हवाई अड्डे पर शनिवार रात आठ बजे के बाद ही घने कोहरे के कारण कम दृश्यता की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ी जो रविवार सुबह तक जारी रही। एयरपोर्ट की ओर से सोशल मीडिया पर बताया कि अब परिचालन सामान्य है। दिल्ली एयरपोर्ट की वेबसाइट के अनुसार रविवार को 40 से अधिक प्रस्थान की उड़ानें और लगभग इतनी ही आने वाली उड़ानें रद्द रहीं। इसके अलावा कई उड़ानों में देरी भी हुई।




डिब्रूगढ़ : असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड के 10,601 करोड़ रुपये के ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया संयंत्र की आधारशिला रखने के अवसर पर पीएम मोदी व अन्य।

# बांग्लादेशी घुसपैठिए कांग्रेस ने ही बसाए: मोदी

■ कहा: उन्हें बचा भी रही, SIR का विरोध

■ डिब्रूगढ़ में यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया

**डिब्रूगढ़।** असम दौरे के दूसरे दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने डिब्रूगढ़ में अमोनिया-यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया, जिसकी सालाना उत्पादन क्षमता 12.7 लाख टन होगी। यह यूनिट 2030 तक चालू हो जाएगी। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं। जो काम कांग्रेस को उस समय करना था, उसने नहीं किया।

इसलिए मुझे एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ रही है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को कांग्रेस ने ही बसाया है और कांग्रेस ही उन्हें बचा रही है। एसआईआर का विरोध कर रही है। तुष्टिकरण और वोट बैंक के इस कहर से हमें असम को बचाकर रखना है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि असम की पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा फौलाद बनकर खड़ी है। इससे पहले पीएम ने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज पर 25 बच्चों के साथ करीब 45 मिनट परीक्षा पे चर्चा भी की। मोदी ने नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कार्प लिमिटेड के मौजूदा परिसर में नए फर्टिलाइजर यूनिट की आधारशिला रखी। पीएम मोदी परीक्षा पे चर्चा के बाद शहीद स्मारक पहुंचे। जहां 1985 में अवैध प्रवासियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने शहीद खरगेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर माला चढ़ाई। छह साल तक चले आंदोलन के 860 शहीदों की याद में यहां एक दीया हमेशा जलता रहता है। 170 करोड़ रुपये की लागत से बने इस स्मारक में पानी के कुंड, ऑडिटोरियम, प्रेयर रूम, साइकिल ट्रैक और साउंड एंड लाइट शो जैसी सुविधाएं हैं, जो असम आंदोलन और राज्य के इतिहास के विभिन्न पहलुओं को उजागर करेगा।

### अरुणाचल में जासूसी नेटवर्क का खुलासा, पाकिस्तान कनेक्शन भी मिला

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में जासूसी नेटवर्क के खुलासे और सीमा से जुड़ी गतिविधियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने पिछले 10 दिनों में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के 4 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, स्थानीय लोगों ने एलएसी के पास चीनी सेना की मौजूदगी व संभावित घुसपैठ की जानकारी दी है। गिरफ्तार आरोपी सेना की गतिविधियों व अन्य संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलर्स तक भेज रहे थे।

# बांग्लादेशी मीडिया दुष्प्रचार से बाज आए: विदेश मंत्रालय

## बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा में कोई चूक नहीं, लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा : भारत विदेशी मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने यहां स्थित बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा के बारे में बांग्लादेशी मीडिया में किए जा रहे दुष्प्रचार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि उच्चायोग की सुरक्षा की स्थिति खराब करने की कोई कोशिश नहीं की गई है और लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के सामने शनिवार को हुए प्रदर्शन के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में रविवार को कहा कि भारत वियना कन्वेंशन के अनुसार अपने क्षेत्र में विदेशी मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी मीडिया इस बारे में दुष्प्रचार कर लोगों को गुमराह कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस घटना पर बांग्लादेशी मीडिया के कुछ हिस्सों में गुमराह करने वाला दुष्प्रचार देखा है। सच यह है कि 20 दिसम्बर को नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के सामने लगभग 20-25 युवा इकट्ठा हुए और उन्होंने मैमनसिंह में दीपू चंद्र दास की भयानक हत्या के विरोध में नारे लगाए, साथ ही बांग्लादेश में सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की भी मांग की। किसी भी समय बाड़ तोड़ने या सुरक्षा की स्थिति खराब करने की कोई कोशिश नहीं की गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने कुछ ही मिनटों में ग्रुप को तितर-बितर कर दिया। इन घटनाओं के विजुअल सबूत सभी के देखने के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

# सहारनपुर में एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बुलंदशहर में एक अन्य बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

**सहारनपुर/बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने शनिवार और रविवार की रात बुलंदशहर और सहारनपुर जिले में अलग-अलग मुठभेड़ के दौरान शातिर बदमाश को मार गिराया, जबकि एक अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के दौरान एक सिपाही भी घायल हुआ है।

सहारनपुर में घायल बदमाश सिराज अहमद की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था, जबकि बुलंदशहर में ढेर बदमाश जुबैर उर्फ पीटर के सिर पर 50 हजार रुपये का इनाम था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एसटीएफ मुख्यालय को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर टीम ने थाना गंगोह क्षेत्र, जनपद सहारनपुर में घेराबंदी की। सूचना थी कि सुल्तानपुर का वांछित अपराधी सिराज अहमद पुत्र मंसूर अहमद निवासी लोलेपुर, जनपद सुल्तानपुर, जिस पर हत्या के मुकदमे सहित 1,00,000 रुपये का इनाम घोषित है, किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से क्षेत्र में मौजूद है। घेराबंदी के दौरान सिराज अहमद ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अपराधी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, 30 और 32 बोर की दो पिस्टल, भारी मात्रा में जिंदा व खोखा कारतूस, चार मोबाइल फोन, दो वाई-फाई डोंगल, एक बैग और आधार समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार सिराज अहमद के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और रासुका -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में खुला सरकारी नौकरी का पिटारा

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने सरकारी नौकरी का पिटारा ही खोल दिया है। यह सभी नौकरियों के लिए लोक सेवा आयोग के जरिए भर्ती होंगी। इसके लिए आयोग ने भी वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) पोर्टल खोल दिया है। इस पोर्टल पर सरकारी नौकरी की तैयारी में जुटे अभ्यर्थी 22 दिसंबर से अपना ओटीआर करा सकते हैं। संबंधित विज्ञापन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने साफ कर दिया है कि इन नौकरियों के लिए आवेदन केवल ओटीआर के जरिए ही होगा। इसके अलावा किसी माध्यम से आए आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आयोग के मुताबिक इसी पोर्टल पर सभी नौकरियों का ब्यौरा उपलब्ध करा दिया गया है। इसी के साथ रजिस्ट्रेशन शुल्क का विवरण भी है। इच्छुक अभ्यर्थी 22 जनवरी 2026 से पहले ओटीआर कराते हुए आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। आयोग ने अपने विज्ञापन में 2 हजार से अधिक पदों के लिए आवेदन मांगे हैं।

### पीएम मोदी के दौरे से पहले यूपी बीजेपी की बड़ी बैठक

**लखनऊ।** लखनऊ में पीएम नरेंद्र मोदी के आगामी कार्यक्रम को लेकर बीजेपी कार्यालय में रविवार को एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी के लखनऊ आगमन और अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा करना था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रदेश आगमन की तैयारियों के लिए यह बैठक की गई है, ताकि कार्यक्रम ऐतिहा. सिक और सफल हो।

# भारतीय परम्पराएं करती हैं दुनिया का मार्गदर्शन

नई दिल्ली, वार्ता



■ 'विश्व ध्यान दिवस' पर आयोजित समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को 'विश्व ध्यान दिवस' के मौके पर कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपरायें विश्व का मार्गदर्शन करती हैं। राधाकृष्णन ने तेलंगाना के कान्हा शांति वनम में 'विश्व ध्यान दिवस' के मौके पर आयोजित समारोह में मन की शांति, भावनात्मक कल्याण तथा सामा. जिक सद्‌भाव को बढ़ावा देने में ध्यान की शाश्वत प्रासंगिकता पर विशेष बल दिया।

राधाकृष्णन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ध्यान एक सार्वभौमिक पद्धति है, जो सांस्कृतिक, भौगोलिक और धार्मिक सीमाओं से परे है। उन्होंने इसे मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक स्थिरता और आंतरिक परिवर्तन के मार्ग के रूप में वर्णित किया और इस बात पर जोर दिया कि 'विश्व ध्यान दिवस' आधुनिक जीवन में चिंतन के बढ़ते महत्व को पहचानने का एक अवसर देता है। श्री राधाकृष्णन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव को सह-प्रायोजित करने में भारत की भूमिका का उल्लेख किया, जिसके तहत 21 दिसंबर को 'विश्व ध्यान दिवस' घोषित किया गया था। उन्होंने कहा कि विश्व ध्यान दिवस से मान. सिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने में ध्यान की शक्ति को वैश्विक मान्यता मिली है। उन्होंने ध्यान के अभ्यास को विश्व भर में फैलाने के लिए 'दाजी' के योगदान की सराहना की और कहा कि ध्यान, योग और आध्यात्मिक खोज की अपनी सदियों पुरानी परंपराओं के साथ भारत आज भी विश्व को शाश्वत ज्ञान प्रदान कर रहा है। भारत की सांस्कृतिक विरासत का फिक्र करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश में ध्यान को हमेशा से मन और आत्मा का एक प्राचीन विज्ञान माना गया है, जिसे ऋषियों-मुनियों ने आगे बढ़ाया है। उन्होंने भगवदगीता और तमिल के महान ग्रंथ 'तिरुमंथिरम' की सीख का उदाहरण देते हुए कहा कि ध्यान के जरिए मन पर काबू पाने से ही इंसान को आंतरिक शांति मिलती है, वह खुद को बेहतर ढंग से समझ पाता है और एक अच्छा जीवन जी पाता है।

# एक देश, एक कारोबारी एजेंडा देश के लिए घातक

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भाजपा का सिद्धांत अब 'एक का धंधा, एक से चंदा' बन चुका है: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि वह देश को 'एक देश, एक कारोबारी' की दिशा में ले जाने के गोपनीय एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सिद्धांत अब 'एक का धंधा, एक से चंदा' बन चुका है, जिसके तहत देश के हर बड़े कारोबार को गिने-चुने हाथों में समेटने की को. शिश की जा रही है।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नेतृत्व चंदे की सुविधा के लिए अलग-अलग जगह न जाकर, पूरे आर्थिक तंत्र को कुछ चुनिंदा लोगों के नियंत्रण में देना चाहता है। अपने पैसों की 'महाभूख' को पूरा करने के लिए सरकार और संगठन में ऐसे लोगों को बैठाया गया है, जो बिना किसी सवाल-जवाब के हर फैसले पर हामी भरते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी देश के लिए एकाधिकार की भावना घातक होती है चाहे वह राजनीतिक हो, आर्थिक हो या सामाजिक। आज भाजपा सरकार जिस तरह से नीतियों और नियम-कानूनों में बदलाव कर अन्य औद्योगिक घरानों को कमजोर कर रही है और आर्थिक गतिविधियों को चुनिंदा समूहों तक सीमित कर रही है, उससे देश एक गंभीर और खतरनाक स्थिति की ओर बढ़ रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि इसका अगला परिणाम अनियंत्रित मुनाफ़ाखोरी, महंगाई और अंततः महा-भ्रष्टाचार के रूप में सामने आएगा। एकाधिकारवादी कंपनियों के फायदे के लिए नियम बदले जाएंगे, उपभोक्ताओं से मनमानी वसूली होगी और श्रमिकों का 'कम धन-अधिक श्रम' के उत्पीड़नकारी फार्मूले के तहत शोषण किया जाएगा। न

### अखिलेश ने 'अरावली बचाओ' अभियान में शामिल होने की अपील की

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दिल्ली के निवासियों से 'अरावली बचाओ' अभियान में शामिल होने की भावुक अपील की है। यादव ने चेतावनी दी है कि अरावली पर्वतमाला के विनाश का शहर के पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और जीवन की गुणवत्ता पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि अरावली पर्वतमाला दिल्ली का प्राकृतिक सुरक्षा कवच और इसकी पारिस्थितिक जीवनरेखा है। अगर हमने अरावली को नहीं बचाया, तो दिल्ली रहने के लायक नहीं रहेगी। यहां की हवा सांस लेने लायक नहीं होगी, पानी पीने लायक नहीं रहेगा।

## लघु व सीमांत किसानों को मुख्यमंत्री ने दिया बड़ा तोहफा

# छह प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा ऋण: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एलडीबी से उपलब्ध कराया जाएगा, युवा सहकार सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लघु और सीमांत किसानों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (एलडीबी) से किसानों को मात्र 6 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत शेष ब्याज का वहन राज्य सरकार करेगी, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

रविवार को अंतर्राष्ट्रीय सहक. ारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में रविवार को युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथं ने कहा कि वर्तमान में एलडीबी की ब्याज दर लगभग साढ़े 11 प्रतिशत है, जो किसानों पर अतिरिक्त बोझ डालती है। सरकार इसे कम कर किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने इसे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'सहकार से समृद्धि' के अनुरूप केंद्र सरकार ने पहली बार सहका. रिता मंत्रालय का गठन किया। देश के पहले सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाइयां मिली हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया जाना भारत की सहकारिता शक्ति का प्रमाण है। योगी ने कहा कि भारत में 8.44 लाख से अधिक सहकारी समितियां हैं, जिनसे 30 करोड़ से ज्यादा सदस्य जुड़े हैं। सहकारिता आपसी विश्वास, सामाजिक समता और आत्मनिर्भरता की मजबूत गारंटी है। बीते 11 वर्षों में डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस और तकनीक के उपयोग से सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। उन्होंने बताया कि एम-पैक्स (मल्टीपर्पज प्राइमरी एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव सोसायटी) के माध्यम से सदस्यता अभियान चलाकर लाखों नए सदस्यों को जोड़ा गया है। इससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। आज जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक खाते हैं और 550 करोड़ रुपए से अधिक की जमा राशि है। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय कई जिला सहकारी बैंक डिफॉल्टर हो चुके थे, लेकिन सरकार के प्रयासों से आज सभी को-ऑपरेटिव बैंक स्वस्थ हैं और किसानों की समृद्धि में योगदान दे रहे हैं। पिछली सरक. ारों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' पनपता था, जिसके कारण सहकारिता क्षेत्र बर्बाद हो गया था और किसानों की हजारों करोड़ रुपए की पूंजी फंस गई थी।

### 'वन डिस्ट्रिक्ट वन कोऑपरेटिव बैंक' की दिशा में ठोस कदम बढ़ाएं : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' पनपता था, जिसके कारण सहका. रिता क्षेत्र बर्बाद हो गया था और किसानों की हजारों करोड़ रुपए की पूंजी फंस गई थी। उन्होंने बताया कि जिन 16 कोऑपरेटिव बैंकों के लाइसेंस जब्त हो गए थे, उनमें फंसे 4700 करोड़ रुपए किसानों को धीरे-धीरे वापस कराए गए। अब समय आ गया है कि 'वन डिस्ट्रिक्ट वन कोऑपरेटिव बैंक' की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जाएं। रविवार को लखनऊ में आयोजित युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का भव्य शुभारंभ शनिवार को हुआ।

# योगी सरकार जल्द लॉन्च करेगी आयुष एप, घर बैठे मिलेगी सुविधाएं

लखनऊ, वार्ता

■ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के सहयोग से विकसित किया जाएगा

आयुष चिकित्सा पद्धतियों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। योगी सरकार जल्द ही आयुष एप लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को घर बैठे आयुष से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह एप भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के सहयोग से विकसित किया जाएगा।

इस एप के जरिए मरीजों को ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण और अपॉइंटमेंट की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही आयुष विभाग से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी। सरकार के इस कदम से न केवल आयुष चिकित्सा पद्धतियों को व्यापक पहचान मिलेगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि आयुष चिकित्सा पद्धतियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। इसी उद्देश्य से आयुष एप विकसित करने को लेकर आईआईटी कानपुर से बातचीत चल रही है। एप के लॉन्च होने के बाद मरीजों को आयुष अस्पतालों और केंद्रों में ओपीडी पंजीकरण के लिए लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि मरीज अपने मोबाइल फोन से घर बैठे ही डॉक्टर से मिलने के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और अस्पतालों में भीड़ भी कम होगी। इस सुविधा से विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।



सेंसेक्स 85213.36
निफ्टी 26027.30



सोना रु. 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 192222
प्रति किलो



# अहमदाबाद हादसे से इंडिगो संकट तक

नई दिल्ली, वार्ता




■ भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए चुनौतियों भरा रहा पूरा साल

भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए साल 2025 बेहद चुनातीपूर्ण रहा। साल के पूर्वार्द्ध में जहां एयर इंडिया विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया, वहीं अंतिम महीने में 'इंडिगो संकट' लाखों यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना और विमान सेवा कंपनियों के प्रति उनके विश्वास को कमजोर किया।

विमानन क्षेत्र के लिए मार्च तक सब कुछ काफी अच्छा चल रहा था। साल के पहले तीन महीने में यात्रियों की संख्या भी 10.35 प्रतिशत बढ़कर 4.32 करोड़ पर पहुंच गयी थी और उम्मीद की जा रही थी कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान पहली बार यात्रियों की मासिक संख्या डेढ़ करोड़ के पार पहुंच जाएगी। इसके बाद 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ और लोगों ने जम्मू-कश्मीर की टिकट रद्द करनी शुरू कर दी। फिर मई की शुरुआत में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद सीमा पर संघर्ष शुरू हो गया। पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए और भारत ने पाकिस्तानी विमान सेवा कंपनियों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिए, जो अब तक जारी हैं। इसका असर भारतीय विमानन क्षेत्र पर पड़ना शुरू हो गया। कई मार्गों पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और कई अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर घूमकर जाने से यात्रा का समय और एयरलाइंस की लागत बढ़ गई। ऊपर से विमान ईंधन की कीमतों में इजाफे के कारण मुनाफा कमाने के लिए पहले से संघर्ष कर रही विमान सेवा कंपनियों की वित्तीय स्थिति और खराब हो गयी। मई में हवाई यात्रियों की संख्या में सालाना आधार पर महज 1.89 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि माह- दर-माह लगातार दूसरी गिरावट दर्ज की गयी। देश ने जून महीने में अपने विमानन इतिहास से सबसे बुरे हादसों में से एक का समाना किया। एयर इंडिया की उड़ान संख्या 171 ने गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे से 230 यात्रियों और चालक दल के 12 सदस्यों के साथ लंदन के गैट्विक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी थी। टेकऑफ के तुरंत बाद विमान ऊंचाई हासिल करने में असफल रहा और बीजे मेडिकल कॉलेज के होस्टल से टकरा गया और उसमें आग लग गयी। देखते ही देखते विमान आग के गोले में तबदील हो गया। चमत्कार के रूप में विश्वासकुमार रमेश नामक एक यात्री मामूली जख्मों के साथ खुद चलता हुआ मलबे से बाहर निकलने में कामयाब रहा। विमान में सवार अन्य सभी 241 लोगों की मौत हो गई। जमीन पर मौजूद 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 67 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इस हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। एयर इंडिया हादसे की प्राथमिक जांच रिपोर्ट में पायलट की गलती को इसकी मुख्य वजह बताया गया है।

### उद्योगों के आंकड़ों वैश्विक कारकों पर रहेगी निवेशकों की नजर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर उद्योगों के आंकड़ों और वैश्विक कारकों पर रहेगी। आने वाले सप्ताह में सोमवार को आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के आंकड़े जारी किए जाएंगे, जो बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा वैश्विक कारकों पर भी निवेशकों की नजदीकी नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 338.30 अंक (0.40 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 84,929.36 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 80.55 अंक यानी 0.31 प्रतिशत गिरकर 25,966.40 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों के सूचकांक निफ्टी मिडकैप-50 में 0.06 प्रतिशत की मामूली गिरावट रही, जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक पूरे सप्ताह के उतार-चढ़ाव से होता हुआ सपाट रहा।

# चावल, गेहूं मजबूत, चीनी दालें नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। ग्राहकी आने से गेहूं में भी तेजी रही। वहीं चीनी और दालों में गिरावट रही, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 71 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,827 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं 10 रुपए चढ़कर 2,858.33 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा 3,305.69 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 16 रुपए और सोया तेल 15 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं वनस्पति 55 रुपए और सरसों तेल 49 रुपए मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल में 37 रुपए और पाम ऑयल में पांच रुपए प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 59 रुपए और उड़द दाल की 58 रुपए प्रति क्विंटल उतर गयी। मसूर दाल 24 रुपए और मूंग दाल 19 रुपए सस्ती हुई। चना दाल 14 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव छह रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी 27 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। दाल-दलहन: दाल चना 7778.81 रुपए, मसूर काली 8098.20 रुपए, मूंग दाल 10077.20 रुपए, उड़द दाल 10331.02 रुपए, तुअर दाल 10474.97 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2858.33 रुपए और चावल 3826.69 रुपए प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3305.69 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.80 रुपए और गुड़ 4999.87 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17648.52 रुपए, मूंगफली तेल 17687.78 रुपए, सूरजमुखी तेल 15790.00 रुपए, सोया तेल 13770.86 रुपए, पाम ऑयल 12486.45 रुपए और वनस्पति 14454.29 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# आगरा में भरभराकर गिरी बेसमेंट की दीवार, दो की मौत

**आगरा।** आगरा जिले के बाह थाना क्षेत्र के बटेश्वर पास में स्थित गांव बिजकौली में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट की दीवार ढहने से अलाव ताप रहे सात लोग दब गए। इसके बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे के समय बेसमेंट में मिट्टी का भराव हो रहा था।

सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद सभी की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उनको आगरा रेफर कर दिया। आगरा ले जाते समय हीरालाल और योगेश की रास्ते में मौत हो गई। लोगों ने दो घंटे तक मशक्कत के बाद मलबे में बदे सभी सात लोगों को बाहर निकाला और पास अस्पताल में ले गए। वहां से हालत गंभीर होने पर सभी एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। डीसीपी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि दीवार और बेसमेंट के मलबे में दबे दो घायलों की उपचार के दौरान मौत हो गई है।

बाकी पांच घायल का उपचार चल रहा है। गांव बिजकौली में जोर सिंह प्रजापति के निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट में रविवार सुबह 11 बजे कुछ लोग अलाव पर ताप के साथ ही कुछ लोग ताश भी खेल रहे थे। रविवार को बेसमेंट में काम चल रहा था, उसमें मिट्टी डाली जा रही थी। इसके साथ ही पानी भी भरा हुआ था, मिट्टी के दबाव और पानी की वजह से दीवार ढह गई। इससे अलाव ताप रहे और ताश खेल रहे लोग दीवार के मलबे में दब गए, मौके पर चीख पुकार मच गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

सहारनपुर में...

सहित करीब 30 आपराधिक मुकदमे विभिन्न जनपदों में दर्ज हैं। वहीं दूसरी घटना जनपद बुलंदशहर की है, जहां थाना कोतवाली देहात और गुलावठी पुलिस टीम की 50,000 रुपये के इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान आजाद उर्फ जुबैर उर्फ पीटर (35 वर्ष) निवासी उमर गार्डन कॉलोनी, थाना श्यामनगर लिसाड़ी गेट, मेरठ पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के भी घायल होने की सूचना है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत बदमाश के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, जिदा व खोखा कारतूस और बिना नंबर की एचएफ-डीलक्स बाइक बरामद की गई है।

# महात्मा गांधी की दूसरी बार कर दी गई हत्या

चेन्नई, वार्ता



■ वीजीरामजी बिल विवाद पर बोले कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम

कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने संसद में पास हुए वीरामजी बिल को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस स्कीम में बदलाव करके महात्मा गांधी की दूसरी बार हत्या की गई है। यह न तो सही इंग्लिश है और न ही इंडियन, बल्कि सिर्फ इंग्लिश अक्षरों में लिखे हिंदी शब्द हैं, जिन्हें मंत्रियों को भी समझना मुश्किल लगता है।

तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पी चिदंबरम कहा कि नई स्कीम पूरे देश में लागू नहीं होगी। केंद्र सरकार तय करेगी कि किन जिलों और इलाकों में काम मिलेगा। इसमें कहा गया है कि यह स्कीम साल में 60 दिन लागू नहीं की जा सकती, बिना यह बताए कि कौन से 60 दिन? पी चिदंबरम ने कहा कि अगर किसी जिले को 'कोई काम नहीं' वाला घोषित कर दिया जाता है, तो लोग नौकरी की मांग भी नहीं कर सकते। नए कानून में कई गंभीर कमियां हैं, यह अब कोई एम्प्लॉयमेंट गारंटी स्कीम नहीं रही, इसमें कोई गारंटी नहीं है और सबसे ज्यादा नुकसान गरीबों को होगा। उन्होंने कहा कि साल में 100 दिन की मजदूरी वाली रोजगार गारंटी स्कीम 12 करोड़ परिवारों के लिए लाइफलाइन थी, ताकि यह पक्का हो सके कि घर का कोई भी सदस्य भूखा और उदास न सोए। यह गरीबों, खासकर महिलाओं और बुजुर्गों के लिए एक वरदान थी, जिनके पास रेगुलर रोजगार नहीं था। इसने घर की महिलाओं के हाथों में पैसे दिए, जिससे उन्हें इतनी आजादी मिली, जो उनकी पुरखों को नहीं मिली थी। इसने गरीबों के लिए एक सुरक्षा जाल बनाया, यह बिल इन फायदों को बेरहमी से छीन रहा है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के पहले बजट (2004-05) में उन्होंने कहा था कि हमारी योजना में गरीबों का पूरे प्लान फंड पर पहला हक होगा। नेशनल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट पर काम शुरू हो गया है। इसका मकसद हर गरीब घर में एक काबिल व्यक्ति को साल में 100 दिन के रोजगार की गारंटी देना है, लेकिन वर्तमान स्कीम राज्य-विशिष्ट होगी और लागत केंद्र और राज्य 60-40 के अनुपात में बांटेंगे। केंद्र सरकार हर राज्य को फंड का एक नॉर्मेटिव एलोकेशन करेगी, एलोकेशन से ज्यादा खर्च राज्य उठाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सभी मामलों में आर्बिटर होगी, जिससे बिल संघीय व्यवस्था के खिलाफ है।

# विश्वविद्यालय परिसरों में आवारा कुत्तों की रोकथाम अनिवार्य, नोडल अधिकारी नियुक्त करने होंगे

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को परिसरों में आवारा कुत्तों के प्रवेश और निवास को रोकने के लिए तत्काल एवं प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश सुप्रीम कोर्ट के 7 नवंबर 2025 के आदेश के अनुपालन में जारी किए गए हैं, जिसमें संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई गई थी।

यूजीसी के सचिव प्रो. मनीष आर. जोशी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके तहत सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को चार प्रमुख कदम अनिवार्य रूप से लागू करने होंगे। पहला, प्रत्एक शिक्षण संस्थान अपने परिसर की स्वच्छता और देखरेख के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करेगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि आवारा कुत्ते परिसर में प्रवेश न करें या निवास न करें। नोडल अधिकारी का विवरण मुख्य द्वार पर प्रदर्शित किया जाएगा और स्थानीय नगर निकाय को भी सूचित किया जाएगा।

दूसरा, छात्रों और कर्मचारियों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जानवरों के आसपास सुरक्षित व्यवहार, कुत्ते के काटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार और तत्काल रिपोर्टिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। तीसरा, स्टेडियमों और खेल परिसरों में चौबीसों घंटे सुरक्षा या ग्राउंड-कीपिंग कर्मियों की तैनाती की जाएगी, ताकि आवारा कुत्तों की आवाजाही पर निगरानी रखी जा सके। चौथा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप अन्य सभी सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हो सके।

# दिगंबर पर राजेश प्रधान ने लगाए गंभीर आरोप

## टकराव के बन रहे हालात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** किसान राजनीति में उबाल उस समय और तेज हो गया, जब भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान ने प्रेस वार्ता कर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह पर तीखा हमला बोला। आरोपों की झड़ी के बीच किसान संगठनों के बीच टकराव अब खुलकर सामने आ गया है।

प्रेस वार्ता में राजेश प्रधान ने कहा कि दिगंबर सिंह न तो किसानों की असली लड़ाई लड़ते हैं और न ही आंदोलनों को ईमानदारी से अंजाम देते हैं। दिगंबर सिंह दूसरे किसान संगठनों को फर्जी बताकर किसानों को भ्रमित करने का काम करते हैं। बिलाई शुगर मिल के गन्ना बकाया भुगतान का जिक्र करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जब दिगंबर सिंह लखनऊ गए थे, तब किसानों से वादा किया गया था कि बजाज कार्यालय का घेराव होगा और भुगतान कराए बिना वापसी नहीं होगी। लेकिन न तो कोई घेराव हुआ और न ही किसानों को उनका पैसा मिला। उन्होंने इसे किसानों के साथ सीधा धोखा बताया। नांगल क्षेत्र में वन विभाग की भूमि को लेकर चल रहे आंदोलन पर भी राजेश प्रधान ने सवाल खड़े किए। उनका कहना था कि यह लड़ाई गन्ना बोने के समय लड़ी जानी चाहिए थी, लेकिन अब जब गन्ने के भुगतान का वक्त आया है, तब नेताजी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब यह आंदोलन नहीं, बल्कि गन्ने के पैसों के बंटवारे की लड़ाई है। राजेश प्रधान ने दावा किया कि दिगंबर सिंह के रिश्तेदारों द्वारा नांगल क्षेत्र में सड़क किनारे पेड़ कटवाए गए। जिसकी रिपोर्ट थाना नांगल में दर्ज हुई। लेकिन कथित रूप से प्रशासनिक दबाव बनाकर मामला दबा दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने पूर्ति विभाग सहित कई विभागों से महीना बंधा होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि जो व्यक्ति अपने ही मार्ग दर्शकों और अपने इतिहास का सम्मान नहीं करता, वह किसानों के हितों की लड़ाई क्या लड़ेगा।

नगीना देहात थाना क्षेत्र के एक जमीन विवाद का जिक्र करते हुए उन्होंने पुलिस-प्रशासन से कथित धक्का-मुक्की की बात भी उठाई और कहा कि ऐसे मामलों से एक किसान नेता की भूमिका पर सवाल खड़े होते हैं। सीएमओ कार्यालय पर दिए गए धरने को लेकर भी उन्होंने कहा कि कई दिनों तक धरना देने के बावजूद एक भी अवैध अस्पताल बंद नहीं हुआ और अंत में धरना चुपचाप समाप्त कर दिया गया। राजेश प्रधान ने साफ कहा कि यह तो केवल शुरुआत है। आने वाले दिनों में और भी कई मुद्दे किसानों और जनता के सामने रखे जाएंगे।

गौरतलब है कि जनपद में जितने ज्यादा किसान संगठन बढ़ गए है, उतने ही आरोप प्रत्यारोप लग रहे है। किसानों की लड़ाई, तो लड़ी नहीं जाती है। उल्टा अपनी राजनीति चमकाई जाती है।

# हाजी जुल्फिकार आलम ने बांटे लिहाफ

## कड़ाके की ठंड से गरीब परिवारों को मिली राहत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के समाजसेवी व रॉयल हैंडीक्राफ्ट फर्म के स्वामी हाजी जुल्फिकार आलम ने पिछले वर्षों की भांति इस साल भी 31वीं बार गरीब, बेसहारा, निर्धन लोगों को भीषण सर्दी से बचने के लिए 250 लिहाफ वितरित कर दुआएं लीं।

मौहल्ला काजी सराय स्थित रॉयल हैंडीक्राफ्ट के तत्वाधान में आयोजित लिहाफ वितरण कार्यक्रम में 250 लिहाफ वितरित किए गए। इस मौके पर हाजी जुल्फिकार आलम ने कहा कि गरीब बेसहारा लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि समाज के संपन्न लोगों को इस तरह के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, जिससे लोगों की मदद हो सके। इस मौके पर इरशाद अली मुल्तानी, अतीक अहमद भारती, डा. दाऊद मुल्तानी, उबैदुररहमान, आफताब मुल्तानी, हाजी रफीउलशान, गौरव गोयल, डा. मोअज्जम रियाजी, यासीन सोनी, मुनीर आलम, यासर शमसी आदि उपस्थित रहे।

# सुरक्षा के मामले में लापरवाही

## विद्युत विभाग ने पल्ला झाड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सुरक्षा के मामले में भी टालम टोली की नीति अपनाते हुए विद्युत विभाग ने शिकायत से पल्ला झाड़ लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया था कि रायपुर मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 480 गढ़मलपुर में मौजूद फ्लाईओवर ब्रिज का एक खंभा टूट कर ब्रिज के बराबर से गुजर रही 11 हजार की उच्च क्षमता की विद्युत लाइन के पास से टच होने की स्थिति में आ गया है। जिस कारण कभी भी कोई घटना घट सकती है और फ्लाईओवर ब्रिज के एंगिलो में भी करंट आ सकता है। अत: उक्त खंभे को सही कराया जाना जरूरी है। उधर जनहित की शिकायत का समाधान करते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत ने कहा कि स्ट्रीट लाइट को स्थापित करने व मरम्मत करने का कार्य नगर पालिका या ग्राम पंचायत के द्वारा संपादित किया जाता है। विद्युत विभाग द्वारा नहीं। विद्युत विभाग ने इस संबंध में न नगर पालिका को पत्र लिखा न ही ग्राम पंचायत को। समस्या जस की तस बनी हुई है।

# महिला की हत्या के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

## साथियों के साथ मिल कर की थी हत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक महिला की हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला की हत्या की थी और इसे आत्महत्या दिखाने का प्रयास किया था।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान इशरत अली पुत्र दीन मौहम्मद के रूप में हुई है। वह ग्राम मेवानावादा, थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर का निवासी है। स्योहारा पुलिस ने इस मामले में मु.अ.सं. 448/25 धारा 85/108 बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इशरत अली पर हत्या, आत्महत्या के लिए उकसाने और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार और कांस्टेबल अमजद खाँ शामिल थे।

# नूरपुर में हटाया गया अतिक्रमण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** नगर पालिका द्वारा धामपुर तिराहे से शिव मंदिर तिराहे तक दुकानों के आगे सामान रख कर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

अतिक्रमण हटने से पैदल चलने वाले राहगीरों को बड़ी राहत मिलेगी है। अतिक्रमण से रोडवेज बस स्टैंड व शिव मंदिर चौराहे पर लम्बा जाम लगा रहता है। लगातार जाम लगने की शिकायत नगर पालिका के अधिकारियों से लेकर जिले के उच्च अधिकारियों से की जा रही थी। इस मौके पर ईओ संतोष कुमार मिश्रा सहित नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

नागरिकों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार अभियान चलना चाहिए।

# तनाव के बीच महिला शिक्षा सभा चुनाव संपन्न

## विजय अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष बने, अग्रवाल सभा में निर्वाचन हुआ संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महिला शिक्षा सभा के चुनाव को लेकर बीते कई दिनों से बना संशय रविवार को उस समय समाप्त हो गया, जब प्रशासनिक रोक और पुलिस पहरे के बावजूद चुनाव प्रक्रिया संपन्न करा दी गई। कन्या इंटर कॉलेज में प्रस्तावित चुनाव को प्रशासन द्वारा रोक दिए जाने के बाद विजय अग्रवाल गुट ने चुनाव स्थल परिवर्तित करते हुए अग्रवाल सभा में निर्वाचन कराया, जहां सभी पदों पर विजय अग्रवाल गुट के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 दिसंबर को महिला शिक्षा सभा की सामान्य सभा एवं चुनाव कन्या इंटर कॉलेज में होने थे। संस्था द्वारा विधिवत चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया था, लेकिन कॉलेज प्रबंधन से जुड़ी गुटबाजी और आपत्तियों के चलते प्रशासन ने एक दिन पहले ही चुनाव पर रोक लगा दी। कॉलेज के गेट पर पुलिस पहरा बैठा दिया गया और अंदर प्रवेश पर आपत्ति दर्ज की गई।

इसके बावजूद सुबह से ही विजय अग्रवाल गुट के समर्थक रोडवेज बस स्टैंड के समीप स्थित अग्रवाल सभा में एकत्र होने लगे। देखते ही देखते बड़ी संख्या में सदस्य वहां पहुंच गए। निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना एडवोकेट की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई।

निर्वाचन अधिकारी के अनुसार महिला शिक्षा सभा के कुल 302 सदस्यों में से 27 सदस्य मृत हो चुके हैं। कुल 145 सदस्य उपस्थित रहे। कोरम पूरा होने के चलते चुनाव संपन्न कराया गया। चुनाव में अध्यक्ष पद पर विजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष उमेश गोयल, मंत्री विपिन अग्रवाल, उपमंत्री संजय कुमार, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल तथा सदस्य पदों पर नेमीशरण, आशु, पुनीत, कुलभूषण माहेश्वरी, संजीव कुमार, राहुल अग्रवाल और राकेश चंद निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

चुनाव को लेकर सुबह से ही माहौल गरमाया रहा। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व महिला शिक्षा सभा के सदस्य अजय माहेश्वरी ने जिलाधिकारी बिजनौर को शिकायती पत्र देकर चुनाव को विधिक रूप से त्रुटिपूर्ण बताते हुए स्थगित करने की मांग की थी। इसी शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा चुनाव रोकने के प्रयास किए गए, लेकिन अंतत: विजय अग्रवाल समर्थकों ने रणनीति बदलते हुए स्थान परिवर्तन कर चुनाव संपन्न करा दिया। निर्वाचन परिणाम घोषित होने के बाद विजय अग्रवाल ने कहा कि महिला शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और संस्था को पारदर्शी ढंग से संचालित किया जाएगा।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, नरेंद्र अग्रवाल, सलभ अग्रवाल, हितेंद्र अग्रवाल, राहुल अग्रवाल सहित भारी संख्या में विजय अग्रवाल समर्थक मौजूद रहे।

प्रशासनिक रोक, आपत्तियों और गुटबाजी के बीच संपन्न हुए इस चुनाव को लेकर नगर में चर्चाओं का दौर जारी है।

## एक नजर

### कादिर बने कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष



**नूरपुर।** कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सरफराज मलिक ने मौहल्ला इस्लामनगर निवासी अब्दुल कादिर को प्रकोष्ठ का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नजाकत अल्वी ने अब्दुल कादिर को फूलमालाएं पहना कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव मौलाना खलीलुर्रहमान कासमी, मौहम्मद रिहान सैफी, मौहम्मद हनीफ, सलमान, मौहम्मद जुबैर, हाफिज समीर, हाफिज सूफियान, हाफिज नवेद, हाफिज मौहम्मद ईशान आदि मौजूद रहे।

### गुलदार के तीन बच्चे मिले



**कालागढ़।** ग्राम भिक्कावाला क्षेत्र गुलदार के तीन शावक दिखाई देने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। किसान महेन्द्र ने बताया कि वह खेत में गन्ने की छिलाई करने गए थे। खेत में गन्ना काटते समय शावकों की आवाज से किसान डर गया। देखते ही देखते लोगों का जमावड़ा लग गया। खेत में गुलदार होने की खबर से किसानों में खौफ पनप गया है। लोगों को खेत में इकट्ठा होकर जाना पड़ रहा है।

### अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ा



**अफजलगढ़।** ग्राम जामुनवाला स्थित फीका दो आब नहर के समीप कर्नल आरएस सिरोही खेत में बने डेरे के निकट दोपहर के समय जा रहे गामीणों की नजर अजगर सांप पर पड़ी। अजगर आराम से खेतों की ओर सरक रह था। जिसे देख ग्रामीणों के रोंगटे खड़े हो गए। उन्होंने मामले की जानकारी तुरंत वनकर्मियों को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम में विवेक कुमार, अब्दुल मजीद, प्रदीप व ग्रामीण दीपक सिरोही आदि ने सांप को रेस्क्यू कर कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में छोड़ दिया।

## एक नजर

### विवेक वि.वि. में पीएचडी प्रवेश परीक्षा



**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2025-26 आयोजित हुई। विवेक विश्वविद्यालय में इस वर्ष पीएचडी प्रवेश के लिये मैनेजमेंट, कॉमर्स, एजुकेशन, कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर एप्लीकेशन एण्ड इर्फोमेशन टैक्नोलोजी, मैथ, फिजिक्स, कैमस्ट्री जुलोजी, बॉटनी, फार्मेसी, लॉ आदि हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्रवेश परीक्षा के दौरान सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रही। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल के अनुसार रिसर्च को प्रमोट करने के लिये रिसर्च फेलोशिप दिये जाने का प्रावधान किया गया है। इस प्रवेश परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के उपरान्त पात्र अभ्यर्थियों को फेलोशिप देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बिजनौर को रिसर्च के क्षेत्र में आगे ले जाना है। इसके लिये हमने उत्कृष्ट एवं नियमित रिसर्च स्कॉलर के लिये इस फेलोशिप का देने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय के वाइस चॉसलर प्राफेसर एन.के.गुप्ता ने बताया कि विवेक विश्वविद्यालय रिसर्च एप्टीटयूट प्रवेश परीक्षा में नेट एवं समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा से छूट प्रदान की गयी है। सभी प्रवेश परीक्षा में चयनित एवं नेट एवं समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का जल्द ही साक्षात्कार किया जायेगा, जिसकी घोषणा विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर कर दी जायेगी।

### कोल्हू व्यापारी के साथ मारपीट



**बढ़ापुर।** हरेवली क्षेत्र के ग्राम इनायतपुर में व्यापारी आकाश ने कोल्हू लगा रखा है। आकाश कुमार हरेवली से गन्ने की ट्रैक्टर-ट्रॉली का वजन करा कर ग्राम इनायतपुर वापस जा रहा था। इसी दौरान हरेवली व इनायतपुर के बीच जंगल में अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और लाठी डंडों से उनके साथ मारपीट की। पीछे से ट्रैक्टर ट्रॉली को आता देख बदमाश मौके पर अपनी दो बाइक छोड़कर फरार हो गए। व्यापारी आकाश ने पास के ही गौरव कुमार पुत्र रोशन सिंह पर घटना से कुछ घंटे पहले मारपीट करने का आरोप लगाया है। आकाश कुमार का कहना है कि इसमें गौरव का ही हाथ है और इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची बढ़ापुर पुलिस ने दोनों बाइकों को अपने कब्जे में ले लिया और थाने ले गई। आकाश कुमार ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### हादसे में परिवार घायल



**अफजलगढ़।** हरेवली मार्ग पर देर शाम अज्ञात बाइक से टकरा कर दूसरी बाइक सवार एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर अवस्था देखते हुए चिकित्सक द्वारा हायर सेंटर रैफर कर दिया। राजवती पत्नी छत्रपाल सिंह अपने बड़े बेटे मोहित व सोहित पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी ग्राम खिजरपुर, थाना शेरकोट के साथ बाइक द्वारा अपनी बीमार मां को देखकर रेहड़ के ग्राम केहरीपुर जंगल से देर शाम वापस अपने ग्राम लौट रहे थे। तभी हरेवली मार्ग पर पथरियां पुल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया। तीनों घायलों की गंभीर अवस्था देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया।

### आग लगने से नुकसान

**बढ़ापुर।** मौहल्ला भजड़ावाला निवासी इरशाद अहमद शनिवार को परिवार सहित साले की मृत्यु होने पर ग्राम करौंदा गए हुए थे। रात्रि में किसी समय बिजली की वायरिंग में शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से वहां पर रखे कपड़ों में आग लग गई। आग से वहां पर रखी वाशिंग मशीन, इनवर्टर, बैटरा, बैड, चारपाई, कपड़े आदि घरेलू सामान जल गया। आज सुबह जब वह घर पहुंचे, तो नजारा देखकर दंग रह गए।

### समाजसेविका नेहा ने बांटे मफलर



**अफजलगढ़।** शहीदी दिवस के अवसर पर समाजसेविका नेहा चौधरी पत्नी बलराम सिंह ने भीषण सर्दी में सौ से अधिक महिलाओं व बच्चों को मफलर, ऊनी टोपे, दस्ताने आदि वितरित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का उद्‌घाटन थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने किया। थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने समाजसेविका नेहा चौधरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रेम भाव व सच्चे मन से लोगों की मदद करना ही शहीदों को असल श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर पत्रकारगण सुनील कुमार, शेख मौहम्मद यूसुफ, अजमल खान, अर्जुन सिंह, मुशर्रफ अली, सभासद कलवा कुरैशी, राजी परवीन, गौरव सिंह, बलराम सिंह, पीयूष कुमार आदि मौजूद थे।

### किरतपुर के युवक का मिला शव



**नजीबाबाद।** किरतपुर रोड पर चौकपुरी के सामने संदिग्ध अवस्था में युवक का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। बाद में उसकी शिनाख्त किरतपुर के मौहल्ला अहमद खेल निवासी समीर (25 वर्ष) पुत्र दिलशाद के रूप में हुई। मृतक के समीप एक बाइक पड़ी मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किरतपुर में अब्दुल मन्नान के आह्वान पर उमड़ी हजारों की भीड़







## लोकप्रियता का जादू साफ दिखाई दिया, सभी ने दी मुबारकबाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर में रविवार को उस समय ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिला। जब चेयरमैन अब्दुल मन्नान के छोटे भाई मौहम्मद शादान के दावते वलीमा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। नगर ही नहीं, बल्कि जनपद व प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए राजनीतिक, सामाजिक और गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। हजारों की संख्या में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने शिरकत कर दुल्हा-दुल्हन को दुआओं से नवाजा।

शनिवार को मौहम्मद शादान का निकाह किरतपुर के मौहल्ला अंसा. रियान निवासी सेठ इरशाद अहमद अंसारी की पुत्री डा. आयशा के साथ नगर के एक भव्य बैंक्वेट हॉल में धूमधाम से संपन्न हुआ। इसके उपरांत आज दोपहर मौहल्ला राधगान स्थित विशाल मैदान में सुसज्जित एवं व्यवस्थित पंडाल में दावते वलीमा का आयोजन किया गया, जहां नगर, ग्रामीण क्षेत्रों तथा जनपद के कोने-कोने से आए मेहमानों ने शिर. कत की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुल्तानपुर के विधायक संतोष पांडेय, विधायक मनोज पारस, यूट्यूबर एवं युवाओं के चहेते चेहरे मौहम्मद कैफ, सपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी मौहम्मद साईम राजा, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन, वरिष्ठ भाजपा नेता सी.पी. सिंह, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल यादव, बिजनौर के पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, नजीबाबाद चेयरमैन इंजी. नियर मोअज्जम, चांदपुर चेयरमैन शेरबाज पठान, अफजलगढ़ चेयरमैन जावेद विकार, स्योहारा चेयरमैन फैसल वारसी, नगीना चेयरमैन शाहनवाज खलील सहित जिले के अनेक चेयरमैन, जनप्रतिनिधि, डॉक्टर, अधिवक्ता, उद्योगपति, ठेकेदार, मीडिया कर्मी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दावते वलीमा में हिंदू-मुस्लिम एकता की अनुपम मिसाल देखने को मिली, जहां दोनों समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार आयोजन में लगभग 40 हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए करीब 50 बीघा भूमि को समतल कर आकर्षक एवं भव्य टेंट लगाया गया था।

चेयरमैन अब्दुल मन्नान एवं उनके भाई मौहम्मद फैजान ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि इस विवाह समारोह की तैयारियां कई दिनों से चल रही थीं। नगर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों और पूरे जनपद में इस ऐतिहासिक शादी की चर्चाएं सभी के लबों पर थी।

## एक नजर

### श्री गुरु सिंह सभा में गुरमत समागम



**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में विशेष गुरमत समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब के पटियाला से पधारी प्रसिद्ध गुरु वाणी प्रचारक बीबी जसप्रीत कौर खालसा ने गुरबाणी विचारों और कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया। दीवान हाल में कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञानी रघुवीर सिंह द्वारा रहिरास साहिब के पाठ से किया गया। इसके पश्चात बीबी जसप्रीत कौर खालसा के जत्थे द्वारा प्रस्तुत गुरबाणी कीर्तन पर संगत ने 'बोले सो निहाल' और 'वाहेगुरु' के जयकारों से वातावरण को गुरुवाणीमय बना दिया। इस अवसर पर स्व. बाबूराम सैनी, स्व. इंद्रावती सैनी सहित अन्य दिवंगत आत्माओं की स्मृति में विशाल एवं ऐतिहासिक लंगर आयोजित किया गया। लंगर के आयोजक समाजसेवी नितिन सैनी सर्राफ एवं उनके परिवार को गुरुद्वारा प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं नगर के सामाजिक-धार्मिक संगठनों का सराहनीय योगदान रहा।

### राज्य महिला आयोग की सदस्या का स्वागत



**धामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता देवी सैनी के धामपुर पहुंचने पर ग्राम जैतरा में उनका भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। शिव मंदिर के निकट ग्राम प्रधान सुनीता देवी चौहान एवं उनके पति आदित्य वीर सिंह चौहान एडवोकेट के आवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त ग्राम निवासी राजीव कुमार सैनी पिंटू के आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में भी महिला आयोग सदस्य का फूलमालाओं और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों ने महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर आयोग की भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम में पब्लिक इंटर कॉलेज जैतरा के प्रबंधक सतीश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सिसोदिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महिला आयोग सदस्य सुनीता देवी सैनी ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए आयोग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### मुस्लिम फंड ने बांटे कंबल



**हल्दौर।** मौहल्ला खेड़ा में मुस्लिम फंड बसी किरतपुर की शाखा द्वारा ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नि:शुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत करीब 40 जरूरतमंद महिला एवं पुरुषों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर प्रतिनिधि मौहम्मद सईम राजा ने कहा कि मुस्लिम फंड बिना किसी भेदभाव के सर्व समाज के लोगों को बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक सहयोग भी उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता के माध्यम से समाज में आपसी भाईचारे, सौहार्द और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करना है। उन्होंने बताया कि सामाजिक सेवा मुस्लिम फंड की प्राथमिकताओं में प्रमुख रूप से शामिल है और भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में मौहम्मद हसीनुद्दीन, यामीन अंसारी, अंजार अंसारी, इमाम मुफ्ती अब्दुल्लाह, मौहम्मद सलमान एवं गौरव कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कम्पोजिट सिलेंडर की लॉचिंग



**नजीबाबाद।** भारत गैस एजेंसी पर भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा ग्रहणियों की सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए नए उत्पाद कम्पोजिट सिलेंडर की लॉचिंग कम्पनी के अधिकारी हैड एलपीजी नार्थ राजेश कुम्भारे, स्टेट हैड सुरेन्द्र डोगरा, प्रादेशिक प्रबन्धक सुकेश चन्द्रशेखर व मैनेजर एलपीजी सेल्स कृष्ण कुमार गुप्ता की उपस्थिति में धूमधाम से की गयी। कम्पनी के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड अपने ग्राहकों की सेवा व सुरक्षा के लिए पूर्णत: प्रतिबध है। इसिलिए इन नए सिलेंडरों का खाली का वजन लगभग छह किग्रा. है। जिससे किसी को भी इसे उठाने में आसानी रहती है। आग लगने पर फटता भी नहीं है।

### ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्यवाही



**बिजनौर।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन गौरी शंकर ठाकुर द्वारा उत्तम शुगर मिल बरकातपुर में गन्ना परिवहन में संचालित वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। साथ ही उनके द्वारा वाहन चालकों को निर्देशित किया गया कि वह अपने वाहन में ओवर हाइट या बॉडी से अधिक गन्ने की ढुलाई न करें। बॉडी से अधिक मात्रा में संचालित करने पर वह बाहर की ओर चारों तरफ से निकल कर मार्ग पर गिरता है। जिससे अन्य वाहन चालकों को समस्या का सामना करना पड़ता है एवं इससे दुर्घटनाएं भी होती हैं। अभियान में यातायात प्रभारी रवि नयन एवं उनकी टीम ने भी कार्यवाही की। इसके अतिरिक्त वहां मौजूद वाहन चालकों एवं शुगर मिल प्रबंधक को यह भी निर्देशित किया गया कि वह अपने वाहनों में पीछे की ओर रिफ्लेक्टर युक्त चार मीटर लाल साटन कपड़ा लगाकर ही वाहन का संचालन करना सुनिश्चित करें। साथ ही स्कूली वाहनों की संचालन के समय ट्रकों का संचालन गन्ना सेंटर से कम करें। मिल प्रबंधन द्वारा इन सभी मुद्दों पर सहमति व्यक्त की गयी।

## हादसे में बाइक सवार की मौत

**शेरकोट।** हरेवली मार्ग स्थित थाने के निकट आज दोपहर सब्जियों से भरी एक टाटा मैजिक शेरकोट से हरेवली की ओर जा रहा था। वहीं दूसरी ओर से आ रही एक बाइक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद टाटा मैजिक का चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

घायल की पहचान शोएब (18 वर्ष) पुत्र मौहम्मद राजील निवासी ग्राम नूरपुर छिपरी थाना शेरकोट के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस सेवा की सहायता से घायल युवक को तत्काल सीएचसी धामपुर भेजा। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम को भेजा तथा दुर्घटनाग्रस्त टाटा मैजिक और मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर थाने ले आई। फरार चालक की तलाश के लिए पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है मृतक 7 बहन भाईयों में दूसरे नम्बर का था।

# चेयरमैन लोकेन्द्र के प्रयासों से सिहोरा मार्ग निर्माण शुरू

## क्षेत्र में खुशी की लहर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्षों से अधूरे पड़े सिहोरा मार्ग के निर्माण की औपचारिक शुरुआत कर दी गई है। मार्ग के निर्माण से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी की निरंतर मेहनत, जनसमस्याओं के प्रति सजगता और प्रभावी पहल के चलते इस मार्ग की आवश्यकता को उच्च स्तर पर प्रमुखता से रखा गया। उनके प्रयासों को निर्णायक रूप तब मिला, जब जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप ने स्वीकृति प्रदान की। सड़क निर्माण कार्य आरंभ कर दिया गया है। अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी नगर की सड़कों, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित आमजन से जुड़ी समस्याओं को लेकर लगातार सक्रिय रहते हैं। उन्होंने झालू-सिहोरा मार्ग की जर्जर स्थिति को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों के समक्ष मजबूती से पक्ष रखा, जिसका सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखाई दे रहा है। यह मार्ग कई ग्राम पंचायतों को सीधे झालू नगर से जोड़ता है। सड़क निर्माण से किसानों को अपनी फसल मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। वहीं व्यापारियों के लिए भी आवागमन सुगम होगा। क्षेत्रवासियों का मानना है कि इस मार्ग के बनने से व्यापार, कृषि और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। निर्माण कार्य शुरू होने पर किसानों एवं व्यापारियों ने मिठाई बांटकर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि वे केवल आश्वासन नहीं देते, बल्कि विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराते हैं। नगर के किसानों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी की सक्रिय भूमिका और जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप के सहयोग के लिए हृदय से आभार जताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में झालू नगर विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

# बालकिशनपुर चौराहे पर अवैध खनन

## टीम भेज कर कराएंगे मामले की जांच : एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के बालकिशनपुर चौराहे पर इन दिनों अवैध खनन का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से दिन-रात खनन सामग्री का अवैध परिवहन किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं। स्थिति यह है कि खनन माफिया बेखौफ होकर मुख्य चौराहे से होकर खनन सामग्री ढ़ो रहे हैं, जिससे न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं, बल्कि प्रशासनिक कार्यशैली भी संदेह के घेरे में आ गई है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि बालकिशनपुर चौराहे से होकर प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रालियां गुजरती हैं, जिनमें अवैध रूप से निकाली गई मिट्टी, बालू व अन्य खनन सामग्री लदी होती है। इन वाहनों के न तो वैध खनन पट्टे हैं और न ही परिवहन से संबंधित कोई अनुमति पत्र। इसके बावजूद यह अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है, जिससे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों और नगरवासियों का आरोप है कि अवैध खनन का यह खेल बिना किसी संरक्षण के संभव नहीं है। लोगों का कहना है कि जब मुख्य चौराहे से होकर खुलेआम ट्रैक्टर-ट्रालियां गुजर रही हैं, तो प्रशासनिक अधिकारियों और संबंधित विभागों की जानकारी के बिना यह सब कैसे हो सकता है। इससे कहीं न कहीं अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगना स्वाभाविक है। अवैध खनन के कारण जहां सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं क्षेत्र की सड़कों को भी गंभीर क्षति पहुंच रही है। भारी भरकम ट्रैक्टर-ट्रालियों की आवाजाही से सड़कें टूट रही हैं और राहगीरों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। खासकर रात के समय तेज रफ्तार ट्रैक्टर दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए और इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी मांग की जा रही है कि जिन अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत के चलते यह कारोबार फल-फूल रहा है, उनकी भी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय की जाए।

यदि समय रहते प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो अवैध खनन का यह कारोबार और भी विकराल रूप ले सकता है।

अब देखना यह है कि प्रशासन कब जागता है और बालकिशनपुर चौराहे पर चल रहे इस अवैध खनन के खेल पर कब शिकंजा कसता है। एसडीएम रितु का कहना है कि टीम भेजकर मामले की जांच कराएं जाने की बात कही है।

## पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को ध्यान कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कुल लगभग तीन दर्जन प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

ध्यान सत्र का आयोजन पूर्वी एसपी कार्यालय में किया गया। इस सत्र का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को मानसिक शांति, तनावमुक्ति एवं आंतरिक संतुलन का अनुभव कराना रहा, ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक सजगता और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कर सकें। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने ध्यान की सरल तकनीकों के माध्यम से गहरी शांति, एकाग्रता एवं मानसिक स्पष्टता का अनुभव किया। उपस्थित अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और कार्यकुशलता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ध्यान सत्र का मार्गदर्शन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक लवी अग्रवाल एवं सौरभ अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में पूर्व एसपी धामपुर अमित किशोर श्रीवास्तव सहित पुलिस विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिनमें मृदुल कुमार, हितेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, प्रदीप खोखर, प्रदीप कुमार, मोहित, रविंदर, फारूक अली, शिशुपाल, सराफत अली, सावन सिंह एवं साजिद अली प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## महाराजा शूरसेन जयंती पर सैनी समाज का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन की ओर से सैनी समाज के पूर्वज महाराजा शूरसेन जी की जयंती विभिन्न कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में संगठन की स्थापना से लेकर वर्तमान तक समर्पित सेवाएं देने वाले युवा व महिला पदाधिकारियों और सदस्यों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा से पधारे पूर्व सांसद एवं लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने कहा कि सैनी समाज को किसी भी राजनीतिक दल के बहकावे में आए बिना अपनी सामाजिक, शैक्षिक और बौद्धिक शक्ति को पहचानने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि वह हर प्रकार की गुलामी को त्याग कर स्वतंत्र रूप से अधिकार प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़े।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय चौधरी कुलमणि सिंह मार्ग स्थित स्टेट बैंक कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न नगरों और ग्रामों से बड़ी संख्या में सैनी समाज के लोग उपस्थित रहे। महिला नेतृत्व नूरपुर क्षेत्र से पधारी कुंतेश देवी सैनी, माता सावित्रीबाई फुले महिला जागृति मिशन की संस्थापक पूनम सैनी एवं मोनिका सैनी ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रपाल सिंह शास्त्री ने की, जबकि संचालन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी शिवम सैनी ने किया।

# विद्या भारती में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

## कुटुम्ब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण विषय पर अपने विचार रखे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान मेरठ प्रांत द्वारा सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम 2.0 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कोटद्वार मार्ग, नजीबाबाद में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रूपा चौहान, कार्यक्रम अध्यक्षा मधु अग्रवाल, जिला सह-संयोजिका फूलमाला वर्मा, संयोजिका मनु नागर और आचार्या रजनी टांक ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। मंच पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री सरिता सैनी, समाज सेविका मीनू शर्मा और अपर्णा चंद्रवंशी, कल्याणी फाउंडेशन की वंदना कोटनाला, मातृ भारती अध्यक्षा संगीता देवी तथा आचार्य कुमुद शर्मा, पूनम रानी, पूनम कुमारी और अर्चना सहित कई सम्मानित महिलाएं उपस्थित रहीं।



फूलमाला वर्मा ने अतिथि महिलाओं का शॉल ओढ़ाकर और श्रीमद्भगवद्गीता भेंट कर स्वागत किया। आचार्या मनु नागर ने उपस्थित माताओं और बहनों को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम की प्रस्तावना के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में बहनों राधिका, दीपिका, शिवाली और रिया ने समूह गीत प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता रजनी टांक ने कुटुम्ब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण विषय पर अपने विचार रखे। आचार्या मनु नागर ने एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया।

बहन साक्षी ने रानी चेन्नमा, प्रियांशी ने रानी लक्ष्मीबाई और नेहा झा ने अहिल्याबाई होल्कर जैसी प्रेरणादायी महिलाओं की भूमिकाओं की सुंदर प्रस्तुति दी। मुख्य वक्ता फूलमाला वर्मा ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका और राष्ट्र निर्माण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद एक लकी ड्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम अध्यक्षा मधु अग्रवाल ने कविता के माध्यम से महिलाओं की सप्तशक्ति का वर्णन किया। आचार्या फूलमाला वर्मा ने सभी महिलाओं को सामूहिक रूप से सप्तशक्ति कार्यक्रम का संकल्प दिलाया। आचार्या मनु नागर ने सभी अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूरन सिंह भंडारी (उपाध्यक्ष), कपिल गर्ग (कोषाध्यक्ष), केशव शर्मा, अनंत कुमार, जितेंद्र सिंह और समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**चांदपुर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत ढाली बाजार में महिला आरक्षी प्रीति तोमर, प्रियंका, प्रेरणा धामा व महिला होमगार्ड रश्मी चौधरी द्वारा रास्ते में आने जाने वाली बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया।

### क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण



**चांदपुर।** शासन की उच्च प्राथमिकताओं और कृषक हित के दृष्टिगत ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक द्वारा सचिव जितेंद्र कुमार के साथ पीबीएस फूड शुगर कंपनी के विभिन्न क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टुंगरी ए-बी, मुबारकपुर कला, गांगू नगला और इस्माईलपुर क्रय केंद्र ए-बी पर तौल कांटे मानक के अनुरूप सही पाए गए। तत्पश्चात् दोनों अधिकारियों ने गन्ना पैदावार में कमी पर चिंता और मुख्य कारण बताते हुए गन्ना कृषकों से अपनी बात साझा की तो किसानों ने गन्ने की पैदावार में आ रही गिरावट पर चिंता व्यक्त करते कहा कि जमीन में जान नहीं है जिसे उपजाऊ बनाने के लिए गहन चर्चा की। निरीक्षण के समय चीनी मिल के डेवलपमेंट हेड प्रदीप सोलंकी सहित अन्य विभागीय कर्मचारी और कृषक उपस्थित रहे।

### मेडिकल कैंप में मरीजों की जांच



**शेरकोट।** मौहल्ला कोटरा में ग्लोबल हॉस्पिटल धामपुर द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन उप निरीक्षक योगेश कुमार, कारी शहजाद व एमपी बख्शी ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। कैम्प में डा. तारिफ अहमद, डा. सुहेब अहमद, डा. जावेद सईद, डा. सेलिना, डा. वरीस आदि की देख रेख में सभी मरीजों का इलाज फ्री किया गया। कार्यक्रम में निजाम, इनामुलहक एडवोकेट, दाऊद आलम, हाफिज अफजाल, शब्बन खान मिमबर,म ौलाना इलियास, अफसार अहमद, सोनू, शलम नवाज, मास्टर नौशाद, फैसल नवाज, जियाउद्दीन, डा. शुजा, अतीक अहमद, शहजाद अहमद, अल्तमस आदि मौजूद रहे।

### धारदार हथियार से हमला



**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम आंकू निवासी सोनू पुत्र चंद्रपाल सिंह ने बताया कि वह जंगल जा रहा था। ग्राम के ही दो युवकों ने उसे रोक लिया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। जब उसने विरोध किया, तो धारदार हथियार से उसे हमला कर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचाया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि जांच की जा रही है।

### दुकान का गल्ला तोड़कर चोरी

**नांगल सोती।** कमराजपुर निवासी इस्लामुद्दीन ने चंदक-नांगल मार्ग पर अनस सीमेंट स्टोर के नाम से दुकान खोल रखी है। आज दोपहर इस्लामुदीन का पुत्र अनस दुकान पर बैठा था, तभी दुकान पर दो युवा ग्राहक बनकर आए। उन्होंने अनस से पाइप खरीदने को कहा, जिसके बाद वह एक युवक को पाइप दिखने गोदाम में चला गया। एक युवक दुकान पर ही बैठा रहा। दोनों युवक बिना खरीदारी किए ही वहां से चले गए। अनस ने देखा कि दुकान का गल्ला टूटा हुआ है और उसमें रखे लगभग 8 से 9 हजार रुपए गायब है। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, लेकिन चोरों की पहचान नहीं हो सकी। इस घटना के बारे में नांगल थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है, जल्द ही चोर पकड़ लिए जाएंगे।

### नकब लगाकर शराब की दुकान में चोरी

**बिजनौर।** चोरों ने देशी शराब व बीयर की दुकान में नकब लगाकर लाखों की चोरी कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। ग्राम पूरनपुर-तीबड़ी रोड पर देशी शराब व बीयर की दुकान है। चोरों ने इस दुकान में नकब लगाकर दुकान से करीब 25 पेटी देसी शराब, 20 पेटी बीयर व गल्ले में रखे करीब चालीस हजार चोरी कर लिए। शनिवार की सुबह जब स्टाफ दुकान पर पहुंचा, तो उन्हें दुकान में चोरी होने का पता चला। चोर दुकान में लगे कैमरे व डीवीआर भी ले गये।

### भूमि अवैध कब्जा मुक्त कराने की मांग

**बिजनौर।** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम तीबड़ी निवासी कुछ लोगों ने एक व्यक्ति पर रास्ते की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में कहा गया है कि ग्राम निजामपुर खोड़ा में खसरा नम्बर दस में सार्वजनिक रास्ता दर्ज है। रावेल सिंह ने रास्ते की भूमि के सार्वजनिक रास्ते की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है, जिससे लोगों को परेशानी होगी। शिकायती पत्र में रास्ते की सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जा हटाये जाने की मांग की गयी है। शिकायती पत्र देने वालों में उपेन्द्र कुमार, ब्रजबाला, नाहर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, दीपक कुमार, भूमिका आदि शामिल रहे।

### चोरों की गिरफ्तारी की मांग

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के गांव फड़ियापुर में एक माह पूर्व हुई नलकूपों से चोरी की बड़ी घटना का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। करीब 12 नलकूपों से मोटर स्टार्ट, तार सहित अन्य कीमती सामान चोरी होने के बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। घटना के बाद ग्राम प्रधान सुधीर कुमार सहित किसान जसवंत सिंह, मनोज, चंद्रवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, राहुल, देवेंद्र सिंह, नरेंद्र आदि ने थाने में तहरीर दी थी। चोरों द्वारा हजारों रुपये का सामान चोरी किए जाने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि चोरी के कारण सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिससे फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस की रात्रि गश्त न के बराबर है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही चोरी की घटनाओं का खुलासा कर चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## एक नजर

### मंडावली पुलिस पर गंभीर आरोप



**भागूवाला।** थाना मंडावली क्षेत्र में अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं अधिक ऊंचाई वाले डंपरों के संचालन को लेकर अब हालात बेहद गंभीर हो चुके हैं। ग्राम मोहनपुर मंदिर के पास, जटपुरा, मोटा महादेव मार्ग पर हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत के बाद न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली, बल्कि हल्का नंबर तीन की पूरी व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। यह मामला इसलिए भी संवेदनशील है, क्योंकि इसी हल्का नंबर तीन क्षेत्र में बीते एक महीने के भीतर सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद अवैध खनन और ओवरलोड डंपरों पर प्रभावी कार्रवाई न होना, प्रशासनिक लापरवाही की ओर साफ इशारा करता है। बताया जाता है कि कल हुए हादसे में पुलिस ने मृतक की पहचान नितिन कुमार पुत्र देवेंद्र कुमार, निवासी आनंदपुरी, जनपद मुजफ्फरनगर के रूप में की थी। उसे डंपर संख्या यूपी 12 सीटी 4883 का चालक बताया गया है। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों की गवाही पुलिस के इस दावे से मेल नहीं खाती। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि नितिन कुमार वास्तव में डंपर संख्या यूपी 12 सीटी 3931 का चालक था, न कि 4883 का। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों डंपर एक ही मालिक के बताए जा रहे हैं। हादसे के समय दोनों डंपरों के चालक करण मिस्त्री की दुकान के पास सड़क किनारे खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए ओवरलोड डंपर यूके 15 सीटी 0909 ने यूपी 12 सीटी 4883 में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टक्कर मारने वाले वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दूसरा चालक खतरा भांपकर मौके से हट गया। जबकि नितिन कुमार टक्कर की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### हथिनी का शावक पीलीभीत टाइगर रिजर्व भेजा



**बढ़ापुर।** दो सप्ताह पहले विजयसिंहपुर (बढ़ापुर) वन रेंज की बीट रामजीवाला में एक हथिनी ने एक नर शावक को जन्म दिया था। जन्म के कुछ देर बाद ही हथिनी शावक को छोड़कर चली गई थी। गश्त के दौरान गढ्ढे में शावक के कराहने की आवाज सुनकर वन विभाग की टीम ने पूरे दिन हथिनी का इंतजार किया था। लेकिन हथिनी वापस नहीं लौटी थी, तभी से वन विभाग की टीम व पीलीभीत और मथुरा से पहुंची विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम शावक को उसकी बिछड़ी मां से मिलाने के प्रयास में लगी थी। लेकिन इतने दिन बीतने पर भी सफलता नहीं मिलने पर बढ़ापुर वन विभाग की टीम ने शावक को फूलों की माला पहनाकर पीलीभीत टाइगर रिजर्व के लिए रवाना किया है।

### हादसे में साइकिल सवार घायल



**नहटौर।** ग्राम रूखड़ियो निवासी अतुल कुमार बीती शाम साइकिल से अपने घर की ओर जा रहा था। झालू मार्ग पर ग्राम रूखड़ियों के पास ही एक अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिसमें अतुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया।पुलिस मौके पर पहुंची है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि अज्ञात वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### अनाज मंडी में चोरी

**किरतपुर।** रात्रि में बढ़तअी ठंड के चलते सन्नाटे का फायदा उठाकर चोर सक्रिय हो गए हैं। अनाज मंडी में अमन गोयल व अनुपम गोयल की अनुपम ट्रेडर्स नाम से किराना दुकान है। दुकान स्वामी अमन गोयल ने बताया कि वह बीती रात करीब साढ़े आठ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो जीने का दरवाजा टूटा हुआ मिला तथा दीवार में कुंबल लगा पाया गया। चोरों ने दुकान के गल्ले से लगभग 25 हजार रुपये की नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने बताया कि दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं थाना प्रभारी (एसएचओ) श्रीमती पुष्पा देवी ने बताया कि रात्रि पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार चोरी की परिस्थितियों को देखते हुए इसे संदिग्ध माना जा रहा है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### समाधान दिवस में 20 शिकायतें दर्ज




**नगीना।** तहसील सभागार में वर्ष 2025 का अंतिम तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सीडीओ रण विजय सिंह की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने उपस्थित लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। शेष अनिस्तारित 17 शिकायतों के निस्तारण के लिए एसडीएम ने समय सीमा के अंदर समाधान के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को गुणवत्ता के आधार पर शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शिकायत निस्तारण में कोई लापरवाही पाई गई, तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने मौजूद अधिकारियों, फरियादियों आदि को साइबर क्राइम पर जागरूक करते हुए कहा कि सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। धोखा मिलने पर बहुत कुछ खो जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के प्रलोभनों के झांसे में न आएं, आनलाइन ट्रांजेक्शन करते वक्त सावधानी बरतें, अपना ओटीपी या पिन किसी के साथ साझा न करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी रण विजय सिंह, उपजिलाधिकारी विजय शंकर, एसडीएम न्यायिक व अधिशासी अधिकारी नगरपालिका नगीना आशुतोष जायसवाल, क्षेत्राधिकारी डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार अमर पाल सिंह, नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा और बीडीओ ज्योति चौधरी ने मामलों की सुनवाई की तथा तहसील क्षेत्र के लगभग सभी विभागों से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी चोरी

## आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** फर्जी कागजात लगाकर बोगस फर्म खोलने और जीएसटी चोरी करने के मामले में जीएसटी विभाग ने फर्म के संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएसटी अधिकारी द्वारा थाना नगीना पर दी गई तहरीरी शिकायत में कहा गया है कि मौहल्ला धन की रेती पते पर रजिस्टर्ड जनता ट्रेडिंग कम्पनी, जीएसटीएन-09AONPR8524B2 ZM द्वारा 11 सितंबर 2017 से केन्द्रीय क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत पंजीयन प्राप्त किया गया है। फर्म का पैन AONPR8524B है। शहीद नगर नूरपुर निवासी फर्म स्वामिनी रुखसाना पुत्री सईदुद्दीन द्वारा पंजीयन प्राप्त करते समय रू. 100.00 के स्टाम पेपर पर किरायानामा अपलोड किया गया है, जिसके अनुसार उनके द्वारा एक दुकान जो कि मौहल्लस धन की रेती नगीना में स्थित है। असगर पुत्र अब्दुल्ला से रुपए 500.00 प्रतिमाह किराए पर 11 माह के लिए लिया जाना घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त केवल एक अन्य प्रपत्र बैंक खाते के पासबुक की मुख पृष्ठ की छायाप्रति जीएसटी पोर्टल पर अपलोड की गयी है, जिसके अनुसार फर्म स्वामिनी का खाता स्टेट बैंक आफ इण्डिया शाखा-नूरपुर में है, परन्तु अपलोड की गयी पासबुक से बैंक खाता पढ़ने में नहीं आ रहा है। पोर्टल पर फर्म स्वामिनी के फोटो की प्रति भी उपलब्ध है। फर्म जनता ट्रेडिंग कंपनी द्वारा जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन प्राप्त किया गया है।

जीएसटी पोर्टल पर व्यापारी की माह सितम्बर से दिसम्बर की अवधि में खरीद सम्बन्धित आंकड़े जीएसटीआर-2ए में प्रदर्शित हो रहे है जिसके अनुसार उपलब्ध आईटीसी रु. 135379.64 की है, जबकि व्यापारी द्वारा उक्त अवधि हेतु दाखिल जीएसटी रिटर्न जीएसटीआर-3बी में रु. 13,31,385.00 की आईटीसी क्लेम की गयी है। इस प्रकार व्यापारी द्वारा जीएसटीआर-3बी में रु. 11,96,005.36 की आईटीसी बोगस रुप से अधिक क्लेम की गयी है। फर्म द्वारा जीसटी पोर्टल पर वर्ष 2017-18 के माह सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर हेतु जीएसटीआर-01 दाखिल नहीं किया गया है। फर्म द्वारा माह सितम्बर हेतु जीएसटीआर-3बी शून्य का दाखिल किया गया है। फर्म द्वारा माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर हेतु दाखिल जीएमटीआर-3बी में रु. 61566640.00 की आउटवर्ड सप्लाई घोषित करते हुए आईजीएसटी रू. 292131.00 सीजीएसटी रु. 132193.00, एसजीएसटी रु. 132193.00 एवं CESS-0796224.00 की करदेयता स्वीकार की गयी है, जिसे आईटीसी से समायोजित करते हुए नकद कर के रूप में मात्र रु. 21356.00 जमा किया जाना घोषित किया गया है।

जांच पर यह पाया गया कि फर्म द्वारा जीएसटीआर-2ए में प्रदर्शित आईटीसी से अधिक आईटीसी जीएसटीआर-3बी में बोगस रूप से क्लेम करते हुए देयकर को अदा किया जाना घोषित किया गया है। विशेष अनुसंधान शाखा, इकाई बिजनौर द्वारा उक्त फर्म के घोषित व्यापार स्थल पता मौहल्ला धन की रेती की जांच दिनांक 20 जनवरी 2018 को उपस्थित पंचों राजकुमार विश्नोई पुत्र स्व. नेमीशरण निवासी विश्नोई सराय धन की रेती, नगीना एवं अर्जुन सिंह पुत्र रामचरन सिंह दुकान अर्जुन मेडीकल स्टोर धन की रेती नगीना की उपस्थिति में की गयी। जांच के समय फर्म दिये गये पते पर अस्तित्व में नहीं पायी गयी। स्थानीय निवासियों द्वारा स्वामिनी फर्म के विषय में अनभिज्ञता व्यक्त की गयी। इस प्रकार प्रश्नगत फर्म एवं स्वामिनी फर्म दोनों अस्तित्वहीन पाए गए। उपरोक्त से स्पष्ट है कि सर्वश्री जनता ट्रेडिंग कम्पनी फर्म स्वामिनी रुखसाना द्वारा करापवंचन के उददेश्य से बिना कोई व्यापार किये जीएसटी पोर्टल पर दाखिल रिटर्नी में बिक्री प्रदर्शित करते हुये वास्तविक रूप में कर जमा न करते हुए बोगस आईटीसी के माध्यम से कर जमा किया जाना घोषित करते हुए राजस्व क्षति की गयी है। शिकायती पत्र के अंत में जीएसटी अधिकारी द्वारा राजस्व हित में उक्त फर्म स्वामिनी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता के सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नगीना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## ठंड में लापरवाही बन सकती है जानलेवा : डा. मनोज वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने वाले डा. मनोज वर्मा ने बढ़ती ठंड को देखते हुए नगरवासियों से सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही भी बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है।



डा. मनोज वर्मा ने कहा कि हृदय रोगियों और सांस से संबंधित बीमारियों जैसे अस्थमा, सीओपीडी आदि से पीड़ित लोगों के लिए सर्दी का मौसम अत्यंत संवेदनशील होता है। ठंड के कारण रक्त नलिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे हार्ट अटैक, सांस फूलना और सीने में जकड़न जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। उन्होंने ऐसे मरीजों को सुबह-शाम ठंडी हवा में बाहर निकलने से बचने, शरीर को पूरी तरह ढककर रखने और नियमित दवाइयों का सेवन करने की सलाह दी। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि डायबिटीज, शुगर, हाई ब्लड प्रेशर और अन्य पुरानी बीमारियों से ग्रसित मरीजों को इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। ठंड में शारीरिक गतिविधि कम हो जाने से शुगर और बीपी असंतुलित हो सकता है। उन्होंने कहा कि समय समय पर जांच कराना, हल्का व्यायाम करना, संतुलित आहार लेना और गुनगुना पानी पीना बेहद जरूरी है। बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाइयों में बदलाव न करें। उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों को लेकर कहा कि उन्हें ठंड से बचाना समाज और परिवार की जिम्मेदारी है। बच्चों को ठंडे पानी और खुले में बिकने वाली ठंडी चीजों से दूर रखें। बुजुर्गों को पर्याप्त गर्म कपड़े पहनाएं और सर्दी जुकाम, खांसी या बुखार के शुरुआती लक्षण दिखते ही तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। क्योंकि मामूली संक्रमण भी गंभीर बीमारी का रूप ले सकता है। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल इलाज करना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करना है। उन्होंने अपील की कि ठंड के मौसम में अपने परिवार के साथ-साथ आसपास के जरूरतमंद बुजुर्ग और बेसहारा लोगों का भी ध्यान रखें।

## समाज सेवा और संवाद की राजनीति का नाम अरुण वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार वर्मा आज केवल एक राजनीतिक चेहरा नहीं, बल्कि समाज और व्यापार जगत के बीच सेतु के रूप में पहचाने जाते हैं। वे उन नेताओं में गिने जाते हैं जो पद और राजनीति से ऊपर उठकर जनसंवाद और जनसेवा को प्राथमिकता देते हैं। सादगी स्पष्ट विचार और सकारात्मक दृष्टिकोण उनकी पहचान बन चुकी है। अरुण कुमार वर्मा का मानना है कि किसी भी नगर का वास्तविक विकास तभी संभव है जब व्यापारी, युवा, महिला और वरिष्ठ नागरिक सभी वर्ग साथ चलें। इसी सोच के साथ वे समय-समय पर व्यापारियों की समस्याएं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों पर भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। चाहे वह स्वच्छता का विषय हो, सामाजिक एकता हो या जरूरतमंदों की मदद। वे हर जगह अपनी भागीदारी निभाते दिखाई देते हैं। राजनीति में रहते हुए भी अरुण कुमार वर्मा ने संवेदनशीलता और विनम्रता को कभी नहीं छोड़ा। आमजन से सीधा संवाद, फोन पर उपलब्धता और मौके पर पहुंचने की उनकी आदत ने उन्हें जनता के बीच भरोसेमंद बनाया है। यही कारण है



कि व्यापारी वर्ग ही नहीं बल्कि आम नागरिक भी उन्हें अपनी बात कहने में सहज महसूस करते हैं। समाज के प्रति उनकी सोच केवल भाषणों तक सीमित नहीं है। वे मानते हैं कि सकारात्मक पहल छोटे स्तर से शुरू होकर बड़ा परिवर्तन ला सकती है। इसी विचार के साथ वे युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने, व्यापार में नैतिकता और सेवा भाव बनाए रखने तथा सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने की बात लगातार करते रहे हैं। कुल मिलाकर अरुण कुमार वर्मा एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरते हैं जो राजनीति को सेवा का माध्यम मानते हैं।

स्योहारा जैसे नगर के लिए ऐसे नेता समाज की वास्तविक आवश्यकता हैं जो न केवल विकास की बात करें, बल्कि विश्वास, सहयोग और सद्भाव के साथ आगे बढ़ने का रास्ता भी दिखाएं है।

# कांग्रेस नगराध्यक्ष ने बांटे गरीबों को लिहाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय कांग्रेस नगर अध्यक्ष साजिद अली खां एवं उनके पुत्र वरिष्ठ समाजसेवी मौहम्मद आवेश खां (सी.ए.) की ओर से एक लिहाफ वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग एक हजार जरूरतमंदों को लिहाफ वितरित किए गए।

मौहल्ला अफगानान स्थित साजिद अली खां के आवास पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता पूर्व आईएएस अधिकारी आर.के. सिंह ने की, जबकि पूर्व सांसद श्रीमती ओमवती मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर. के. सिंह ने कहा कि साजिद अली खां एवं उनका परिवार समाज सेवा की भावना से ओतप्रोत है। लॉकडाउन के दौरान गरीबों और



असहायों की जिस प्रकार से मदद की गई, वह सराहनीय और अनुकरणीय है। यह परिवार समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता करता रहता है। मुख्य अतिथि श्रीमती ओमवती ने कहा कि कड़ाके की सर्दी में जरूरतमंदों को लिहाफ वितरित करना एक पुण्य का कार्य है और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। इस अवसर पर साजिद अली खां ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद कर उन्हें आत्मिक संतोष मिलता है। इसी भावना के तहत आज एक हजार लिहाफों का वितरण किया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुबाशिर जमा खां ने कहा कि सर्द मौसम में गरीबों और असहायों का विशेष ध्यान रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुदस्सिर जमा खां ने इस पहल को सराहनीय बताया।

समारोह में वरिष्ठ सपा नेता साईम राजा, वरिष्ठ आसपा नेता शाहिद अली खां, अब्दुल मालिक खां, रियाज जैदी, बाबू डूंगर सिंह, मौहम्मद आरिफ एडवोकेट (बढ़ापुर), हिमायूं बैग, मौहम्मद गयूर, वसीम, अकरम, सलेक चंद, अनिल त्यागी, सोनी मिर्जा, जावेद खां (मंडावर), एडवोकेट रफत खान, एडवोकेट अशरफ जमील, अंजुम खां, एजाज कुरैशी, मोहम्मद उजैर, मौहम्मद आसिफ, इकबाल, कारी सलीम, फाहद खां, मुफ्ती सुहेल, नावेद खां, पूर्व सभासद फिरासत अहमद, हसन अली चौधरी, सुलेमान अंसारी, हाजी नसीम अंसारी, इस्लाम मेंबर, उस्मान शूटर सहित जिले भर से आए कांग्रेसजन, समाजसेवी, धर्मगुरु एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# पानी की टंकी का निर्माण अधर में लटका

## पेयजल संकट गहराने से ग्रामीणों में आक्रोश, शीघ्र निर्माण की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ग्राम कोटरा में जल जीवन मिशन योजना धीमी गति से चल रही है। गांव में पानी की टंकी का निर्माण दो साल पहले शुरू हुआ था लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। टंकी का निर्माण कार्य एक साल से रुका होने के कारण गांव में पानी की किल्लत बनी हुई है और कोटरा निवासियों को खराब पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है और उनमें काफी आक्रोश है। टंकी के अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने के लिए प्रयासरत ग्राम प्रधान आफताब अंसारी शनिवार को तहसील समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों के सामने भी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे जहां उन्हें समाधान का आश्वासन दिया गया।

जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना है। जिन ग्राम पंचायतों में पानी टंकी नहीं बनी वहां पर पानी टंकी बनाने के निर्देश हैं। ग्राम कोटरा में



बजट जारी हुआ, निर्माण भी शुरू हुआ, लेकिन करीब दो वर्षों में इस योजना को पूरा नहीं किया जा सका। एक वर्ष से रुके निर्माण को लेकर गांव के लोगों में आक्रोश है।

तहसील समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे ग्राम प्रधान आफताब अंसारी ने कहा कि ग्राम कस्बा कोटरा में वर्ष 2022-23 में पानी की टंकी का निर्माण का जीवन मिशन द्वारा शुरू किया गया था जो आज तक पूरा नही किया गया है। एक पर्ष से पानी की टंकी का निर्माण कार्य बन्द है। जो आज तक अधूरा पड़ा है। कई बार उनसे बात की गयी लेकिन उनके द्वारा आज तक न तो निर्माण कार्य पूरा किया गया और न ही पानी के कनेक्शन का कार्य पूरा किया गया। पानी की सप्लाई न होने से ग्राम वासियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनके द्वारा टंकी के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की फरियाद को लेकर एसडीएम विजय शंकर का कहना है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता कर समय पर कार्य पूरा कराया जाएगा।

## एक नजर

### राजस्व विभाग की टीम ने की पैमाईश



**नहटौर।** मौहल्ला धर्मशाला में खसरा नंबर 693 पर जमीनी विवाद को लेकर राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि मुकेश गुप्ता व रिंकू राठी के बीच इस जमीन को लेकर विवाद पैदा हुआ है। दोनों पक्ष उक्त जमीन को अपना अपना बताते हुए दावा कर रहे हैं। पूर्व में मुकेश गुप्ता का कब्जा चला आ रहा है। कुछ दिन पूर्व रिंकू राठी ने मौहल्ला हाथीवाला मंदिर निवासी शाहरुख से करीब ढाई बीघा भूमि का बैनामा कराया और दाखिल खारिज होने के बाद रिंकू राठी पक्ष ने उक्त जमीन पर अपना बताते हुए टेंट गाड़ दिया। इसके बाद विवाद और बढ़ गया। सूचना पर नायब तहसीलदार राजकमल सिंह, हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, कानूनगो ओमवीर सिंह, थाना अध्यक्ष धीरज नागर मौके पर पहुंचे और उक्त भूमि की पैमाईश शुरू की है। नायब तहसीलदार राजकमल सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल मौजूद है।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



**चांदपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर पंचायत सहायक एवं ग्राम सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में विकास खण्ड सभागार जलीलपुर में आयोजित किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम द्वारा फैमिली आईडी बनाने के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम बनाकर, पुस्तकालय बना कर पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वाबलम्बी बना सकती है। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम, जितेन्द्र कुमार, ममता सैनी, रजत व पंचायत सहायक एवं सचिव मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में 300 रोगियों की जांच



**चांदपुर।** विवेक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड वैलनेस सेंटर बिजनौर के तत्वावधान में ग्राम खानपुर खादर में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 300 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया, जिनकी जांच कर परामर्श दिया गया। वहीं 65 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद की शिकायत होने पर ऑपरेशन के लिए चुना गया। डा. अर्चित ने बताया कि शिविर में लगभग 100 मोतियाबिंद रोगियों का चयन किया गया। मरीजों की सुविधा के लिए विवेक हॉस्पिटल की एक बस ग्राम खानपुर खादर से बिजनौर अस्पताल लेकर जायेगी। ऑपरेशन उपरांत मरीजों की ग्राम खानपुर खादर तक सकुशल वापसी कराई जाएगी। नेत्र चिकित्सा शिविर में मार्केटिंग मैनेजर संजीव शर्मा, ऑपरेशन मैनेजर अरुज रजा जैदी, डा. अर्चित कुमार, स्पर्श सोती, विनय शर्मा, लवकुश शर्मा, अभिषेक वालिया, आस्था चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार कौशिक, यशपाल सिंह, धर्मपाल सिंह यादव, राजकुमार, नीरज कुमार कर्णवाल आदि का सहयोग रहा।

### तेलीपुरा में क्रिकेट टूर्नामेंट



**राजा का ताजपुर।** ग्राम तेलीपुरा में तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल ताजपुर व मुकरपुरी के बीच खेला गया। ताजपुर की टीम के कप्तान फुरकान अहमद अंसारी ने टॉस जीता और टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में सात विकेट पर अस्सी रन बनाए। मुकरपुरी की टीम ने रनों का पीछा करते हुए आठ ओवर में कुल पचास रन बनाए। ताजपुर के वरुण कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्हें मुख्य अतिथि पत्रकार मुजाहिद फारूकी ने पुरस्कार दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान मोहित कुमार, रहीस सलमानी, पंकज कुमार त्यागी, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### भाकियू की मासिक पंचायत



**बिजनौर।** किसानों की समस्याओं और मांगों को लेकर गन्ना समिति में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक पंचायत आयोजित की गयी। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने किसान समस्याओं पर चर्चा और उनके समाधान के लिए आंदोलन तेज करने पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि जिले भर में शुगर मिल गेट और उनके क्रय केंद्रों पर घटतौली की जा रही है। किसान पूरे साल दिन रात एक करके अपने खून पसीने से फसल तैयार करता हैं। लेकिन शुगर मिलों द्वारा किसानों को ठगने का काम किया जाता है। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि सतर्कता के साथ घटतौली पर ध्यान रखें। जिले भर में जहां भी घटतौली की सूचना प्राप्त होगी, वहीं पहुंचकर सम्बंधित अधिकारियों से कार्यवाही करायी जाएगी। किसानों के बीच पंचायत में पहुंचे नायाब तहसीलदार सार्थक चावला को अपने बीच बैठाकर किसानों की प्रमुख समस्याओं और मांगों से अवगत कराया और मुख्यमंत्री को सम्बोधित किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं और मांगों का एक मांग पत्र सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग उठायी। तहसीलदार ने जनपद स्तर की सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।


# खतरनाक सांप से घिरी गाय का कुएं से सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** निरंतर जान पर खेलकर खतरनाक साँपो को पकड़कर उन्हे मारने के बजाए जीवनदान दिला रहे सर्पमित्र ने अपनी जान की परवाह किए बिना कुंअे गिरकर सांप से घिरी बेजबान गाय को कुंए मे गाय का रेस्क्यू किया वहीं सर्प को कब्ज़े में कर जंगल में छोड़ा।

**0 डायल 112 की सूचना पर चलाया गया रेस्क्यू अभियान**

दर असल रविवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम मिलक सैंजना में विचरण कर रही आवारा गाये ऐ गहरे कुंअे में गिर गयी। ग्रामीणों ने कुंअे के अंदर झांककर देखा तो शोर मच गया,क्योंकि कुंअे में गिरी गाय के सामने एक खतरनाक सांप फन फैलाये अपना आहार बनाने का प्रयास कर रहा था। गाय गिरने की सूचना डायल 112 को दी गई तो डायल 112 पर तैनात पुलिस गांव पहुंच गयी।तत्काल पुलिस कर्मियों ने सर्पमित्र जियाउल को रेस्कयू के लिए बुलाया। कुंअे में गाय और उसके पास खतरनाक सांप को देखकर लोगों की हिम्मत जवाब दे रही थी,लेकिन सर्प मित्र ने दोनों का रेस्क्यू करने की जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल रस्सी का प्रबंध करने की मांग की। डायल 112 की पुलिस ने ग्रामीणों संग रस्सों का प्रबंध किया। रस्सी के सहारे जियाउल को कुंऐ मे उतारा गया। सर्प मित्र ने कुंअे में खतरनाक सांप को अपने कब्ज़े में किया और उसे बाहर निकालकर जंगल की और छोड़ दिया। इसके बाद घायल गाय को दो रस्सों की मदद से बमुश्किल खींचकर बाहर निकाला गया और उपचार कराया। निरंतर सांपो का रेस्क्यू करते आ रहे जियाउल की हिम्मत और जज्बे ने न केवल गोवंश की सांप से जान बचायी बल्कि दोनों का सुरक्षित रेस्क्यू किया। जियाउल के इस जज्बे की ग्रामीणों ने जमकर प्रशंसा की। बता दें बेज़बानों को बचाने के लिए जियाउल हर रोज कहीं न कहीं इसी तरह रेस्क्यू करते आ रहे हैं। वह बेजबान सांप को मारने नहीं देते बल्कि उसको पकड़कर जंगल में छोड़ देते है। निरंतर खतरनाक सांपो को पकड़ रहे जियाउल की हर ओर प्रशंसा हो रही है।



सम्भल- कुएं से खतरनाक सांप निकालकर लाते व गाय को रेस्क्यू करते सर्प मित्र जियाउल।

# ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित करना बहुत ही महत्वपूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सोशल मीडिया एवं फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स जैसे संवादी माध्यमों की भीड़ में पत्र लेखन और श्रुतलेख तथा सुलेख जैसी रचनात्मक विधाओं को जागृत रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम द्वारा स्थानीय शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में पत्र लेखन श्रुतलेख एवं सुलेख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें 20 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साह एवं उमंग पूर्वक प्रतिभाग किया।'
'कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष, विशिष्ट अतिथि योगेंद्र कुमार शर्मा, संस्थापक डा. डी एन शर्मा, संस्था अध्यक्ष डा. विजय लक्ष्मी शर्मा, महामंत्री पूनम शुक्ला, उपमंत्री पूजा शर्मा और विशेष अतिथि नवीन कुमार शर्मा द्वारा सामूहिक मां सरस्वती के समक्ष

**0अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम ने आयोजित कराई प्रतियोगिता**

सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए समारोह संस्थापक डा. डी एन शर्मा ने कहा कि आज पत्र लेखन श्रुतलेख और सुलेख जैसी ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित करना बहुत ही महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि नवीन कुमार शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का भविष्य बहुत ही उज्जवल बनेगा। विशिष्ट अतिथि योगेंद्र कुमार शर्मा ने कहा की प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर 11 जनवरी 2026 को आर्य समाज होने मोहल्ला ठेर पर आयोजित होने वाले समारोह में सम्मानित किया जाएगा।इस मौके पर विशेष कुमार, विमलेश, नीलम देवल राकेश विजेंद्र नीलम जागेश टेकचंद निर्मल प्रधानाचार्य संतोष कुमार शर्मा विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# किसानों की खुशहाली विकास का मूलमंत्र

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर गुन्नौर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार की किसानों को मिल रही योजनाओं की जानकारी दी। इससे उनको लाभ को बताया।
भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने कहा कि अन्नदाता किसानों की खुशहाली और समृद्धि ही राज्य या देश के विकास का मूल है। अगर देश और राज्य के अन्नदाता किसान खुशहाल और समृद्ध होंगे, तो देश विकास के पथ पर निरन्तर अग्रसर रहेगा। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने कहा था कि देश के विकास का रास्ता गांव के खेत और खलिहानों से होकर जाता है। विगत 11 वर्षों में भारत के अन्नदाता किसानों को खेती-किसानी को समृद्ध करने, कृषि व्यवस्थाओं को आसान करने और कृषि कार्यों से जुड़े कृषक परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए तमाम योजनाएं लागू की गई, जिससे देश और प्रदेश के किसान खुशहाली की एक नई राह पर चल पड़े हैं। पहले धरती मां, जो हमारा पेट भरती है, उनके उपचार के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के बाद पहली बार पूरे देश में स्वॉयल हेल्थ कार्ड की व्यवस्था प्रारम्भ की गयी।


**0सरकार की योजनाओं का बखान, किसानों की उपज का मुनाफा बिचौलियों से बचाने ओर उचित मूल्य दिलाने को क्रय केन्द्र किए स्थापित**

स्वॉयल हेल्थ कार्ड के माध्यम से मृदा का परीक्षण किया जाता है। पूरे देश में अन्नदाता किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वन नेशन वन मण्डी आदि योजनाओं की लम्बी श्रृंखला संचालित है। भाजपा नेता हर्षित वार्ष्णेय ने कहा कि अन्नदाता किसानों को अब अपनी उपज को एक मण्डी से दूसरे मण्डी ले जाने पर टैक्स नहीं लगता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत अन्नदाता किसानों को 06 हजार वार्षिक धनराशि दी जाती है। देश के 12 करोड़ किसान इससे लाभान्वित हो रहे हैं। यह धनराशि प्राप्त हो जाने से किसान अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहते हैं। प्रदेश में विगत 08 वर्षों में 23 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि को सिंचाई की सुविधा प्रदान की गयी। अर्जुन सहायक परियोजना, बाणसागर परियोजना, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना विगत कई वर्षों से लम्बित पड़ी थीं, उन्हें प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से जोड़ा गया। केन्द्र व राज्य सरकार के नेतृत्व में इन परियोजनाओं को पूर्ण कराकर अन्नदाता किसानों को पानी की सुविधा प्रदान की गयी। प्रदेश सरकार ने 16 लाख निजी नलकूपों के विद्युत बिल को माफ किया। भाजपा नेता जूलियस सीजर ने कहा कि किसानों की उपज का मुनाफा बिचौलियों से बचाने और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में कई क्रय केन्द्र स्थापित किये गये। प्रदेश सरकार ने तय किया कि क्रय केन्द्रों के माध्यम से जिस किसान के नाम पर भूमि होगी, उसी से उपज को क्रय किया जाएगा तथा एम.एस.पी. (न्यूनतम समर्थन मूल्य) का सीधा लाभ अन्नदाता किसानों को प्राप्त होगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता व लोग रहे।

# डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल को स्वच्छ व हरित विद्यालय में 5-स्टार रेटिंग

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, इन्द्रा धाम, बबराला ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति और सामाजिक दायित्व के प्रति प्रतिबद्वता का परिचय देते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित 'स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (2025-26)' के अंतर्गत 90 प्रतिशत-100प्रतिशत श्रेणी में 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई है।
यह रेटिंग विद्यालय में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई, सुरक्षित पेयजल, स्वच्छ शौचालय व्यवस्था, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरणीय सततता से जुड़े मानकों के प्रभावी अनुपालन के आधार पर दी गई है। यह उपलब्धिा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप समग्र एवं मूल्य-आधारित शिक्षा की दिशा में विद्यालय के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह




5-स्टार रेटिंग विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों-शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक उन्नति ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जिम्मेदार नागरिकता के संस्कार विकसित करना भी है। यह सम्मान हमें भविष्य में और अधिक निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने इस उपलब्धि पर समस्त विद्यालय परिवार को बधाई दी तथा आशा व्यक्त की कि डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला भविष्य में भी स्वच्छ, हरित एवं सतत विकासशील भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

# विद्यार्थियों को कराई पांच दिवसीय उक्सपोजर विजिट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राजकीय माधयमिक विद्यालयों में अययनरत कक्षा 9-12 के विद्यार्थियों की प्रदेश के बाहर पाँच दिवसीय एक्सपोजर विजिट का प्रारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया। प्रदेश के बाहर पाँच दिवसीय एक्सपोजर विजिट के लिए नई दिल्ली के मुख्य स्थलों जैसे राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली, लालकिला, इंडिया गेट और राष्ट्रपति भवन इत्यादि का भ्रमण विद्यार्थियों को कराया गया। विद्यार्थियों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के लेक्चर हॉल, केन्द्रीय पुस्तकालय, रसायन विज्ञान प्रयोगशाला और प्रोजेक्टर के द्वारा वहाँ की एक वीडियो क्लिप दिखाई गई जिससे विद्यार्थियों को ऐसे शिक्षण संस्थानों में पढ़ने को लेकर मोटिवेशन प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र नई दिल्ली में विद्यार्थियों को विज्ञान से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को दिखाया गया।ाष्ट्रपति भवन में विद्यार्थियों को वहाँ की गाइड द्वारा 1911 में भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली में परिवर्तन, 1913-1931 तक भवन निर्माण, विभिन्न कक्षों जैसे सरयू कक्ष, बच्चों को दिखाया गया।



सम्भल- कुराश प्रतियोगिता में पदक जीतकर लाई होनहार तराना जहां।

# चंदावली इंटर कॉलेज की होनहार छात्रा तराना जहां ने नेशनल कुराश प्रतियोगिता में जीता सिल्वर पदक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**सम्भल।** कुराश प्रतियोगिता में निरंतर झंडे गाढ़ रही चंदावली इंटर कॉलेज की छात्रा ने एक ओर कुराश प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रर्दशन कर सिल्वर पदक हासिल कर जनपद का नाम रौशन किया है।
जनपद सहारनपुर के डा. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में 16 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक 69वीं नेशनल कुराश प्रतियोगिता का आयोजन किया था। प्रतियोगिता में हसनपुर रोड स्थित चंदावली इंटर कॉलेज की होनहार छात्र तराना जहॉं ने प्रतिभाग किया था। कुराश प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर तराना जहॉं ने अपने शानदार प्रर्दशन से सिल्वर पदक हासिल किया। प्रतिभा की धनी तराना जहॉं के इस उत्कृष्ट प्रर्दशन ने न केवल विद्यालय का नाम रौशन किया बल्कि जनपद का भी गौरवान्वित किया है। छात्रा की इस सफलता पर कॉलेज के प्रबअंधक ओम प्रकाश सिंह, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार, शा. शिक्षक शाहिद अंसारी, कोच भोले सिंह त्यागी ने तराना जहॉं के इस बहतरीन प्रर्दशन की जमकर प्रशंसा की और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक नज़र इधर भी

### खोजापुर के ट्रक चालक की नोएडा में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गवॉं।** एक दिन पहले घर से ड्राइविंग डयूटी के लिए निकले युवक की फांसी के फंदे पर लटककर जान देने की सूचना ने दुखों का पहाड़ ढहा दिया। परिजन घटना स्थल की ओर रवाना हो गए।



रजपुरा थाना क्षेत्र के खोजपुरा गांव निवासी राजू (23)पुत्र नौबत एक दिन पूर्व घर से ड्यूटी के लिए गया था। अगले दिन कंपनी से घर सूचना मिली कि तुम्हारा बेटे ने फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे-दी परिजन आनन फानन में घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। तब तक पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन हत्या की साजिश मन रहे हैं। बताया जाता है कि चार बहन भाइयों में राजू बीच के थे करीब 1 वर्ष पहले राजू की शादी हुई थी पत्नी अनिता का रो रोकर बुरा हाल है।

### ठंड और शीत लहर से जनजीवन प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गवॉं।** दिन प्रतिदिन मौसम में बदलाव के साथ-साथ शीत लहर के चलते ठंड ने पूरी तरह दस्तक दे दी है। जिससे जन जीवन प्रभावित है विशेषज्ञों के अनुसार माना जा रहा है कि पहाड़ी क्षेत्र में हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी क्षेत्रें में भी ठंड का असर बढ़ जाता है। कोहरे की चादर के बीच आसमान में छाए बादलों ने मौसम को ठंडा कर दिया। जिस कारण लोग घरों से निकलना मुश्किल पड़ रहा हैं उल्लेखनीय यह है कि ठंडा मौसम से आलू जैसी फसलों में नुकसान की आशंका का ऑकलन किया जा रहा है।

**0आलू जैसी फसलों में नुक्सान की आशंका**

### ट्रेनों में लगा फॉग सेफ्टी डिवाइस

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** ट्रेनों में लगी फॉग सेफ्टी डिवाइस बबराला कोहरे में सुरक्षित रेल संचालन के लिए ट्रेनों में फॉग सेफ्टी डिवाइस लगाई जा रही हैं।
घने कोहरे में ट्रेनों की देरी और दुर्घटनाओं से बचाव के लिए रेलवे खंड से गुजरने वाली सभी यात्री ट्रेनों में फॉग सेफ्टी डिवाइस लगाए जा रहे हैं। जीपीएस आधारित यह उपकरण लोको पायलट को सिग्नल, लेवल क्रासिंग और स्टेशनों की अग्रिम जानकारी देता है, जिससे कोहरे में भी ट्रेनों की गति 70 किमी प्रति घंटा तक रखी जा सकेगी। यह कार्य पूरा किया जा रहा है। बबराला सहायक स्टेशन मास्टर ने बताया कि रेलवे प्रतिदिन गुजरने वाली यात्री ट्रेनें में फॉग सेफ्टी डिवाइस लगा रहा हैं।



सम्भल। पत्रकार मनीष चौधरी के पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते।

# ठिठुरन से बचाने को गांवों में भी अलाव जलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** ठंड से ठिठुरन बढ़ गई जिससे गांव के कमजोर वर्ग के लोगों की मुसीबतें भी बढ़ गई। लोगों ने गांव में भी अलाव जलवाए जाने की मांग उठाई है।
बता दें कि कोहरा छाए रहने के कारण दो दिनों से सूरज के दर्शन नहीं हुए हैं जिसकी वजह से मौसम का मिजाज एकदम बदल गया है। कोहरे से ठंड बढी और ठंड के चलते हवा चली तो ठिठुरन भी बढ़ गई इससे कमजोर वर्ग के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ गया। गरीब मजदूर लोगों का घर में रहना और घर से निकलना भी मुश्किल हो गया गांव में काफी बड़ी संख्या

**0नगरों में अलाव की व्यवस्था ग्रामीण इस सुविधा से वंचित**

में किसान मजदूर खेतों में जाकर काम करते हैं। लेकिन उन्हें शाम को भारी ठंड का सामना भी करना पड़ता है। नगरों और शहरों में तो अलाब जलाए जाने की व्यवस्था चल आ रही है लेकिन गांव के लोग इस सुविधा से भी वंचित हैं। गांव के लोगों मोनू, पुनीत, सुरेश कुमार ने ग्राम पंचायत स्तर से जगह-जगह पर अलाव जलवाए जाने की व्यवस्था किए जाने की मांग प्रशासन से की है।

# अघोर सिद्धनाथ अखाड़ा ने मनाया स्वागत सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** डूंडा हेड़ा स्थित बद्रीनाथ प्राचीन शिव मंदिर में अघोर सिद्धनाथ अखाड़ा द्वारा एक सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अघोर सिद्धनाथ अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अवधूत अघोरी हनुनाथ महाराज मौजूद रहे। समारोह के दौरान मुख्य रूप से अघोर सिद्धनाथ अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ताराससुत मनु सिद्धनाथ महाराज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनुजानंद सिद्धनाथ महाराज, राष्ट्रीय सचिव अघोरेश्वर अलीशा महाराज, प्रकाश सिद्धनाथ महाराज, मंदिर के महंत ओघड़ पीर लक्ष्मण दास महाराज, शिव सिद्धनाथ, बालक सिद्धनाथ, राज सिद्धनाथ, राजेश सिद्धनाथ, प्रकाश सिद्धनाथ महाराज, अनू सिद्धनाथ, मुकुट सिद्धनाथ महाराज, ऋषि सिद्धनाथ महाराज, राज सिद्धनाथ, महंत बालक सिद्धनाथ, राजेश सिद्धनाथ का स्वागत समारोह में स्वागत किया गया।

# समाज के संगठित को जनक्रांति संगठन ने निकाली जागरूकता यात्रा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** धर्मान्तरण रोजगार और समाज व शिक्षा आदि की जागरूकता को जनक्रांति संगठन की समाज संगठित यात्रा मोटर साइकिल यात्रा निकाली गई। रैली का समापन चन्दौसी में हुआ। जबकि रैली में संगठन से जुड़ने का आहवान किया।
नगर के मौहल्ला हौज भदेसराय भगवान वाल्मीकी मंदिर से शुरू हुई। मोटर साईकिल यात्रा चन्दौसी पहुंची। चन्दौसी पहुंचकर यात्रा पैदल निकाली गई। पैदल यात्रा संजय बस्ती, खुर्जा गेट, कैथल गेट, खेड़ा गेट, सिकरी गेट, सम्भल गेट आदि मार्गों पर होते हुए समाज को शिक्षा, रोजगार, व्यापार, आरक्षण, महिला सुरक्षा, धर्मांतरण आदि मुद्दों पर जागरूक करने व आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक अंदोलन को सीचने के लिए समाज को जनक्रांति संगठन से जुड़ने का आवान किया गया। यात्रा जनक्रांति जिला



सम्भल- समाज के सयंगठित को जागरूकता बाइक यात्रा निकालते।

अध्यक्ष सम्भल मौ फाजिल अंसारी के नेतृत्व में निकाली गई। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अनुज राजोरिया, राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट अमरजीत सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आयुष भंडारी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दीपेश वाल्मीकि, प्रदेश संगठन मंत्री आकाश विक्रमा, प्रदेश महासचिव रोहित सिंह वाल्मीकि, नगर अध्यक्ष नरौली एडव गगन कुमार, जिला महासचिव विनीत ढिलौर, जिला संगठन मंत्री सुमित विक्रमा, कैलाश चन्द्र चटवाल, राजु अंजान, अजय राजवर, शिवा राजौर, अनिल राधो, भारती जी, विपिन चौहान, अमरपाल सिंह, राजु कुमार ग्राम अध्यक्ष अभिषेक विक्रमा, शिवराज सिंह आदि शामिल रहे।

# इतिहास संकलन समिति ने दी पत्रकार के पिता को श्रद्धांजलि

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भारतीय इतिहास संकलन समिति द्वारा समिति के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं विज्ञापन प्रभारी चौधरी मनीष सिंह के पिता राजपाल सिंह के निधन पर कार्यक्रम का आयोजन कर श्रृद्वांजलि अर्पित की गई।
पंजाबी मंदिर में आयोजित श्रृद्वांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरविंद सिंह एडवोकेट ने स्वर्गीय चौधरी राजपाल सिंह को नेक दिल इंसान बताकर परिवार समाज धर्म और क्षेत्र में की गई सेवाओं को याद करके श्रृद्वांजलि दी। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने चौधरी परिवार को बजरघात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु निश्चित है और जिसकी मृत्यु होती है उसका जन्म निश्चित है। चौधरी राजपाल सिंह को इस आवागमन से मुक्त करने की ईश्वर से प्रार्थना की। भारतीय इतिहास संकलन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी मनीष सिंह ने श्रृद्वांजलि सभा आयोजित करने, अपने परिवार को धैर्य और ढाढस बंधाने तथा समाज द्वारा विशेष सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया। श्रृद्वांजलि कार्यक्रम में धर्मवीर सिंह राणा, नरेंद्र सिंह चौहान, संजीव कुमार शर्मा, नगर पालिका परिषद के सभासद महावीर सिंह, सुबोध सिंह पाल, दुर्वेश सैनी,, राजेंद्र सिंह गुर्जर, बबीता भारद्वाज, हनी शर्मा, सुभाष चंद्र मोंगिया, चौधरी हरवीर सिंह आदि ने स्वर्गीय चौधारी राजपाल सिंह पूर्व प्रधान के स्वर्गवासी होने पर श्रृद्वा सुमन अर्पित किए। सामूहिक रूप से 2 मिनट का मौन रखकर परमपिता परमात्मा से विलग हुई आत्मा को चिर शांति तथा प्रभु चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार शर्मा ने किया।

# विस्तारीकरण को विश्व हिंदू महासंघ ने उठाई आवाज

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग तेज होती जा रही है। शहर के साथ ग्रामीण अंचलों से उठती आवाज निरंतर जोर पकड़ने लगी है। पीएम के नाम लिखे जा रहे संदेशों के साथ विश्व हिंदू महासंघ ने भी विस्तारीकरण बजट जारी करने की मांग का सर्मथन किया और शीघ्र मंजूरी प्रदान करने की मांग की।
सम्भल से गजरौला तक रेलवे लाइन के विस्तारीकरण की मांग दशकों पुरानी है। शहर के साथ ग्रामीण अंचलों से भी विस्तारीकरण की मांग को निरंतर बल मिलता जा रहा है। गांव-गांव से विस्तारीकरण को बजट मंजूर करने की मांग ने ज़ोर पकड़ लिया है। राजनैतिक कारणों से मजंूर रेलवे लाइन के विस्तारीकरण को बजट जारी नहीं किया जा रहा है। अधिवक्ता व समाजसेवी चौ. रविराज चाहल द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव-गांव से विस्तारीकरण को बजट शीघ्र जारी करने की मांग के साथ विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष निर्दोष सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर रेल लाइन विस्तारीकरण हेतु रेल बजट मंजूर के जाने की मांग की।



सम्भल- रेलवे लाइन के विस्तारीकरण को पीएम के नाम पत्र भेजते।

# श्रीसंत गाडगे जी ने गरीब धोबी समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाया

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** दिवाकर सेवा समिति (धोबी महासभा) के तत्वावधान में श्री संत गाडगे महाराज की 69वीं पुण्य तिथि पर श्री संत गाडगे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्वांजलि दी गई।
श्रीबालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान हल्लू सराय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कमल दिवाकर ने कहा कि स्वच्छता के जनक श्री संत गाडगे एक समाज सुधारक थे। जिन्होंने गरीब धोबी समाज को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा दिया और कहा कि एक रोटी कम खाओ मगर अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दिलाओ। मुख्य अतिथि विहिप जिलाध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए बताया कि संत गाडगे जी एक दलित परिवार से रहे हैं और वह दीन, दु:खी, शोषित, वंचित रहे दलितों का हमेशा सहारा बने. समाज को उनके जीवन से सीख लेकर अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में राकेश वार्ष्णेय अपना दल (एस) जिलाध्यक्ष बबिता भारद्वाज,नीलम वार्ष्णेय (संयोजिका कल्कि निष्कलंक दल), संजीव दिवाकर, दीपक शर्मा, नीरज दिवाकर, सनी दिवाकर, अभिषेक, अक्षित अग्रवाल मौजूद रहे।



सम्भल। श्रीसंत गाडगे महाराज को पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते।

# सिविल लाइन्स क्षेत्र में सरेआम महिला व मासूम बच्ची के साथ मारपीट, वीडियो हुआ वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक व्यक्ति बाइक अपनी मासूम बच्ची और पीछे बैठी एक महिला को लेकर डिप्टी गंज की ओर जा रहा था। अचानक आरोपी ने बीच सड़क बाइक रोकी, नीचे उतरा और सरेआम महिला व बच्ची पर हमला कर दिया। कुछ ही पलों में यह घटना तमाशे में बदल गई। राहगीरों के कदम थम गए और आसपास के दुकानदार सन्न रह गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी न किसी की सुन रहा था और न ही किसी की मान रहा था। वह महिला और मासूम बच्ची को बेरहमी से पीटता रहा। लोगों ने दौड़कर बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा था। मारपीट के दौरान महिला सड़क पर चीख-चीखकर कहती रही, "मैं सिर्फ तुमसे प्यार करती हूं, तुम्हारी कसम", जबकि मासूम बच्ची की हालत देखकर मौके पर मौजूद लोगों का दिल दहल उठा। बीच सड़क हुई यह घटना किसी पारिवारिक विवाद से आगे बढ़कर सार्वजनिक हिंसा का भयावह दृश्य बन गई। पूरी घटना किसी राहगीर ने मोबा. इल में कैद कर ली, जिसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।



वायरल वीडियो को देखकर लोग स्तब्ध हैं और सवाल उठा रहे हैं कि सरेआम महिला और बच्ची से मारपीट करने वाले व्यक्ति पर पुलिस कब सख्त कार्रवाई करेगी।सबसे बड़ा सवाल यह है कि वीडियो वायरल होने के बावजूद अब तक पुलिस या किसी उच्च अधिकारी की ओर से कोई आधिकारिक बयान या कार्रवाई सामने क्यों नहीं आई। फिलहाल पूरे मुरादाबाद में इस घटना को लेकर चर्चा तेज है। अब देखना यह होगा कि थाना सिविल लाइन पुलिस इस सनसनीखेज मामले का संज्ञान लेकर दोषी के खिलाफ कब और कैसी कार्रवाई करती है।

# सदर कोतवाली क्षेत्र जीएमडी रोड स्थित विकास मंजिल के बेसमेंट में लगी भीषण आग, पांच गोदाम जलकर राख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जीएमडी रोड पर स्थित विकास मंजिल के बेसमेंट में बने लगभग पांच गोदामों में भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

घटना के समय गोदामों में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक का सामान रखा हुआ था, जिससे आग ने तेजी से विक. राल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के दुकानदारों और लोगों में अफरा-तफरी मच गई।विकास मंजिल में प्लास्टिक के सामान की दुकान चलाने वाले जगदीश लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बेसमेंट में उनके तीन गोदाम थे, जिनमें प्लास्टिक का सामान भरा हुआ था। अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई और देखते ही देखते तीनों गोदाम पूरी तरह जलकर राख हो गए। इस आगजनी की घटना में उन्हें लगभग 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आग इतनी तेज थी कि सामान बचाने का कोई मौका नहीं मिला।जगदीश लाल ने आगे बताया कि उनके पड़ोसी सिद्धार्थ, जो सोनी स्टील के नाम से व्यापार करते हैं, उनके भी बेसमेंट में दो गोदाम बने हुए थे। आग की चपेट में आने से उनके दोनों गोदामों में रखा सामान भी जलकर खाक हो गया, जिससे उन्हें भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। कुल मिलाकर विकास मंजिल के नीचे बने बेसमेंट के पांच गोदाम इस आग की घटना में पूरी तरह प्रभावित हुए हैं।आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की लगभग आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान बेसमेंट में धुआं भरे होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एहतियात के तौर पर आसपास की दुकानों को भी कुछ समय के लिए बंद करा दिया गया।घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी सुनीता दहिया, कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार और बुध बाजार चौकी इंचार्ज,काजी की सराय चौकी इंचार्ज सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने क्षेत्र को घेरा. बंदी कर सुरक्षित किया और राहत एवं बचाव कार्य में दमकल विभाग का सहयोग किया। आगजनी की इस घटना से गोदाम स्वामियों को भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कराया जा रहा है और आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।



# कोहरे में दुर्घटनाएं रोकने को पुलिस ने लगाए रिफ्लेक्टर



**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीम एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सर्दी के मौसम में कोहरे व धुंध के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत थाना क्षेत्रान्तर्गत ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए, जिससे कोहरे, धुंध और अंधेरे के दौरान वाहन दूर से ही स्पष्ट दिखाई दे सकें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। इस दौरान पुलिस ने आमजन से अपील की कि कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं, फॉग लाइट का सही उपयोग करें, हेडलाइट को लो बीम पर रखें तथा नशे की अवस्था में वाहन न चलाएं। साथ ही ओवरस्पीडिंग से बचने, गलत दिशा में वाहन न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील कर आमजन को जागरूक किया गया।

# खादी महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा युवा केन्द्र, सांई मन्दिर रोड़, दीनदयालनगर, मुरादाबाद में ''मुरादाबाद खादी महोत्सव-2025'' दिनांक 15.12. 2025 से दिनांक 24.12.2025 तक आयोजन किया जा रहा है। आज दिनांक 21.12.2025 को प्रदर्शनी में प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट, मुरादाबाद एवं छत्र ऑर्गेनिक की तरफ से सरफराज हुसैन फराज, मनोज वर्मा, जुबैर मुरादाबादा, मयंक शर्मा, डॉ आजम बुराक, डॉ प्रीति हुंकार, इंदु रानी, रश्मि चौधरी, आकर्ष त्यागी, करीम मुरादाबादी एवं हर्ष अमरोही कवि/कवित्रियों द्वारा भव्य कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया। मंच का संचालन शुभम कश्यप द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि अपर नगर आयुक्त, मुरादाबाद द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह चौहान द्वारा सभी कवि एवं कवित्रियों को शॉल एवं शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में आज अपर जिलाधिकारी महोदया श्रीमती ममता मालवीय, वित्त एवं राजस्व, मुरादाबाद जी द्वारा प्रदर्शनी का भ्रमण किया गया तथा अधिक संख्या में खरीदारी भी की। प्रदर्शनी में सातवे दिन सुबह से ही प्रदर्शनी में अपार भारी भीड देखी गयी। प्रदर्शनी में देश एवं प्रदेश के कोने-कोने से चाहे वह कश्मीर के शाल, गरम कपड़े, ड्राई फ्रुड, कन्नोज का इत्र, हाथरस का देश का सबसे प्रसिद्ध हींग, शुद्ध शहद हो या उत्तराखण्ड के गरम कपडे, भदोही का कारपेट, सिल्क साडियां एवं खादी की सदरी एवं खादी सिल्क, सूती अथवा आर्टीफिशियल लेडीज ज्वैलरी, खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा आयोजित इस उत्कृष्ठ प्रदर्शनी में यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को खरीदारी के लिए प्रेरित करती है। खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी की अब तक लगभग धनराशि रु0 50.00 लाख तक से अधिक की बिक्री हो चुकी है जिससे प्रदर्शनी आयी ग्रामोद्योगी इकाईयां बहुत अधिक प्रसन्न है प्रदर्शनी की भव्यता एवं उत्कृष्ठ उत्पादो के प्रति लोगो का आकर्षण इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदर्शनी में रात्रि 10:30 बजे के उपरान्त भी बडी संख्या में महिलाए खरीदारी करने आ रही है।

## एक नजर

### चोरी के सामान सहित अपराधी गिरफ्तार



**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत चन्दौसी पुलिस द्वारा चोरी के सामान सहित अपराधी को गिरफ्तार किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 08 दिसंबर 2025 को थाना चन्दौसी क्षेत्र के अंतर्गत आर.आर.के. स्कूल के सामने कस्बा चन्दौसी निवासी वादिनी सहम्बर पत्नी मेहरबान द्वारा तहरीर दी गई थी, जिसमें अज्ञात अभियुक्त द्वारा उनके घर से कपड़े, नकदी एवं अन्य सामान चोरी कर ले जाने की सूचना दी गई थी। इस संबंध में थाना चन्दौसी पर मु0अ0सं0 538/2025 धारा 305/317(2) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उक्त मामले की विवेचना के दौरान रविवार को थाना चन्दौसी पुलिस द्वारा प्रकाश में आए अभियुक्त छम्मन पुत्र गम्मन निवासी ग्राम ढुलवई, थाना बनियाठेर, जनपद सम्भल को पथरा मोड़ से बेहतरिया फाटक वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया, जिसमें एक गैस सिलेंडर (इंडेन कंपनी), एक ई-रिक्शा तथा 300 रुपये नकद शामिल हैं। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमरपाल सिंह, उपनिरीक्षक शिवाजी पुंडीर, कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार एवं कांस्टेबल अंकित कुमार (थाना चन्दौसी, जनपद सम्भल) शामिल रहे।

### विधायक खेल स्पर्धा के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**चन्दौसी।** युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में एस.एम. कॉलेज, चन्दौसी में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा के दूसरे दिन रविवार को खिलाडियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बैडमिंटन, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग तथा एथलेटिक्स की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया, जिनमें ऊंची कूद, डिस्कस थ्रो एवं जैवलिन थ्रो शामिल रहे। फुटबॉल प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में बहजोई की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि जूनियर वर्ग में चन्दौसी की ब्लैक रॉकर्स टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में सब जूनियर महिला वर्ग में पूजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर महिला वर्ग में कल्पना विजेता रहीं। सीनियर पुरुष एकल वर्ग में कपिल ने पहला स्थान हासिल किया। सीनियर पुरुष युगल वर्ग में अभिजीत एवं केशव की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में सब जूनियर वर्ग में डिस्कस थ्रो में दलवीर तथा हाई जंप में मोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर पुलिस वर्ग में जैवलिन थ्रो में अतुल कुमार, हाई जंप में प्रशांत कुमार एवं डिस्कस थ्रो में रोहित शर्मा प्रथम स्थान पर रहे। सीनियर पुरुष वर्ग में डिस्कस थ्रो में अजय, हाई जंप में नितिन कुमार तथा जैवलिन थ्रो में भारत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं के उपरांत विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार वितरण जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कपूर, जिला ओलंपिक संघ के सचिव आशु शर्मा, जिला क्रीड़ा भारती मंत्री डॉ. गौरव मिश्रा, जूडो संघ अध्यक्ष एकांश गुप्ता, क्रीड़ा भारती के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार पाठक तथा जिला स्काउट शिक्षक प्रफुल्ल गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिद्धू ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी चित्रवीर सिंह, कोच गोविंद, नकुल गुर्जर, अजय गिल, शिवम, नादिर राजा, आदित्य, हैरी सहित अनेक खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



# पर्यावरण संरक्षण आज विकल्प नहीं, अनिवार्यता है : डॉ. सुरेंद्र सिंह

## गांव पण्डिया में जनसभा, वृक्षारोपण व 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** जनपद मुरादाबाद के गांव पण्डिया में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक भव्य जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता, पूर्व विधायक, बीजेपी दिल्ली प्रदेश सह-प्रभारी आदिवासी मोर्चा एवं पर्यावरण राष्ट्रीय प्रचार दूत डॉ सुरेंद्र सिंह कमांडो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ फूल बरसाकर उनका भव्य स्वागत किया और सभा स्थल तक सम्मानपूर्वक ले जाया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ सुरेंद्र सिंह कमांडो ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज केवल विकल्प नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की अनिवार्यता बन चुका है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, जल संरक्षण और स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की, उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने स्तर पर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प ले, तो प्रकृति को हो रहे नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। विशेष रूप से युवाओं से उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में आगे आकर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। डॉ कमांडो ने सभा में मौजूद मातृ शक्ति से अपील की कि वे लगाए गए पेड़ को बच्चे की तरह पालें। इस पर महिलाओं ने वृक्षारोपण कर पेड़ की देखभाल करने का आश्वा. सन दिया। इसी अवसर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग के चेयरमैन शैलेष गर्ग एवं भारत शर्मा द्वारा गांव के युवा ताहिर अली को जिला प्रमुख अधिकारी नियुक्त किए जाने और मुरादाबाद डिवीजन का प्रभार सौंपे जाने की घोषणा की गई। यह घोषणा होते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। सभा में पर्यावरण योद्धा नरेंद्र सिंह (अलवर, राजस्थान) ने अपने संबोधन में बताया कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान एनएसजी कमांडो सुरेंद्र सिंह ने अद्भुत वीरता का परिचय दिया था। ताज होटल में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान उन्होंने घायल होने के बावजूद दो आतंकियों को मार गिराया और सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान बचाई। यह सुनकर उपस्थित लोग उत्साह से भर उठे और प्रांगण भारत माता की जय और जय हिंद के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में अश्वनी जांगड़ा (अध्यक्ष, हरियाणा) सहित गांव के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस मौके पर फैज उर्फ बुद्धा प्रधान, संजय सिंह प्रधान, नरेंद्र सिंह (राजस्थान), सतेंद्र सहरावत, मो. जासिफ, मनोज कुमार, ठाकुर देवेंद्र सिंह, विमल जेलदार, हनी सिंह, मो. आरिफ, रागिब मलिक, विनीत कुमार, अमन चौधरी सहित कई लोग उपस्थित रहे।




# भगवान श्री परशुराम जी कथा का महानगर में प्रथम बार आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की कथा का आयोजन उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद प्रथम बार आये अमरनाथ दीक्षित जी के द्वारा की गई।

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के द्वारा प्रोग्राम हेरिटेज होटल में आयोजित किया गया ।जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर ,जुगल किशोर तिवारी आईपीएस पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक, संदीप बडोला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल, अभिषेक कौशिक पूर्व ओएचडी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पी एस उर्फ नीटू उपाध्याय के द्वारा की गई तथा संच. ालन जिला महामंत्री मुदित उपाध्याय के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद पांडे, हरीश दुबे गुरुजी, राजकुमार शर्मा, चंचल शर्मा, विशाल शुक्ला,शशांक शर्मा,अनुराग शर्मा, मुन्नू शर्मा, बंटी शर्मा आदि लोग कथा में सम्मिलित रहे।

# नशे में टेंपो दौड़ाने से ओवरटेक के दौरान संतुलन बिगड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मझोला गांव के दो टैम्पो चालकों पर शराब का ऐसा नशा चढ़ा कि दोनों ने अपने-अपने टैम्पो तेज रफ्तार में दौड़ा दिए। लाप. रवाही के चलते दोनों टैम्पो आपस में टकरा गए और सड़क पर पलट गए। हादसे में टैम्पो में सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई।

राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए पलटे हुए टैम्पो को किसी तरह सीधा कराया और घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां विनोद गिरि के सिर में गंभीर चोटें आने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि दोनों टैम्पो चालक सलमान और राजू शराब के नशे में वाहन चला रहे थे। हादसे के बाद दोनों चालक एक-दूसरे पर दुर्घटना का आरोप लगाते नजर आए।

# गृह क्लेश के चलते एक गर्भवती विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या





**कुंदरकी।** कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव इमरतपुर सिरसी में रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब गृह क्लेश के चलते एक गर्भवती विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के मुताबिक इमरतपुर सिरसी निवासी राहुल की शादी करीब एक वर्ष पूर्व स्वेता (22) से हुई थी। रविवार दोपहर किसी घरेलू विवाद के बाद स्वेता ने घर में फांसी लगा ली। बताया गया कि वह दस माह की गर्भवती थी। परिजनों को घटना की जानकारी उस समय हुई, जब चारा लेकर लौटी ननद कुमकुम ने भाभी स्वेता को फंदे से लटका देखा। यह दृश्य देखते ही घर में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक राहुल मजदूरी का काम करता है। राहुल के परिवार में उसके छोटे भाई-बहनऔर पिता हैं, पिता घर से बाहर रहते हैं। वहीं घटना के बाद से मृतका का पति घर पर मौजूद नहीं बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अरहम आलम पुत्र अरशद आलम आधार संख्या XXX XXX 6356 को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति व घर सहित अन्य अधिकारों से बेदखल करता हूं। उसके किसी भी कृत्य का मेरे या मेरे अन्य परिवार जनों से कोई मतलब वास्ता नहीं होगा।

**अरशद आलम पुत्र अशरफ आलम निवासी मोहल्ला मौलवियन कस्बा सहसपुर परगना स्योहारा, धामपुर, जिला बिजनौर।**

# रेलवे ने की किराया वृद्धि सूची जारी, यात्रियों पर पड़ेगा न्यूनतम असर

**मुरादाबाद।** भारतीय रेलवे ने 26 दिसंबर 2025 से यात्री किराया संरचना का युक्तिकरण लागू कर दिया है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि इस निर्णय का उद्देश्य यात्रियों पर अतिरिक्त बोझ डाले बिना बढ़ती परिचालन लागत की भरपाई करना है। राहत की बात यह है कि सबअर्बन ट्रेनों तथा मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है।साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा पर किराया यथावत रहेगा। वहीं, 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की साधारण श्रेणी में प्रति किलोमीटर मात्र 1 पैसा की बढ़ोतरी की गई है। मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की नॉन-एसी श्रेणी में 2 पैसे प्रति किलोमीटर तथा एसी श्रेणी में भी 2 पैसे प्रति किलोमीटर की मामूली वृद्धि की गई है। उदाहरण के तौर पर 500 किलोमीटर की नॉन-एसी यात्रा पर यात्रियों को केवल 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे।रेलवे के अनुसार इस युक्तिकरण से वर्ष भर में लगभग 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी। बीते एक दशक में रेलवे का नेटवर्क और संचालन काफी बढ़ा है। सुरक्षा और सेवाओं में सुधार के लिए मानव संसाधन बढ़ाए गए हैं, जिससे वेतन व्यय 1.15 लाख करोड़ रुपये और पेंशन व्यय 60 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। कुल परिचालन लागत 2024-25 में 2.63 लाख करोड़ रुपये हो गई है।रेलवे उच्च कार्गो लोडिंग और सीमित किराया संशोधन के जरिए इन खर्चों को संतु. लित कर रहा है। सुरक्षा सुधारों के चलते भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा माल ढोने वाला रेलवे बन चुका है। त्योहारों के दौरान 12 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन बेहतर कार्यकुशलता का प्रमाण है। रेलवे भविष्य में भी सामाजिक दायित्वों के साथ दक्षता बढ़ाने के प्रयास जारी रखेगा।

## अल्फाज अपने फाउंडेशन ने ओपन माइक कार्यक्रम का किया आयोजन

**मुरादाबाद।** साहित्य, संगीत और रचनात्मक अभिव्यक्ति को समर्पित अल्फाज अपने फाउंडेशन द्वारा ओपन माइक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गीतांजलि पांडेय, रवि यदुवंशी, कमल गोला एवं राघव रस्तोगी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन आकृति सिन्हा और अमर सक्सैना ने प्रभावशाली ढंग से किया, जबकि अंत में अभिव्यक्ति ने सभी अतिथियों, कलाकारों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।इस साहित्यिक संध्या में शहर के कई गणमान्य एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से गुरबिंदर सिंह, राजीव प्रखर, नीतू सक्सैना, नीरज सैनी, अब्दुल मन्नान, सृष्टि अधिकारी, राजेश, उल्फत और नेपाल सिंह पाल सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। आयोजन स्थल के लिए सहयोग देने पर ललित सैनी की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम में नवोदित कलाकारों ने कविता, शायरी, गायन और स्टैंडअप कॉमेडी के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रियांशी सैनी और आयुष चौहान की स्टैंडअप कॉमेडी ने दर्शकों को खूब हँसाया, वहीं रुचित अग्रवाल, करण पोपली और अक्षत थरेजा के गायन को सराहना मिली। अन्य कलाकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।आयोजकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य नवांकुर कलाकारों को मंच देना और साहित्य व कला के माध्यम से सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देना है।

## एक नजर

### कुंदरकी में पेड़ से टकराई बाइक, खंदी में गिरकर बाइक सवार युवक की मौत

**कुंदरकी।** कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव पंडिया के मोड़ पर हुए सड़क हादसे में 24 वर्षीय बाइक सवार युवक की मौत हो गई, घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दिनेश (24) पुत्र हरकिशोर निवासी गांव मिलक काजी मोबा.



इल की किस्त जमा करने वालों के साथ बाइक से निकला था। देर शाम हादसे की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और राहगीरों की मदद से उसे कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दिनेश की बाइक खंदी में मौजूद एक पेड़ से टकरा गई, जिससे वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर पड़ा। बताया गया कि दिनेश अपने पिता के साथ फैक्ट्री में काम करता था। उसकी पत्नी का दस माह पूर्व निधन हो चुका है और वह दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। खबर लिखे जाने तक परिजनों की ओर से कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया था।

### ताहरपुर में जलभराव से बेहाल ग्रामीणों का प्रदर्शन



**कुंदरकी।** कुंदरकी विकास खंड कुंदरकी के गांव ताहरपुर के मोहल्ला कटघर अव्वल में नाला न होने के कारण जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को प्रदर्शन कर नारेबाजी की और शीघ्र नाला निर्माण की मांग उठाई। ग्रामीणों के अनुसार करीब तीन माह पूर्व सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन नाला न बनने से गांव का गंदा पानी सड़कों पर ही जमा हो गया। जलभराव के चलते स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नाला न होने से घरों और गलियों का पानी सीधे सड़क पर भर जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि जब सड़क कच्ची थी, तब पानी मुख्य मार्ग की ओर निकल जाता था, लेकिन पक्की सड़क बनने के बाद जलनिकासी पूरी तरह बंद हो गई है। मोहल्ले में बेचा, इरफान, जीशान, गुफरान, शाकिर, साजिद सहित कई परिवार लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं। जलभराव के कारण हादसे भी सामने आ चुके हैं। तीन माह पूर्व गांव निवासी अंजार पानी में फिसलकर गिर गए थे, जिसके बाद से वे व्हीलचेयर पर हैं। वहीं 70 वर्षीय हदीसा भी जलभराव के चलते गिर पड़ीं, जिससे उनका हाथ टूट गया। जलभराव से आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर प्रशासन से जल्द नाला निर्माण कराने की मांग की। प्रदर्शन में शाकिर, रा. बसा, किशबरी, नाजरीन, सायबा, रेहाना, इरफान, आकिल, जीशान, बेचा, अंजार, अंतार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### संत निरंकारी मिशन वसुदेव कुटुंबकम की भावना को कर रहा जीवंत



**कांठ (शाह टाइम्स)** संत निरंकारी आश्रम में आज साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें गद्दी विराजमान महात्मा ने बताया कि संसार में जहां मानवता अनेक रूपों भाषाओं संस्कृति, जाति और धर्म में विभाजित दिखाई देती है वही एक सत्य यह भी है कि हम सभी को वह एक अटूट सूत्र में पिरोए रहता है हम सभी परमात्मा की संतान है जो समय-समय पर अनेक रूपों में आकर प्रेम करुणा समानता और मानवता का दिव्य रूप है। हमारे अलग अलग रूप और रहन-सहन होते हुए भी हमारे भीतर वही एक जैसी चेतना जीवन शक्ति प्रभावित होती है जो हमें एक दूसरे से जोड़ती है इसी भावना को आत्मसात करते हुए संत निरंकारी मिशन पिछले 96 वर्षों से वसुद. व कुटुंबकम की भावना को जीवंत कर रहा है उन्होंने बताया कि निरंकारी मिशन ना कि प्रेम शांति और समरसता का पावन संदेश देता है बल्कि सत्संग सेवा और विशाल संत समागमों के माध्यम से उसे व्यवहार में उतरता भी है। इस मौके पर ब्रांच मुखी मास्टर सुशील कुमार जी राजेंद्र जी अमित जी मनोज जी राजवती जी रेनू पाल जी अनीता जी बीना जी अंकित कुमार जी मीडिया प्रभारी सहित काफी भक्त मौजूद रहे।

### शिव पार्वती रसोई द्वारा नि:शुल्क भोजन सेवा का आयोजन




**मुरादाबाद।** प्रत्येक रविवार की भांति आज रविवार को भी शिव पार्वती रसोई द्वारा नि:शुल्क भोजन सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उड़द राजमा-चावल एवं जल का नि:शुल्क वितरण किया गया। संस्था द्वारा यह सेवा पिछले दो वर्षों से भी अधिक समय से निरंतर प्रत्येक रविवार को संचालित की जा रही है।

आज की रसोई में प्रत्यूष यादव, सुमित टंडन, आशुतोष त्यागी, डॉ. सतवीर चौहान, राहुल शर्मा, आशीष यादव, सुनीत अग्रवाल, विनय कश्यप, ओमप्रकाश सिंह, विवेक गुप्ता, योगेश कुमार भारती, पारस त्यागी सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुष्प यादव (एडवोकेट) ने बताया कि शिव पार्वती रसोई पिछले दो वर्षों से भी अधिक समय से समाज सेवा के इस कार्य में निरंतर सक्रिय है और यह सेवा आगे भी इसी प्रकार नियमित रूप से जारी रहेगी। शिव पार्वती रसोई की यह नि:शुल्क भोजन सेवा समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए एक बड़ा सहारा है, जो उन्हें भोजन और जल की आवश्यकता को पूरा करती है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में राष्ट्रीय बजरंग दल ने किया पुतला दहन

**मुरादाबाद।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचार और नरसंहार के विरोध में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वावधान में रामपुर दोराहा पर पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष देवीलाल प्रजापति, जिला महामंत्री आनंद प्रजा. पति, अमन सैनी, जिला उपाध्यक्ष ललित कुमार, अजय ठाकुर, ऋतिक राजपूत, रमेश, रामपाल, विशाल सिंह, सुशांत, नेमचंद्र, अनुराग, विवेक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि हिंदुओं पर अत्याचार नहीं रुके तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# डबल लाइन लगने से लगता है फाटक पर जाम, यात्री परेशान

**कांठ (शाह टाइम्स)** रेलवे फाटक पर डबल लाइन लगाने से अक्सर जाम लगता है और इससे यात्रियों को परेशानी का सामना उठाना पड़ता है। आज भी रोडवेज बस चालक की मेहरबानी से रसूलपुर रेलवे फाटक पर जाम लग गया जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है।

बतादे की कांठ अमरोहा मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर अक्सर जाम लगता रहता है लेकिन आज एक रोडवेज बस चालक की मेहरबानी ने रसूलपुर फाटक पर भी जाम लगा दिया। रोडवेज चालक बस लेकर पीछे से आया और डबल लाइन लगाकर उसने बाहनों को जाम लगाने को मजबूर कर दिया। बताया गया कि प्राइवेट टैक्सी संचालक और रोडवेज बस चालक की वजह से यहां अक्सर जाम लगता है क्योंकि यह लोग डबल



या ट्रिपल लाइन लगाकर अपने वाहनों खड़ा कर देते हैं। और इसी तरह से सामने वाले लोग भी जब वहां खड़ा करते हैं तो रेलवे फाटक खुलने के बाद वाहनों का आवागमन शुरू नहीं होता और इससे जाम लग जाता है। जिससे यात्रियों को अक्सर परेशानी उठानी पड़ती है आज भी कुछ इसी तरह की परेशानी का सामना लोगों को करना पड़ा है।

# कक्षा केंद्र पर विंटर कैंप का आयोजन विजेता बच्चों को दिए पुरस्कार

**कांठ (शाह टाइम्स)** कक्षा केंद्र कांठ में विंटर कैंप का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ कुंवर सुरेन्द्र सिंह विश्नोई, संजीव सहरावत, अंकुश चौहान एवं राजीव प्रभाकर ने फीता काटकर किया। कैंप में 100 मी, 200 मी एवं 400 मी दौड़, कैरमबोर्ड, शतरंज और लूडो जैसे विभिन्न खेलो का आयोजन हुआ। जिसमे साहिब, दीक्षित और राम, रुकैया, शनाया, उन्नति, मनन पाल, साहिब, तनिष्क राज, मोहम्मद आजम आर्यन, आरान, सम्राट, शगुन, विनय, यश, विनायक, आव्या, रुकैया, अनन्या, यशी, इंदु, दीपिका, नैतिक, वरुण, देव, विराट, साहिब, आरव बिश्नोई, वरुण, मणिदीप, सम्राट, बलप्रीत, आजम, दीपिका, अरहान, उन्नति माहेश्वरी, आजम, कृष राजपूत ने अच्छा प्रदर्शन किया। सभी विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में



संजीव सहरावत ने कहा कि यह छोटे छोटे कार्यक्रम एक बड़ा क्षेत्र में बड़ा प्रभाव डालते हैं ऐसे कार्यक्रम समय समय पर करते रहने चाहिए। डायरेक्टर रजत प्रभाकर ने कहा कि विंटर कैंप का उद्देश्य बच्चों को फिजिकल और स्वास्थ्य के लिए जागरूक करना है और इसके अगले कैंप में और भी बड़े टूर्नामेंट करवाए जायेंगें। कार्यक्रम में दिव्यम विश्नोई एवं रोमी विश्नोई निवासी रसूलपुर को बीओबी प्राइमरी परीक्षा में नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अंत में रजत प्रभाकर द्वारा सभी अतिथियों और पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर भानु विश्नोई, भावना विश्नोई, प्रगति माहेश्वरी, विधि गौड़, कनिका विश्नोई, खुशी शर्मा, अभी गौड़, स्पर्श वर्मा, सुजल वर्मा आदि उपस्थित रहें। संचालन अवनिका सहरावत और सौम्या विनीत द्वारा किया गया।

# ससुर-दामाद में मारपीट दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव लाल. ूवाला में शनिवार को ससुर दामाद में हुई मारपीट में दूसरे पक्ष के अनवार की तहरीर पर भी चार बाप-बेटों के खिलाफ दहेज प्रथा, मारपीट एवं तीन तालाक देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में लालूवाला निवासी अनवार पुत्र प्यारे ने कहा है कि अपनी बेटी सीमा का विवाह फरवरी महीने में कोतवाली कटघर के गांव देवापुर निवासी शेर मोहम्मद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से किया था। विवाह में हैसियत अनुसार खान-पान एवं उपहारों में करीब 15 लाख रुपए खर्च किए थे। बेटी का पति शेर मोहम्मद और उसके परिजन दहेज में पांच लाख रुपए की अतिरिक्त मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। दो महीने पहले पति, ससुर, देवर, और जेठ ने सीमा को मारपीट कर घर से निकाल दिया। जबसे वह मेरे साथ मायके में ही रह रही है। शनिवार को दामाद शेर मोहम्मद अपने पिता शराफत, भाईयों सलमान और उमर अली को साथ लेकर हमारे घर आया। बातचीत के दौरान चारों बाप-बेटे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी डंडों से हमला कर सिर फाड़ दिया और बेटी को तीन तलाक देकर चले गए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि शनिवार को दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद हुई मार-पीट में दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए थे। शनिवार को शेर मोहम्मद की तहरीर पर ससुर अनवार और साढ़ू नासिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। रविवार को दूसरे पक्ष के शराफत की तहरीर पर शेर मोहम्मद, शराफत, सलमान और उमर अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उन्हीं के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय सोशलिस्ट मंच के तत्वावधान में सदभावना सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रविवार को आम्बेडकर पार्क, खुशहालपुर थाना मझौला जनपद मुरादाबाद में भारतीय सोशलिस्ट मंच के तत्वावधान में सद भावना सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में मित्रगण और साथी मौजूद रहे। सम्मेलन में भारतीय सोशलिस्ट मंच के संयोजक आदित्य कुमार एडवोकेट, देवेन्द्र सिंह अवाना, देवेन्द्र गुर्जर, चरन सिंह राजपूत, शर्मा जी, प्रोक्ष नौमी प्रिया, डॉ दुर्गेश यादव, मंसूर उर रहमान साहब, चंद्र सैन जी, मिर्जा अरशद बेग, मुसर्रत हफीज एडवोकेट, शफाअत अहमद खान, कल्लू सिंह एडवोकेट, शाहिद हुसैन एडवोकेट, चौधरी सुरेश सिंह एडवोकेट, मास्टर ओम पाल, राम सेवक यादव एडवोकेट, बीक्ष केक्ष सिंह , असलम पंचायती, अबदुल रहमान एडवोकेट, नासिर हुसैन एडवोकेट, अतर सिंह एडवोकेट, सलीम मलिक, भूरे



पहलवान, श्याम बाबू, अनीस हुसैन, विजय सिंह, वीर सिंह मौर्य, कुंवर पाल सिंह, प्रवीण कुमार, जेपी सैनी, मोहम्मद नबील, डॉक्टर राजकुमार कश्यप, सौरभ कुमार, प्रताप सिंह एडवोकेट, जगदीश सिंह एडवोकेट, राजवीर सिंह एडवोकेट, दीपक कुमार, कमाल, मुकेश कुमार, आशीष सैनी, मोहम्मद इमरान, लक्ष्मण शर्मा, जशोक कुमार, चंद्र सेन, सरगम यादव, चंदन सिंह, मोहम्मद असलम, जीत सिंह एडवोकेट, मुजफ्फर, मोहम्मद हलीम, राजू प्रकाश एडवोकेट, जीवेश, सर्वेश कुमार, जयपाल सिंह यादव एडवोकेट, यथार्थ, सिद्धार्थ, विकास सक्सेना, धीरेंद्र आदि मित्रगण व अन्य साथी मौजूद रहे।

सम्मेलन में सबने अपने अपने विचार प्रस्तुत किये और जाति दहन के कार्य को अनजाम दिया। अंत में सबने एक साथ मिलकर सहभोज किया।

# ठाकुरद्वारा क्षेत्र में सुरक्षा एवं सामुदायिक समरसता पर चर्चा के लिए ग्राम स्तरीय बैठक आयोजित

**करनपुर (ठाकुरद्वारा)।** ग्राम पंचायत करनपुर के सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगण में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा एवं सामुदायिक समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पुलिस प्रशासन की ओर से क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा आशीष कुमार एवं डिलारी थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने ग्रामवासियों के साथ रचनात्मक संवाद किया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से आपसी सद्भाव, भाईचारा और सामंजस्य बनाए रखने पर बल देते



हुए कहा कि सामुदायिक एकजुटता ही बेहतर सुरक्षा की आधारशिला है। उन्होंने यातायात सुरक्षा के नियमों का पालन करने का आह्वान किया और कहा कि नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें, मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें तथा शराब पीकर वाहन चलाने से परहेज करें। इन उपायों से सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

सामुदायिक सुरक्षा के संदर्भ में ग्रामवासियों को सलाह दी गई कि वे गाँव के चौकीदार के सहयोग से नियमित गश्त करें, ताकि अपराधिक घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। साथ ही किसी भी समस्या के समाधान के लिए पुलिस का सहयोग लेने और गाँव स्तर पर ही बैठकर मामलों को सुलझाने का प्रयास करने को कहा गया। इस बैठक में ग्राम पंचायत के प्रधानपति डॉ. बाबू सिंह सहित पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, साकिर हुसैन के अलावा सुरेश कुमार शर्मा, यतेंद्र शर्मा, जय हिंद कुमार, सुखबीर सिंह, राम अवतार सिंह, सुशील कुमार, सुधीर कुमार, टिकराज सिंह, प्रमोद कुमार, देवेंद्र लाला, कनिपाल सिंह, दिगपाल सिंह, रामवीर सिंह, चौखे सिंह, कमल कुमार, बसीर अहमद, बुद्धू खान, रिजवान, मोहम्मद असलम, खुर्शीद अहमद सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शिवसेना ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश का फूंका झंडा व पुतला

**मुरादाबाद।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर बढ़ते अत्याचारों, हमलों और जानलेवा घटनाओं के विरोध में शिवसेना ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश का झंडा और पुतला फूंकते हुए आक्रोश जताया। शिवसेना नेताओं ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदुओं को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन वहां की सरकार इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल साबित हो रही है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवसेना जिला प्रमुख ने कहा कि बांग्लादेश में हिंद. ुओं पर हो रहे हमले मानवता पर कलंक हैं।

यदि यह अत्याचार नहीं रुके तो शिवसेना आंदोलन को और तेज करेगी तथा बांग्लादेश के दूतावास पर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने भारत सरकार से भी मांग की कि वह अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे को गंभीरता से उठाए और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए, ताकि अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया और पीड़ित हिंदुओं के प्रति एकजुटता दिखाई।

इस अवसर पर विपिन भटनागर, वीरेंद्र अरोड़ा, कमल सिंह राव, मुदित उपाध्याय, शिबू पांडे, राजीव राठौर, अरुण ठाकुर, आकाश सिंह, पंकज पाल, बादाम सिंह, तिलक राज, शिबू सैनी, मयंक सैनी, मधुबाला कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, शरद कपूर, भारत अरोड़ा, हर्ष सिंह, अशोक सैनी, राजपाल, राहुल, जितेंद्र पासी सहित बड़ी संख्या में शिवसेना कार्यकर्ता मौजूद रहे।शिवसेना नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद नहीं होते, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महानगर में प्रथम विंटर रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के तत्वावधान में एकदिवसीय प्रथम विंटर रोलर स्केटिंग चौंपियनशिप का आयोजन स्प्रिंगफील्ड स्कूल, नया मुरादाबाद में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में मुरादाबाद के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल, स्प्रिंगफील्ड स्कूल, आरआरके स्कूल, पीएमएस पब्लिक स्कूल, आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल, सेंट मैरी स्कूल, गोया वर्ल्ड स्कूल, जीडी गोयनका, व्हाइटहॉल सहित अन्य स्कूलों के लगभग 170 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता का शुभारंभ रोलर स्पोर्ट्स संघ के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। निर्णायक की भूमिका में परमेश चरण, सचिन नैनवाल, विपिन जखमोला, लियाकत अली एवं सौरभ ने निष्पक्ष निर्णय देकर प्रतियोगिता को सफल बनाया। यह प्रतियोगिता चार वर्गों इनलाइन स्केट, क्वाडस स्केट, एडजस्टेबल स्केट और इनलाइन टॉय में आयोजित की गई।इनलाइन स्पर्धा में आकाश सैनी, विवेक सिंह, विराट सिद्धू, शिव



ढिल्लों, ऊर्जित प्रभाकर, अजूमन एवं कुणाल राज विजेता रहे। क्वाडस स्पर्धा में ईरिस थपलियाल, ऋतिक गुप्ता, चौतन्य, वीहान, अथर्व सिद्धू, अभिनंदन एवं प्रीत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एडजस्टेबल स्पर्धा में शान्वी, यशस्विनी, अथिरा, गार्वी, अकीफा, एलिस्का गौतम, सारा जुबैर, आर्या गोयल, काव्या, आलिया शदाब और ईर्ष्या थपलियाल ने जीत हासिल की। वहीं इनलाइन टॉय स्पर्धा में साउथ अनमोल, निखिल, पीहू सिंगल और आरोही मान विजेता रहे।

# पाक की अंडर-19 टीम ने भारत को 191 रनों से हराया

● **समीर ने 172 और अहमद हुसैन ने 56 रनों की शानदार पारी खेली, अली रजा ने 4 विकेट लिए**

**दुबई, वार्ता।** समीर मिन्हास (172) और अहमद हुसैन (56) की शानदार पारियों के बाद अली रजा (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को भारत को 191 रनों से हरा दिया। 348 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम शुरुआती विकेट गिराने के बाद दबाव को झेल नहीं पाई और ओवरों में रन पर सिमट गई।




बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम का पहला विकेट 32 के स्कोर कप्तान आयुष म्हात्रे (दो) के रूप में गिरा। इसके बाद 49 के स्कोर पर भारत दो महत्वपूर्ण विकेट और गंवा दिए। ऐरन जॉर्ज (16) और वैभव सूर्यवंशी 10 गेंदों में (26) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और तू चल में आया की तर्ज पर विकेट गंवाते रहे। हालांकि भारत की आखिरी जोड़ी ने चौके, छक्के लगाते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया।

इस दौरान दीपेश देवेंद्रन ने छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (36) रनों की पारी खेली। उन्हें अली रजा ने आउट किया। भारतीय टीम 26-2 ओवर में 156 रन ही बना सकी और 191 रनों से खिताबी मुकाबला हार गई। किशन सिंह तीन रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए अली रजा ने चार विकेट लिए। मोहम्मद सय्याम, हुजैफा एहसान और अब्दुल सुभान को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले आज यहां भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 रन के स्कोर पर हम्जा जहूर (18) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये उस्मान खान ने समीर मिन्हास के साथ दूसरे विकेट के लिए 92रन जोड़े। 17वें ओवर में खिलन पटेल ने उस्मान खान (35) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। चौथे बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरे अहमद हुसैन ने समीर मिन्हास के साथ तीसरे विकेट के लिए 137 रन जोड़कर बड़े लक्ष्य की नींव रखी।

38वें ओवर में भारतीय गेंदबा. जों ने वापसी की और खिलन पटेल ने अहमद हुसैन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अहमद हुसैन ने 72 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 56 रनों की पारी खेली। 43वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे समीर मिन्हास को कनिष्क चौहान के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। समीर मिन्हास ने 113 गेंदों में 17 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 172 रनों की पारी खेली।

इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के रनों पर लगाम लगाई और उसके बल्लेबाजों को सस्ते में आउटकर पवेलियन भेज दिया। हुजैफा एहसान (शून्य), कप्तान फरहान युसूफ (19), मोहम्मद शयान (सात) और अब्दुल सुभान (दो) रन बनाकर आउट हुये।

पाकिस्तान की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 347 रनों का स्कोर खड़ा किया। निकाब शफीक 12 रन बनाकर और मोहम्मद सय्याम 13 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से दीपेश देवेंद्रन ने तीन विकेट लिए। हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने दो-दो विकेट झटके। कनिष्क चौहान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# घरेलू क्रिकेट ने खोले ईशान किशन के लिए विश्वकप टीम के दरवाजे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम में ईशान किशन की टी-20 विश्व कप 2026 के लिए वापसी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि राष्ट्रीय चयन का आधार सिर्फ आईपीएल नहीं, बल्कि घरेलू क्रिकेट में निरंतर प्रदर्शन होना चाहिए। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर और पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इशान के चयन को घरेलू क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का इनाम बताया है।

गावस्कर ने कहा कि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में ईशान किशन का शानदार प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लंबे समय तक टीम से बाहर रहने के बाद ईशान ने झारखंड को खिताब दिलाया और खुद बेहतरीन फॉर्म में नजर आए। गावस्कर के मुताबिक जब कोई खिलाड़ी प्रदर्शन करता है, हालांकि, गावस्कर ने शुभमन गिल को टी20 टीम से बाहर किए जाने को हैरान करने वाला फैसला बताया, लेकिन यह भी माना कि टी20 क्रिकेट में लय और तेज शुरुआत बेहद अहम होती है। उनके अनुसार, गिल का स्वाभाविक खेल टेस्ट क्रिकेट के ज्यादा अनुकूल है और टी20 में फॉर्म की कमी उनके खिलाफ गई। पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने भी चयन समिति, खासकर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर की खुलकर तारीफ की।

उन्होंने कहा कि टीम संयोजन को प्राथमिकता दी गई और गिल को बाहर करना भले ही मुश्किल फैसला रहा हो, लेकिन यह सही था। हरभजन ने ईशान किशन और रिंकू सिंह की वापसी को सकारात्मक कदम बताया और अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाए जाने को भी शानदार फैसला करार दिया।

**खेल विशेष**

## मेलबर्न टेस्ट में नहीं खेलेंगे कमिंस

**एडिलेड, वार्ता।** अपनी चोट की परवाह किये बिना एडिलेड टेस्ट में खेलने वाले आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिए हैं कि बॉक्सिंग-डे टेस्ट और इसके बाद शायद अब वह इस सीरीज का कोई मैच खेलेंगे। मैच में छह विकेट लेने वाले कमिंस ने बैक इंजरी से उबरते हुए लगभग साढ़े पांच महीने बाद कोई मैच खेला था और उनके लिए लगातार दो टेस्ट खेलना आसान नहीं मैच के बाद कमिंस ने कहा कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं लेकिन बाकी बची सीरीज के लिए हमें इंतजार करके देखना होगा। हमें पता था कि ऐसे जीतना है तो हमने काफी आक्रामक तैयारी की थी और हमें लगता है कि यह इसके लायक था। अब जबकि सीरीज जीती जा चुकी है तो ऐसा लग रहा है कि काम हो गया और अब खतरे के बारे में फिर से निरीक्षण की जरूरत है।अगले कुछ दिनों में हम इस पर काम कर लेंगे, लेकिन मुझे संदेह है कि मैं शायद ही मेलबर्न टेस्ट में खेलूं और फिर हम सिडनी के बारे में बात करेंगे। लेकिन निश्चित रूप से सीरीज शुरू होने से पहले, सीरीज के दौरान, हमने सोचा था कि चलो जोखिम उठाते हैं और प्रयास करते हैं, अब जब यह खत्म हो गई है, तो मुझे लगता है कि हमें इस बारे में बात करनी होगी। ये ऐसी सीरीज है जिसके बारे में हम लंबे समय से सोच रहे थे। आज ये आसान नहीं था, लेकिन हम काम पूरा करने में सफल रहे। हमारा चेंजिंग रूम बेहद उत्सुक है। इंग्लैंड पर दबाव बनाए रखने को लेकर कमिंस ने कहा कि मुझे लगता है कि यही वह समय होता है जब यह क्रिकेट टीम अपने सर्वश्रेष्ठ पर होती है। ऑस्ट्रेलिया में आप चीजों को अधिक जल्दबाजी में नहीं कर सकते। आप चाहेंगे कि सब कुछ फौरन हो जाए, लेकिन ऐसा हमेशा नहीं होता। यहां अधिकतर समय पुराने ढंग की मेहनत और लगातार जद्दोजहद करनी पड़ती है। आज सभी खिलाड़ियों की मेहनत मुझे बेहद पसंद आई। मैच थोड़ा सा मेरी उम्मीद से अधिक करीब आ गया था, लेकिन मैं बेहद खुश हूं। मुझे लगता है।

# डेवोन कॉन्वे ने दोहरा शतक और टेस्ट में शतक लगाकर इतिहास रचा

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक और फिर शतक बनाकर अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया है। इसी के साथ वह यह कारनामा करने वाले पहले कीवी बल्लेबाज बन गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार कॉनवे ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ओवल में तीसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे आखिरी दिन चाय से ठीक पहले शतक बनाकर यह दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। उन्होंने एंडरसन फिलिप की गेंद पर कट शॉट लगाकर अपनी दूसरी पारी का शतक पूरा किया। यह उपलब्धि उनकी पहली पारी में शानदार 227 रन बनाने के बाद मिली, जिसने मैच में न्यूजीलैंड की मजबूत स्थिति की नींव रखी।

ऐसा करके 34 वर्षीय कॉन्वे एक ही मैच में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले पहले न्यूजीलैंड और टेस्ट इतिहास में केवल 10वें खिलाड़ी बन गए। कॉन्वे ब्रायन लारा, ग्राहम गूच, कुमार संगकारा और हाल ही में मार्नस लाबुशेन और शुभमन गिल जैसे दिग्गजों की एलीट सूची में शामिल हो गए। चौथे दिन चाय के समय, न्यूजीलैंड अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 192 रन पर था और मैच में अभी चार सत्र बाकी रहते हुए 347 रनों की मजबूत बढ़त बनाए हुए था।

# मेसी का दौरा शानदार, लेकिन फुटबॉल को कोई ठोस फायदा नहीं

● **इसमें कोई शक नहीं कि मेसी अब तक के सबसे अच्छे फुटबॉलरों में से एक हैं और हमारे देश में ऐसी मशहूर हस्तियों की मेजबानी यादगार रहेंगी: अनादि**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय फुटबाल के जाने माने खिलाड़ी रहे अनादि बरूआ का मानना है कि फुटबाल के अंतर्राष्ट्रीय सितारे लियोनेल मेसी के भारत दौरे ने भीड़ तो बहुत खींची लेकिन इससे देश में फुटबाल को बढ़ावा देने में कोई मदद नहीं मिली।

बरूआ ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि लियोनेल मेसी अब तक के सबसे अच्छे फुटबॉलरों में से एक हैं और हमारे देश में ऐसी मशहूर हस्तियों की मेजबानी करना हमेशा यादगार होता है। हालांकि, लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल के साथ उनके इस दौरे से भारत में आम तौर पर खेल और विशेषकर फुटबॉल को बढ़ावा देने में कोई मदद नहीं मिली। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के लोगों द्वारा आयोजित मेसी का यह दौरा फुटबॉल के लिहाज से तब अधिक सार्थक होता जब वह यहां की राष्ट्रीय टीम या कोई स्थानीय क्लब के खिलाफ मैच खेलते, जैसा कि पेले ने 1977 में मोहन बागान के खिलाफ खेला था। यह तब भी सार्थक हो सकता था जब वह किसी अकादमी का दौरा करते और उभरते हुए फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते। इसके अलावा अगर वह गरीब बच्चों से मुलाकात कर उनसे बातचीत करते तो इसका कुछ सामाजिक महत्व होता। हालांकि, यह दौरा मार्केटिंग को लेकर था। विदेश के लोग जानते हैं कि भारत एक बहुत बड़ा बाजार है, इसलिए यह दौरा अधिकतर इंटर मियामी का विज्ञापन करने और अगले साल होने वाले विश्व कप के बारे में चर्चा पैदा करने के लिए था।

बरूआ ने कहा कि जिन लोगों ने कभी यह खेल नहीं खेला और जिनका इस खेल से असल में कोई लेना-देना नहीं था, वे इस दौरे के दौरान अर्जेंटीना के इस दिग्गज के साथ फोटो खिंचवाने के लिए सबसे अधिक उत्सुक दिखे। मेसी के दौरे के दौरान हमने कुछ अजीब हरकतें देखीं, उनमें से एक थी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह का उन्हें क्रिकेट बैट देना, जिस पर 2024 का आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों के खास साइन और ऑटोग्राफ थे। उन्होंने कहा कि यह भी देखना होगा कि दिग्गज फुटबॉलर का दौरा ऐसे समय में हुआ जब हमारा फुटबॉल अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है।

एक तरफ हमारी सीनियर पुरुष टीम दुनिया में 142वें नंबर पर है (19 नवंबर, 2025 की फीफा रैंकिंग) और दूसरी तरफ आईएसएल सीजन को लेकर अनिश्चितताएं हैं। जब हम फुटबॉल की बात करते हैं, तो हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि लगभग सभी देश यह खेल खेलते हैं, उनमें से अधिकतर लोग इस 'खूबसूरत खेल' को बहुत जुनून से फॉलो करते हैं। इसलिए अगर हमें एक महत्वपूर्ण फुटबॉलिंग देश बनना है।

# भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को किया सम्मानित

● **यह दौरा भारत में ब्लाइंड महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो राष्ट्रीय स्तर पर इस खेल के लिए बढ़ती पहचान और समर्थन को रेखांकित करता है**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्व कप जीतने वाली भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को 19 दिसम्बर को मुख्यालय में गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए सम्मानित किया। बीसीसीआई की ओर से रविवार को बताया गया कि भारतीय ब्लाइंड महिला जो पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही।

बीसीसीआई के मानद कोषाध्यक्ष रघुराम भट्ट ने उन्हें सम्मानित किया, खिलाड़ियों से बातचीत की और बोर्ड की ओर से हार्दिक बधाई दी। यह दौरा



भारत में ब्लाइंड महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो राष्ट्रीय स्तर पर इस खेल के लिए बढ़ती पहचान और समर्थन को रेखांकित करता है। भारत ने नेपाल के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। भारतीय टीम ने 115 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 12-1 ओवर में सात विकेट से जीत दर्ज की। इस शानदार जीत ने भारतीय टीम के लिए एक यादगार अभियान का समापन किया। बीसीसीआई ने कप्तान दीपिका टीसी, उनकी टीम के साथियों और सहयोगी सदस्य को उनके शानदार प्रयास के लिए बधाई दी।

बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने भी बातचीत के दौरान टीम को वर्चुअली संबोधित किया और बोर्ड की ओर से निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया, जिसमें भविष्य के दौरों के लिए प्लेइंग किट और यात्रा में सहायता शामिल है।

इस उपलब्धि को ऐतिहा. सिक बताते हुए बीसीसीआई ने टीम की सफलता को एक मील का पत्थर माना। बीसीसीआई के कई वरिष्ठ धिकारियों ने खिलाड़ियों की सहनशक्ति और दृढ़ संकल्प के लिए उनकी सराहना की। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा, ष्यह ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और एक ऐसा क्षण है जिस पर पूरा देश गर्व कर सकता है। ऊंचाइयों को छूते रहें।

# इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया के 'जबरदस्त हमले' नहीं झेल सका: बेन स्टोक्स

**एडिलेड, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वह कप्तानी के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन यह भी स्वीकार करते हैं कि पहले तीन टेस्ट मैचों में उनकी टीम ऑस्ट्रेलिया के 'जबरदस्त हमले' को झेल नहीं सकी और रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए मात्र 11 दिनों में ही ऐशेज सीरीज गंवा बैठी। 2022 से इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान रहे स्टोक्स ने इस दौरे से पहले दो साल का नया केन्द्रीय अनुबंध साइन किया था, जो 2027 की गर्मियों के अंत तक चलेगा।



उन्होंने कहा कि कप्तान बने रहने की उनकी इच्छा 'बिल्कुल' बरकरार है और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर दौरे की शुरुआत से अब तक कुछ भी नहीं बदला है। इंग्लैंड इस उम्मीद के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंचा था कि वह 2010-11 के बाद पहली बार ऐशेज सीरीज जीतने वाली टीम बनेगा, लेकिन उसे पूरी तरह मात मिली। पर्थ और ब्रिस्बेन में आठ विकेट से और एडिलेड में 85 रन से हार झेलनी पड़ी। स्टोक्स ने माना कि ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड से 'बहुत अच्छा' साबित हुआ और विशेषकर अपने गेंदबाजों की अस्थिरता को बड़ी निराशा बताया। स्टोक्स ने कहा कि यह वाकई बहुत खराब लगता है। अब यह जानना कि हम यहां जो हासिल करने आए थे, वह नहीं कर सकते यह स्पष्ट तौर पर बहुत निराशाजनक है। मेरे लिए बात बिल्कुल साफ है कि ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों में हमसे कहीं अधिक कहीं ज्यादा निरंतरता के साथ अमल किया है। उन्होंने हर चीज को हमसे कहीं बेहतर तरीके से और कहीं ज्यादा लंबे समय तक लगातार अंजाम दिया है। हमारे पास भी कुछ लम्हे ऐसे रहे हैं जब हम बहुत अच्छे थे, लेकिन इस सीरीज में अब तक ऑस्ट्रेलिया हमसे कहीं लंबे समय तक और कुल मिलाकर कहीं बेहतर रहा है। उन्होंने कहा, ष्हम पता है कि यहां कौन-सी योजनाएं काम करती हैं। हम बस उन योजनाओं को पर्याप्त समय तक सही ढंग से लागू नहीं कर पाए। हमने यह कुछ-कुछ लम्हों में और कुछ चरणों में किया।

## पीसीबी ने दो नई फ्रेंचाइजी के लिए पीएसएल बिड की तिथि आगे बढ़ाई

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के लिए दो नई फेंचाइजी के लिए बिड जमा कराने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दिया है। पीसीबी ने बताया कि बोली लगाने की 22 दिसम्बर तिथि को बढ़कर अब 24 दिसम्बर कर दिया गया है, क्योंकि इस दौरान दो छुट्टियां थीं और इच्छुक पार्टियों ने अतिरिक्त समय मांगा था। पहला विस्तार यूरोप, अमे. रिका, मध्य पूर्व और अन्य जगहों के निवेशकों की 'बढ़ती रुचि' को देखते हुए किया गया था। पाकिस्तान क्रिकेट के अध्यक्ष मो. हसिन नकवी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि यूरोप, अमेरिका, मध्य पूर्व और अन्य जगहों से नई एचबीएल पीएसएल टीमें खरीदने में बढ़ती रुचि को देखते हुए, हमने बिड जमा कराने की तिथि एक सप्ताह बढ़ाकर 22 दिसम्बर 2025 कर दी है।

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 82 रनों से हराकर एशेज 3-0 से अपने नाम किया

● **मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और नाथन लियोन ने तीन-तीन विकेट हासिल किए**



**एडिलेड, वार्ता।** मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस, नाथन लियोन (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन इंग्लैंड को दूसरी पारी में 352 के स्कोर पर समेट कर 82 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की निर्णायक बढ़त बना ली। आज यहां इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 206 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों आक्रमण के आगे इंग्लैंड की दूसरी पारी में 352 रनों पर सिमट गई। हालांकि जेमी स्मिथ (60) और विल जैक्स (47) ने जोरदार संघर्ष किया। सुबह के सत्र में मिचेल स्टार्क ने जेमी स्मिथ को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद 93वें ओवर में स्टार्क ने विल जैक्स को भी अपना शिकार बना लिया। जोफ्रा आर्चर तीन रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया के तेज गें. दबाजों ने तनावपूर्ण आखिरी सेशन में धैर्य बनाए रखा, जिसमें मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड ने निर्णायक वार किए। 103 वें ओवर की पहली गेंद पर स्कॉट बोलैंड ने जॉश टंग (एक) को आउटकर मेहमान टीम की दूसरी पारी को 352 के स्कोर पर अंत कर दिया। उन्होंने दो टेस्ट मैच बाकी रहते ही सीरीज अपने नाम कर ली। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दोनों पारियों में 371 और 349 रन बनाए थे, जिससे इंग्लैंड के सामने एक मुश्किल चुनौती खड़ी हो गई थी। विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी को स्टंप के पीछे और बल्ले से अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, उन्होंने मैच के अहम चरणों में स्थिरता प्रदान की। स्टार्क आखिरी पारी में सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे, उन्होंने अहम मौकों पर विकेट लेकर इंग्लैंड की लय को रोका, जबकि कप्तान पैट कमिंस ने भी महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाईं।

# विश्वासघात की खौफनाक साजिश: पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की निर्मम हत्या

## महिलाओं द्वारा पुरुषों पर बढ़ते अपराध: समाज के लिए गंभीर चेतावनी, मासूम बच्चों का भविष्य दांव पर: मां की ममता पर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** वासना और अवैध संबंधों की आग में एक महिला ने अपना हँसता-खेलता घर उजाड़ लिया। जिस पति के साथ सात फेरे लेकर जीवन भर साथ निभाने का वचन दिया, उसी को ठिकाने लगाते समय उसके हाथ-पैर तक नहीं कांपे और प्रेमी के साथ मिलकर पति की ऐसी निर्मम हत्या की कि रूह कांप उठे। यह मामला न केवल रिश्तों की मर्यादा को तार-तार करता है, बल्कि समाज को भी झकझोर देने वाला है। बता दें कि जनपद संभल के गांव रजपुरा गवां निवासी राहुल की शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व रुबी से हुई थी। शादी के एक-दो वर्ष बाद राहुल ने चन्दौसी के मौहल्ला चुन्नी में मकान खरीदा और वहीं परिवार के साथ रहने लगा। पहले राहुल राजमिस्त्री का काम करता था और फिलहाल में वह जूतों-चप्पलों को बेचने का काम कर रहा था। सुंदर कद-काठी और सरल स्वभाव के राहुल को कभी इस बात का अंदेशा नहीं था कि जिस पत्नी से





वह बेइंतहा प्यार करता है, वही एक दिन उसकी मौत की साजिश रच देगी। बीते वर्षों में दंपती के दो बच्चे भी हुए, जिनसे राहुल बेहद प्यार करता था और उन्हें पढ़ा-लिखाकर ऊंचाइयों तक पहुंचाने का सपना देखता था। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था जिसका परिणाम यह हुआ कि राहुल का क्षत-विक्षत शव पतरौआ ईदगाह के पास नाले से मिला। बताया जाता है कि रुबी के जीवन में अभिषेक उर्फ सौरभ की एंट्री हुई। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और यह रिश्ता अवैध संबंधों में बदल गया। राहुल को समय रहते पत्नी के बदलते व्यवहार की भनक लग गई थी, लेकिन बच्चों और रिश्ते की मजबूरी के चलते वह सब कुछ सहता रहा, यह सोचकर कि शायद समय के साथ हालात सुधर जाएं। राहुल की 09 वर्षीय बेटी के अनुसार, अभिषेक का घर में आना-जाना लगा रहता था। वह कीमती सामान और होटल से महंगा खाना लाकर देता था। बच्चों को लालच देकर बाहर भेज देता और कई बार उनसे कहता था कि 'बस एक-दो महीने की बात है, फिर तुम दोनों हमारे साथ रहोगे।' यह बातें अब पूरे मामले को और भी गंभीर बना देती हैं। बीते 18 नवंबर 2025 को राहुल अचानक लापता हो गया। इसके बाद षड्यंत्र के तहत उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। राहुल के साले का कहना है कि शादी के समय रुबी ऐसी नहीं थी, लेकिन अभिषेक ने उसके दांपत्य जीवन में जहर घोल दिया। रुबी और अभिषेक के संबंध इस हद तक बढ़ चुके थे कि दोनों ने राहुल को रास्ते से हटाने की खौफनाक योजना बना डाली। हत्या को अंजाम देने का तरीका इतना भयावह था कि दुश्मन भी शायद ऐसा न करे। राहुल की हत्या के बाद पहचान मिटाने के उद्देश्य से लकड़ी काटने वाले कटर से उसके हाथ, पैर और सिर धड़ से अलग कर दिए गए। अभिषेक बेहद शातिर और तेज दिमाग बताया जा रहा है। उसने शव के टुकड़ों को शहर से करीब 60 किलोमीटर दूर अलग-अलग स्थानों पर पानी में फेंक दिया, ताकि सबूत मिट जाएं। इतना सब करने के बाद भी प्रेम में अंधी महिला ने अपने मासूम बच्चों के भविष्य के बारे में एक बार भी नहीं सोचा। जब पुलिस मृतक के कपड़े लेकर पत्नी रुबी के पास पहुंची तो उसने पहचान करने से इंकार कर दिया, लेकिन पुलिस को शुरू से ही शक था कि 'दाल में कुछ काला है।' इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर की सतर्कता और मेहनत रंग लाई। पूछताछ में आरोपियों ने पहले राहुल की आत्महत्या की कहानी गढ़ने की कोशिश की, फिर साक्ष्य मिटाने की बात सामने आई। हालांकि आरोपी हर संभव तरीके से बचने की कोशिश करते रहे, लेकिन कानून की पकड़ से बच नहीं सके। रविवार को फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर नमूने एकत्र किए। पुलिस इस बात का विशेष ध्यान रख रही है कि जांच में कोई चूक न हो और किसी निर्दोष को सजा न मिले। यह जघन्य हत्या का मामला यहीं खत्म नहीं होता, बल्कि इसमें हर कदम पर आरोपियों की शातिर सोच सामने आती है। मोबाइल फोन तक साथ नहीं ले गए, ताकि लोकेशन ट्रेस न हो सके, लेकिन कहते हैं न: अपराधी कितना भी चालाक क्यों न हो, कानून के शिकंजे से बच नहीं सकता। यह घटना समाज के लिए एक कड़ा संदेश है कि जब रिश्तों में विश्वास टूटता है और वासना हावी हो जाती है, तो परिणाम कितना भयावह हो सकता है।

# भागवत कथा से पूर्व भक्ति भाव से निकली कलश यात्रा, नगर मेला कमेटी ने फूल बरसाकर किया स्वागत

**बिलारी।** नगर के पौड़ा खेड़ा मन्दिर में भव्य कलश यात्रा के साथ काव्य शैली में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ हुआ। सर्वप्रथम मंदिर चामुण्डा देवी गमादेवत परिसर में महिलाएं कलश लेकर एकत्र हुईं वहां पूजा अर्चना के उपरांत कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। जयकारों के साथ कलश यात्रा शकील हलवाई के आगे से झंडा रोड पर पहुंची जहां नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, दुष्यंत चौहान आदि ने कलश यात्रा पर फूल बरसाए और रथ पर चल रहे कथा व्यास नरेंद्र आनंद सरस्वती महाराज काशीपुर का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके उपरांत कलश यात्रा झंडा चौक, रैली चौक, सर्राफा बाजार, पुराना डाक खाना, कोतवाली एवं शाहबाद चौराहा होते हुए मंदिर पौंडा खेड़ा कथा स्थल पर पहुंची। उसके बाद व्यास महाराज ने भक्ति ज्ञान और वैराग्य पर चर्चा करते हुए कहा भागवत कथा सुनकर जीव का कल्याण होता है, पूर्वज तृप्त होते हैं। गोकर्ण और धुंधकारी नमक दो भाइयों का प्रसंग सुनाया कि गोकर्ण सत्संगी थे और धुंधकारी कुसंग में पड़ गया था जिसको



अपनी भक्ति और ज्ञान से गोकर्ण ने मुक्ति दिलाई। कलश यात्रा में शिखा गुप्ता, रुचि गुप्ता, प्रीति गुप्ता, रुबी गुप्ता मोनिका गुप्ता मधु गुप्ता नैंसी गुप्ता प्रशस्ति गुप्ता गुंजन अग्रवाल अनन्या गुप्ता पूजा सिंह प्रिया चौहान, पंकज चौहान राजू गुप्ता एडवोकेट, संजीव गुप्ता, दीपक गुप्ता, आकाश गुप्ता, नितिन गुप्ता आदि शामिल रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर नि:शुल्क निबंध प्रतियोगिता, छात्र-छात्राएं सम्मानित

**चन्दौसी।** रविवार को कैथल गेट स्थित चंदौसी इंटर कॉलेज, चन्दौसी में मानव हितार्थ संस्था मानवाधिकार संघ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित नि:शुल्क निबंध प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। परिणाम घोषणा के उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामप्रसाद यादव (जिला अध्यक्ष, पुलिस पेंशनर यूनियन) के साथ संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, प्रतियोगिता संयोजक डॉ. दीपचंद अग्रवाल एवं संस्था संरक्षक जगदीश राना द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दृष्टि गौड़ (बी.एम.जी. इंटर कॉलेज), द्वितीय स्थान अनुराधा (आर.एस. इंटर कॉलेज) तथा तृतीय स्थान अमरजीत (चंदौसी इंटर कॉलेज, चन्दौसी) ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि रामप्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और लक्ष्य निर्धारण की क्षमता विकसित करती हैं। ये प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होती हैं तथा हार-जीत को संतुलित रूप से स्वीकार करने का कौशल सिखाती हैं। साथ ही जिम्मेदार निर्णय लेने, समस्या समाधान और सामाजिक कौशल के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। चंदौसी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने अपने काव्य पाठ के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों में नई ऊर्जा का संचार किया। प्रदेश संयोजक अश्वनी कुमार शर्मा ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं सोशल मीडिया के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उसके सदुपयोग एवं दुरुपयोग की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्था समय-समय पर मानव हित में जनमानस को जागरूक करने तथा बच्चों के मानसिक, शारीरिक और शैक्षिक विकास के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करती रहती है। डॉ. टी.एस. पाल ने मुख्य अतिथि के साथ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को सम्मानित किया और कहा कि आधुनिक युग में सूचना प्रौद्योगिकी एवं सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग कर बच्चे समाज में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने संस्था के उद्देश्य एवं प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

कार्यक्रम का सफल संचालन अश्वनी कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुखपाल सिंह गौर, शांति राना, राजू बनर्जी, बृजगोपाल गुप्ता, जगदीश राना, विभुकांत शर्मा, दिनेश भारद्वाज, सुरेश पाल सिंह यादव, दिनेश पाल सिंह दिलकश, कवेन्द्र कुमार गौड़, नीलेन्द्र सिंह जादौन, आशीष पाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शांतिकुंज हरिद्वार में मनने वाले शताब्दी वर्ष को लेकर गायत्री परिजनों ने यज्ञ कर की गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** चंदौसी रोड पर स्थित फतेहपुर नतथा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सौजन्य से गायत्री प्रज्ञा मंडल के परि. जनों द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अगले वर्ष शांतिकुंज हरिद्वार में मनने बाले जनशताब्दी वर्ष, अखंड दीप शताब्दी वर्ष, तथा परम पूज्य गुरुदेव के आध्यात्मिक साधना शताब्दी वर्ष त्रिवेणी संगम को मनाने, नशा मुक्ति उन्मूलन अभियान को गति देने, विद्यालयों में गायत्री मंत्र का व्यापक प्रचार प्रसार तथा गुरुदेव के सदवाक्य व सद चिंतन को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया गया। गायत्री यज्ञ में कार्यक्रम की सफलता देश व समाज की खुशहाली के लिए गायत्री परि. जनों ने आहुतियां समर्पित की। गोष्टी से पूर्व गायत्री परिजनों ने उच्च स्वर से सामूहिक रूप से गायत्री महामंत्र का उच्चारण किया। गोष्ठी की शुरुआत रमेश चंद्र यादव, सुखबीर सिंह यादव ने ष्युग परिवर्तन की बेला है चलो साथ हो चलें, नया युग आने वाला हैष प्रज्ञा गीत सुनकर सर्दियों में गर्मी का एहसास करा दिया। बिलारी तहसील क्षेत्र मे ज्योति कलश के स्वागत और गांव-गांव भमण का रूट चार्ट तैयार कर कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी आदि शक्ति मां गायत्री के चित्र पर राम सिंह यादव ने पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजय



पाल सिंह राघव ने कहा कि 14 जनवरी को तहसील बिलारी क्षेत्र में शताब्दी वर्ष की सफलता के लिए ज्योति कलश क्षेत्र में भ्रमण करेगा और जनमानस को हम बदलेंगे युग बदलेगा आदि विचारों से अवगत कराएगा। ज्योति कलश का उद्देश्य क्षेत्र की जनता को परम पूज्य गुरुदेव के सद वाक्य सब चिंतन तथा युवाओं को पद भ्रष्ट होने से बचने के लिए उन्हें इस अभियान से जोड़ना है। जिससे वह अपना जीवन का सदुपयोग कर सकें। आज का युवा अपने मार्ग से भटकता जा रहा है, उसे सन्मार्ग पर लाने के लिए पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा रचित सदसाहित्य से जोड़ना होगा। युवा ही देश की पूंजी है और समाज को नई दिशा देने में उनकी अहम भूमिका है। इसलिए ऐसे में उन्हें पद भ्रष्ट होने तथा नशा पान के दुष्परिणों को बताकर सन्मार्ग पर लाना होगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम सिंह यादव ,सुखबीर सिंह यादव, विजयपाल सिंह राघव, डॉक्टर धर्मेंद्र यादव, रमेश चंद, सुरेश यादव, रमेश सिंह, श्री राम सिंह, हर ज्ञान सिंह, अनिल शर्मा, मोरध्वज सिंह ,ज्ञानेश यादव, राम रईस, सोमपाल सिंह, रामेश्वर सिंह, राजू, गुडिया देवी, पुष्पा देवी, ओमवती देवी, सावित्री देवी, हेमा देवी आदि सहित अन्य गायत्री परिजन मौजूद रहे।

# किसान दिवस पर अन्नदाताओं का सम्मान, बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल में हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** किसान दिवस के अवसर पर बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल परिसर में किसान गोष्ठी एवं किसान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अन्नदाता किसानों के योगदान को सम्मानित करते हुए कृषि क्षेत्र में जागरूकता, नवाचार और आत्मनिर्भरता का संदेश देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत अतिथि स्वागत एवं परिचय तथा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कृषि सलाहकार डॉ. दीपक मेंदीरत्ता ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, वैज्ञानिक खेती, लागत कम कर आय बढ़ाने तथा फसल विविधीकरण के विषय में उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय के साथ तकनीक अपनाकर किसान अपनी मेहनत को और अधिक लाभकारी बना सकता है। इसके पश्चात बी एम बी एल जैन वर्ल्ड स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा और कृषि का समन्वय ही ग्रामीण विकास की मजबूत नींव है तथा शिक्षण संस्थान किसानों के साथ खड़े रहकर समाज निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। समारोह के मुख्य अतिथि सम्भल के उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी ने किसानों को संबोधित करते हुए सरकारी कृषि योजनाओं, उन्नत बीज, मृदा परीक्षण एवं आधुनिक संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसान जितना सशक्त होगा, देश उतना ही समृद्ध होगा। कार्यक्रम में एक साथ 104 किसानों/ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया, जिससे सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सम्मान पाकर किसानों के चेहरे पर उत्साह और गर्व स्पष्ट दिखाई दिया। इसके उपरांत डॉ. पवन कुमार जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि किसान, ग्रामीण समाज और राष्ट्र के समग्र विकास में सक्रिय सहभागिता करना है। समापन की ओर बढ़ते हुए सर्वहितकारी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की सदस्यता की जानकारी दी गई तथा बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल एवं फार्मेसी कॉलेज में प्रवेश संबंधी विवरण साझा किया गया। इसके पश्चात सभी आगंतुकों को भोजन हेतु आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का समापन वन्दे मातरम् के साथ हुआ।





समारोह का संचालन बी एम बी एल जैन ग्रुप के डायरेक्टर संभव जैन ने किया, जबकि सह-संचालन रुचि वार्ष्णेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में एक पर मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में एक युवक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बिलारी के गांव के रहने वाले ग्रामीण ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी 16 साल की बेटी को बीती 4 दिसंबर को शाम 6:45 बजे गांव का रहने वाला नरेंद्र पुत्र रामकरन अपने साथ बहला फुसला कर ले गया। उसकी बेटी के पास एक छोटा मोबा. इल बरामद हुआ।

जिस पर युवक का नंबर था। उसे नंबर पर कॉल की तो उसने फोन काट दिया, बाद में नंबर ब्लैक लिस्ट पर डाल दिया। मामले में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग उठाई है।

# केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार वार्डन व स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निद. ेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र के पंचम दिन दिन आज दिनांक 21/12/2025 को प्रशिक्षण सत्र में सर्वप्रथम ष्इतनी शक्ति हमें देना दाताष प्रार्थना की गई। तत्पश्चात नीरज चक, उपनियंत्रक द्वारा पहले सेशन में ष्क्षतिग्रस्त भवन में प्रवेश आदिष के बारे में बताया गया। दूसरे सेशन में मो0 हारून, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग द्वारा ष्सर्वे संरचना और खोज आदिष को समझाया गया। फायरमैन लोक. ेश कुमार और कामेंद्र सिंह के द्वारा सभी प्रशिक्षक भारतीयों को हाई प्रेशर पंप से बड़ी आग और फायर एक्सटिंग्विशर के माध्यम से छोटी



आज बुझे जाते समय उपकरणों का प्रयोग उनको जांचना उनका प्रयोग में लाते समय सावधानियां बरतना आदि विस्तृत रूप से समझाया गया और उसके बाद लाइव डेमो कराते समय उपकरणों का प्रयोग भी करवाया गया। पांचवें दिन के अंतिम सेशन में सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक द्वारा बचाव के आपातकालीन तरीके पर चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कार्यालय से तुषार अग्रवाल डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, अशोक कुमार गुप्ता, वसीम अंसारी, वसीम अख्तर, शरीफ अहमद, अनुज गुप्ता, राजदीप आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

## पैर फिसलने से ट्रेन के नीचे गिरा यात्री, मौत

**चन्दौसी।** अचानक पैर फिसलने से एक यात्री ट्रेन के नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की सहायता से संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही घायल यात्री ने दम तोड़ दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक यात्री की पहचान नहीं हो सकी है।

## लड़की भगा कर ले जाने के मामले में युवक के खिलाफ रिपोर्ट

**कांठ ( शाह टाइम्स )** लड़की को भगा कर ले जाने के मामले में जनपद बिजनौर के युवक के खिलाफ लड़की के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी लड़की 15 दिसंबर को घर से कहीं जाने के लिए कह कर गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी लड़की के पिता ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई मगर बाद में पता चला कि थाना चांदपुर के गांव का युवक उसे भगाकर ले गया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# खेत पर जा रहे दो सगे भाइयों पर नशेड़ियों ने किया चाकू से हमला, थाने में दी तहरीर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नशे के बढ़ रहे कारोबार के चलते अब ग्रामीण सुरक्षित नहीं है आज खेत पर जा रहे दो सगे भाइयों पर गाड़ी सवार नशेड़ियों ने चाकू से हमला कर दिया जिसमें दोनों को काफी चोटे आई घायल अवस्था में परिवार के लोग उन्हें लेकर थाने पहुंचे जहां पर उन्होंने नशेड़ियों के खिलाफ तहरीर दी। मुख्तियारपुर नवादा निवासी संजय और संजीव पुत्रगण शिवकुमार सिंह के आशापुर कॉलोनी के पीछे खेत हैं वहां पर पुलिस की निगरानी के बावजूद भी नशेड़ियों का दाएं बाएं से आना जाना लगा रहता है यहां पर नशे का कारोबार इतना फैल चुका है कि आसपास के जनपद के नशे का कारोबार करने वाले लोग भी यहां आकर अपनी जरूरत को पूरा करते हैं। आज शाम करीब 3:15 बजे संजय और संजीव दोनों भाई खेत पर जा रहे थे। जैसे ही आशापुर कॉलोनी के पास पहुंचे एक काली गाड़ी में सवार लोगों को टोकने पर उन्होंने चाकू से हमला कर दिया पहला बार संजय पर हुआ लेकिन उसे बचाने के लिए उसका भाई संजीव बीच में आ गया जिससे उसके हाथ पर दो जगहों चाकू लग गया उस वक्त आशापुर कॉलोनी के जयंत सहित एक दो और लोग



मौजूद थे। घटना होते ही गाड़ी सवार और आशापुर कॉलोनी के नशे का कारोबार करने वाले लोग मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव के काफी लोग इकट्ठे हो गए और घायलों को लेकर थाने पहुंचे जहां पर उन्होंने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने घायलों को चिकित्सा परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवाया बताया गया की घटना से चंद मिनट पहले ही पुलिस ने आशापुर कॉलोनी में दविश दी थी लेकिन उस वक्त वहां उन्हें कोई नहीं मिला मगर पुलिस के जाते ही नशा व्यापारी आशापुर कॉलोनी पहुंच गए और यह घटना हो गई इस घटना के बाद मुख्तियारपुर नवादा गांव के लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने एक बार फिर इस नशे के कारोबार से निपटने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने इस संबंध में कड़ी कार्वाई करने का भरोसा दिलाया है।

# जेब पर एक और बोझ

संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होते ही सरकार ने आम जनता की जेब पर एक और बोझ डाल दिया है। जी हां भारतीय रेलवे ने किराए में बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया है, जो 26 दिसंबर 2025 से लागू हो जाएगा। हालांकि कम दूरी की यात्रा करने वालों और मंथली सीजन टिकट होल्डर्स के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन 215 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे। संसद के शीतकालीन सत्र में लगभग आठ बिल पास हुए, जिनका खामियाजा जनता को अपनी जेब पर भारी पड़ गया। महंगाई घटने की बजाय और बढ़ती जा रही है, लेकिन आम जनता की आमदनी में अभी कोई वृद्धि नहीं हुई, जिसके परिणाम स्वरूप 250 किलोमीटर से ज्यादा यात्रा करने वालों को अतिरिक्त पैसे देने होंगे। इस बदलाव से भारतीय रेलवे को सालाना 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई होगी। रेलवे ने छोटे रूट और सीजन टिकट वालों को राहत रेलवे ने छोटे रूट पर यात्रा करने वाले करोड़ों यात्रियों को राहत दी है। कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही सस्ती बनी रहेंगी। इस किराया बढ़ोतरी से मिली 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय का इस्तेमाल इन्हीं कामों में किया जाएगा। यह देश का दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता है और इसके नेटवर्क को मेंटेन करने में भारी खर्च आता है। इससे पहले इसी साल 1 जुलाई को सरकार ने रेल किराए में बढ़ोतरी की थी। तब नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी क्लास के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की थी। हमारे देश के नेता अपने आप तो अच्छा खासा वेतन लेते हैं और सेवानिवृत्ति के बाद अच्छी पेंशन भी लेते हैं, लेकिन उनके बारे में कुछ नहीं सोचते, जो इस देश के उन संस्थानों में काम कर रहे हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी कमाई में इजाफा करने के लिए भी कुछ प्रयास नहीं करती है। आजकल नौकरी की तलाश में युवा एक राज्य से दूसरे राज्य में जाते हैं, जिन्हें ट्रेन से ही सफर करना पड़ता है, ऐसे लोगों को अपनी जेब हल्की करनी होगी। हालांकि एक राहत भरी खबर यह भी है कि रेलवे ने सब-अर्बन (उपनगरीय) ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। संसद में जब विपक्ष के सांसद सत्ता पक्ष से प्रश्न पूछते हैं, तो उनका गोलमोल जवाब देकर इतिश्री कर लिया जाता है। उन पर कोई बहस भी नहीं होती। सरकार अपने प्रतिष्ठानों में घाटा दिखाकर जनता को लूटने का काम कर रही है। इससे पहले इसी साल 1 जुलाई को सरकार ने रेल किरा, में बढ़ोतरी की थी। अब नए साल से पहले ही सरकार ने लोगों को झटका दे दिया है। भारतीय रेलवे बोर्ड की स्थापना मार्च 1905 में हुई थी। भारतीय रेलवे को गति प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे बोर्ड पहला अभिकरण था, जो भारत में स्थापित हुआ। यह भारतीय रेलवे बोर्ड एक्ट (1905) की धाराओं के अधीन स्थापित किया गया। रेलवे बोर्ड रेलवे में निर्णय लेने वाला सर्वोच्च विभाग है। यह बोर्ड भारतीय रेलवे से जुड़े सभी प्रोजेक्ट और पॉलिसी का निर्धारण करता है। रेलवे बोर्ड के अधिकारी क्लास ए सिविल सर्विस के तहत आते हैं और इनकी नियुक्ति यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन के तहत होती है।

## आंदोलन से ही नतीजे निकलते हैं



धरना देना सीख लो, आंदोलन से ही नतीजे निकलते हैं, जमीन किसान की है और उस जमीन से निकली फसल का दाम तय करने की किसान के पास ताकत नहीं है, किसानों के पुराने ट्रैक्टर, तो प्रदूषण के कारण रोके जा रहे हैं लेकिन सरकार के ही ट्रक दिन रात शहर में आ जा रहे हैं। जो भी ट्रक अब मुजफ्फरनगर या अन्य शहर में आएगा, तो उसे वापस नहीं जाने दिया जाएगा, किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो लखनऊ में आंदोलन होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी, अगर बात नहीं सुनी गई तो लखनऊ में ही आंदोलन होगा, इसके साथ ही अरनावली के पहाड़ बचाने के लिए भी आंदोलन किया जाएगा।

**-राकेश टिकैत, प्रवक्ता, भारतीय किसान यूनियन**

# कागज के खाली पन्नों से विश्व मंच तक, रामानुजन की अद्भुत कहानी





**योगेश कुमार गोयल**

भारत में प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारतीय गणित की गौरवशाली परंपरा और विश्वविख्यात गणितज्ञ निवास रामानुजन के अतुलनीय योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। यह केवल एक स्मृति-दिवस नहीं बल्कि गणित जैसे बौद्धिक अनुशासन के प्रति समाज में सम्मान, जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टि को सुदृढ़ करने का राष्ट्रीय प्रयास है। राष्ट्रीय गणित दिवस की औपचारिक घोषणा वर्ष 2012 में रामानुजन की 125वीं जयंती के अवसर पर की गई थी। चेन्नई में आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि ऐसे विलक्षण प्रतिभावान और गूढ़ ज्ञान से युक्त व्यक्तित्वों का जन्म समाज में बहुत कम होता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि रामानुजन की प्रतिभा न केवल गणित के क्षेत्र में बल्कि मानव बौद्धिक क्षमता की सीमाओं को समझने में भी एक प्रेरक उदाहरण है। उसी अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि रामानुजन के जन्मदिवस को प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय गणित दिवस' के रूप में मनाया जाएगा ताकि देश की युवा पीढ़ी गणित से भय के बजाय आकर्षण और नवाचार का संबंध विकसित कर सके। इस दिवस का उद्देश्य गणितीय सोच को बढ़ावा देना, अनुसंधान को प्रोत्साहित करना और यह संदेश देना है कि गणित केवल अंकों का खेल नहीं बल्कि विज्ञान, तकनीक और राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला है।

मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे निवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता था। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों, लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान् कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था। गणित में अतुलनीय योगदान के लिए निवास रामानुजन को के. रंगनाथ राव पुरस्कार भी दिया गया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्नों को हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई।

परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी, इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्नों को हल करने लग जाया करते थे। एक दिन एक ब्रिटिश की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का सम्पर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा को भांपकर उन्हें अपनी प्रतिभा को साकार करने के लिए लंदन बुला लिया और उनके लिए कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनियाभर में फैल गई। जीएस हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष श्रेणी में रखा था। 1917 में उन्हें 'लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी' का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था 'रॉयल सोसायटी' ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया। रामानु. जन ने करीब पांच साल कैम्ब्रिज में बिताए और उस दौरान गणित से संबंधित कई शोधपत्र लिखे। इंग्लैंड में उन पांच वर्षों के दौरान उन्होंने मुख्यतः संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में कार्य किया। प्रोफेसर जी एच हार्डी के साथ मिलकर रामानुजन ने कई शोध. ापत्र प्रकाशित किए और उन्हीं में से एक विशेष शोध के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने रामानुजन को बी।ए। की उपाधि भी प्रदान दी। महान् गणितज्ञ रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की। भारतीय गणित की महान् परम्परा के वाहक निवास रामानुजन को गणितज्ञों का गणितज्ञ और संख्या सिद्धांत पर अद्‌भुत कार्य के लिए 'संख्याओं का जादूगर' भी कहा जाता है, जिन्होंने खुद से गणित सीखा और जीवनभर में गणित के 3884 प्रमेयों (थ्योरम्स) का संकलन किया, जिनमें से अधिक. ांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। रामानुजन ने गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रंखला, संख्या सिद्धांत तथा निरंतर भिन्न अंशों के लिए आश्चर्यजनक योगदान दिया और अनेक समीकरण व सूत्र भी पेश किए। वे ऐसे विश्व. विख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज 'रामानुजन थीटा' तथा 'रामानुजन प्राइम' ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनियाभर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया। बहरहाल, राष्ट्रीय गणित दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि सीमित संसाधनों और औपचारिक प्रशिक्षण के अभाव में भी भारतीय प्रतिभा विश्व को नई दिशा दे सकती है, जैसा कि रामानुजन ने अपने जीवन और कार्य से सिद्ध किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खुद ही मिट जाएंगे महात्मा गांधी को मिटाने वाले



**तनवीर जाफरी**

महात्मा गांधी के नाम से नफरत करने व इसे मिटाने की कोशिशों का एक और प्रयास पिछले दिनों संसद में उस समय देखने को मिला जबकि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अर्थात मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण अथवा संक्षेप में वीबीजी राम जी कर दिया। हालांकि पहले यह खबरें थीं कि इसे पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना का नाम दिया जाएगा परन्तु आखिरकार इस योजना से सरकार ने महात्मा गांधी का नाम हटा ही दिया। गौरतलब है कि मनरेगा की शुरुआत 2005 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए सरकार द्वारा की गई थी। प्रारंभ में इसका नाम जवाहर रोजगार योजना था परन्तु बाद में कांग्रेस ने ही इस योजना को महात्मा गांधी का नाम दे दिया था। अब विपक्ष इसे गांधी का नाम हटाने और मिटाने की भाजपाई कोशिश बता रहा है, जबकि सरकार के अनुसार वह गांधी के विचारों को और मजबूत कर रही है। हालांकि सरकार ने योजना का नाम बदलने के साथ ही इस योजना में कुछ सुधार और विस्तार करने का भी दावा किया है परन्तु कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल इसे गांधी का अपमान बता रहे हैं। कांग्रेस के अनुसार इससे योजना की मूल भावना ही बदल रही है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि जिस तरह अन्य कई योजनाओं, कानूनों, मार्गों, शहरों, स्टेशन आदि के नाम बदलना भाजपा की रणनीति का एक हिस्सा है उसी तरह महात्मा गांधी का नाम हटाना भी उसी मुहिम का एक हिस्सा है। भाजपा, गांधी का सम्मान करती है, सम्मान करने का दिखावा करती है या सम्मान करते हुए नजर आना उसकी मजबूरी है यह एक ऐसी वैचारिक बहस का मुद्दा है जो गांधी की हत्या के बाद से ही छिड़ा हुआ है। गांधी का हत्यारा कौन था, उसकी विचारधारा क्या थी? आज उस विच. ारधारा के अलंबरदार कौन लोग हैं? सत्ता से उनके क्या रिश्ते हैं यह बातें किसी से छुपी नहीं हैं। विगत दस वर्षों से तो खास तौर पर जिस तरह सत्ता समर्थित अनेक सांसदों द्वारा व इसी से जुड़े अनेक संगठनों के लोगों द्वारा जिसतरह गांधी का बार बार अपमान क्या गया, यहां तक कि उन्हें गोली मारने का दृश्य तक दोहराया गया, गांधी के हत्यारे आतंकी नाथू राम गोडसे का महिमामंडन किया



गया,उसकी प्रतिमा लगाने तक के दुष्प्रयास किए गए यह सब इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए काफी हैं कि वर्तमान सत्ता के साए तले महात्मा गांधी के प्रति नफरत खूब फली फूली है। आश्चर्य की बात तो यह है जिनके आदर्श नेताओं ने अंग्रेजों के तलवे चाटे थे,उनके रहम-ओ-करम पर जीने को मजबूर थे वही शक्तियां आज उस गांधी के अपमान पर उतारू हैं जिन्हें पूरी दुनिया,यहां तक कि खुद अंग्रेज भी झुककर सम्मान देते हैं? यह पहला मौका नहीं है जबकि मनरेगा से गांधी का नाम हटाया गया है। याद कीजिए 2017 में खादी ग्रामोद्योग आयोग ने हमेशा छपने वाले अपने कैलेंडर में महात्मा गांधी की चरखा घुमाती हुई तस्वीर की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समान मुद्रा वाली फोटो लगा दी थी। उस समय खादी ग्रामोद्योग के कर्मचारियों और विपक्ष ने भी इसे गांधी जी की विरासत का अपमान बताया था। उस समय सोशल मीडिया पर भी खूब फोटोशॉप्ड मीम्स व ट्रोलिंग हुई। भाजपा नेताओं को तो शायद गांधी का नाम भी सम्मान से लेने में परेशानी होती है। तभी अमित शाह ने महात्मा गांधी को जून 2017 को छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि गांधी एक चतुर बनिया था। उस समय भी कांग्रेस ने अमित शाह पर राष्ट्रपिता के लिए चतुर बनिया शब्द का इस्तेमाल कर गांधी का अपमान करने का आरोप लगाया था। उस समय भी कांग्रेस ने कहा था कि आजादी के बाद, बीजेपी ऐसा कर रही है, जैसा अंग्रेजों ने किया था। 31 अक्टूबर 2013 को गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने वल्लभभाई पटेल को समर्पित दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का शिलान्यास गुजरात के नर्मदा जिले में केवड़िया के पास नर्मदा नदी के किनारे किया था। बाद में जब इसका निर्माण 2018 में पूरा हुआ तो नरेंद्र मोदी ने ही प्रधानमंत्री के रूप में इसका उद्घाटन भी किया। मूर्ति की ऊंचाई 182 मीटर है, जो आधार सहित कुल 240 मीटर बनती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी लोकतंत्र की पारदर्शिता और भारतीय संसद



**विनीत नारायण**

**पटेल ने इनकार किया कि संसाधनों का दुरुपयोग हुआ और कहा कि जांच चल रही है, लेकिन अदालती आदेशों से बंधे हैं। इस तरह की सुनवाई लाइव प्रसारित होती हैं, जो जनता को सीधे देखने का अवसर देती हैं और यह अमेरिकी संविधान की जांच और संतुलन की व्यवस्था का हिस्सा है। यदि तुलना की जाए तो भारत में भी संसद द्वारा किसी अधिकारी को बुलाने की प्रक्रिया है। लेकिन यह अमे. रिकी कांग्रेस की तरह सार्वजनिक और नाटकीय नहीं होती। भारतीय संसद की स्थाई समितियां, जैसे लोक लेखा समिति ( पीएसी ), अनुमान समिति या संयुक्त संसदीय समिति ( जेपीसी ), अधिकारियों को बुला सकती हैं और पूछताछ कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले में जेपीसी ने अधिकारियों को समन किया था, लेकिन यह कार्यवाहियां बंद दरवाजों के पीछे होती हैं, मीडिया को अनुमति नहीं होती और कोई लाइव ब्रॉडकास्ट भी नहीं होता। अमेरिका में जहां सुनवाई टीवी पर लाइव होती है और सांसद अधिकारियों को कड़े सवाल भी कर सकते हैं।**

अमेरिकी राजनीति में हाल ही में एक बार फिर एक ऐसी घटना घटी जब एफबीआई निदेशक काश पटेल को कांग्रेस की हाउस ज्यूडिशियरी कमिटी के समक्ष सुनवाई के लिए बुलाया गया। यह सुनवाई दिसंबर 2025 में हुई, जहां पटेल को जेफरी एपस्टीन फाइलों, एफबीआई की पारदर्शिता और अन्य विवादास्पद मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना करना पड़ा। सुनवाई के दौरान एक एपस्टीन वीडियो चलाया गया, जिसने सदन में हंगामा मचा दिया। पटेल ने दावा किया कि एपस्टीन की फाइलों में कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है कि उन्होंने अन्य लोगों को ट्रैफिकिंग की गई पीड़िताएं प्रदान की थीं और जांच पुराने गैर-अभियोजन समझौतों से बंधी हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने ही एपस्टीन के खिलाफ मामले को फिर से खोला था, जबकि पहले के प्रशासन द्धओबामा और बाइडेनऋ ने फाइलें जारी नहीं कीं। डेमोक्रेट सांसदों ने पटेल पर ट्रंप को बचाने का आरोप लगाया, जबकि पटेल ने इनकार किया और कहा कि सभी कानूनी रूप से जारी करने योग्य जानकारी साझा की जा रही है। सुनवाई में एजेंटों की पुनर्नियुक्ति, चार्ली किर्क की हत्या की जांच और एफबीआई के राजनीतिकरण जैसे मुद्दे भी उठे, जहां पटेल ने अपराध दर में कमी और गिरफ्तारियों में वृद्धि का हवाला दिया।

यह सुनवाई अमेरिकी लोकतंत्र की एक प्रमुख विशेषता को दर्शाती है। कांग्रेस द्वारा कार्यकारी अधिक. ारियों को सार्वजनिक रूप से जवाबदेह ठहराना एक परंपरा रही है। काश पटेल, जो ट्रंप के करीबी सहयोगी हैं और एफबीआई निदेशक के रूप में नियुक्त हुए, को सितंबर 2025 में भी सीनेट और हाउस कमिटियों के समक्ष पेश होना पड़ा था, लेकिन दिसंबर की सुनवाई अधिक विवादास्पद रही क्योंकि इसमें एपस्टीन स्कैंडल पर फोकस था। सुनवाई के दौरान सांसदों ने पटेल से सीधे सवाल किए, जैसे एपस्टीन फाइलों में ट्रंप का नाम कितनी बार आया और क्यों रेडैक्शन के लिए लगभग 1,000 एजेंटों को लगाया गया। पटेल ने इनकार किया कि संसाधनों का दुरुपयोग हुआ और कहा कि जांच चल रही है, लेकिन अदालती आदेशों से बंधे हैं। इस तरह की सुनवाई लाइव प्रसारित होती हैं, जो जनता को सीधे देखने का अवसर देती हैं और यह अमेरिकी संविधान की जांच और संतुलन की व्यवस्था का हिस्सा है। यदि तुलना की जाए तो भारत में भी संसद द्वारा किसी अधिकारी को बुलाने की प्रक्रिया है। लेकिन यह अमेरिकी कांग्रेस की तरह सार्वजनिक और नाटकीय नहीं होती। भारतीय संसद की स्थाई समितियां, जैसे लोक लेखा समिति (पीएसी), अनुमान समिति या संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी), अधिकारियों को बुला सकती हैं और पूछताछ कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले में जेपीसी ने अधिकारियों को समन किया था, लेकिन यह कार्यवाहियां बंद दरवाजों के पीछे होती हैं, मीडिया को अनुमति नहीं होती और कोई लाइव ब्रॉडकास्ट भी नहीं होता। अमेरिका में जहां सुनवाई टीवी पर लाइव होती है और सांसद अधिकारियों को कड़े सवाल भी कर सकते हैं, भारत में यह गोपनीय रहती है ताकि जांच प्रभावित न हो। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105 और 118 के तहत समितियां स्वतंत्र हैं, लेकिन सार्वजनिक सुनवाई की परंपरा नहीं है। क्या भारत में कभी ऐसी सुनवाई हो सकती है? यह संभव है, लेकिन राजनीतिक घोटालों के बावजूद मुश्किल। भारत संसदीय प्रणाली पर आधारित है, जहां कार्यकारी और विधायिका में फ्यूजन है, जबकि अमेरिका राष्ट्रपति प्रणाली में पृथक्करण है। जबकि यहां प्रधानमंत्री और मंत्री संसद के सदस्य होते हैं, इसलिए अधिकारी को बुलाना मंत्री की जिम्मेदारी पर सवाल उठा सकता है, जो राजनीतिक अस्थिरता पैदा कर सकता है। यदि कोई बड़ा घोटाला हो, जैसे राफेल डील या कोयला घोटाला आदि, तो जेपीसी तो अवश्य बन सकती है, लेकिन सार्वजनिक सुनवाई से राजनीतिक पार्टियां डरती हैं क्योंकि इससे संसद में हंगामा, इस्तीफे या सरकार गिरने का खतरा होता है। हालांकि, डिजिटल युग में पारदर्शिता की मांग बढ़ रही है। यदि संसद नियमों में संशोधन करे, जैसे सुनवाई को लाइव प्रसारित करने का प्रावधान, तो यह संभव हो सकता है, लेकिन वर्तमान राजनीतिक संस्कृति में, जहां विपक्ष और सत्ता पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं, ऐसी सुनवाई से घोटाला ही फूट सकता है, जैसे संसद में अवरोध या मीडिया ट्रायल। फिर भी, लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह विचारणीय है। किसी भी लोकतंत्र में, सत्ता में कोई भी पार्टी क्यों न हो, ऐसे अधिकारियों को बुलाने के कई लाभ हैं। सबसे पहले, यह जवाबदेही सुनिश्चित करता है। चुने हुए प्रतिनिधि कार्यकारी अधिकारियों से सवाल कर सकते हैं, जो जनता की ओर से होता है। इससे भ्रष्टाचार, दुरुपयोग या नीतिगत असफलताओं पर रोशनी पड़ती है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में पटेल की सुनवाई से एपस्टीन फाइलों पर जनता को जानकारी मिली, जो अन्यथा छिपी रह सकती थी। भारत में यदि ऐसा हो, तो सरकारी योजनाओं या जांचों की पारदर्शिता अवश्य बढ़ेगी। दूसरा, यह जांच और संतुलन की व्यवस्था को मजबूत करता है। लोकतंत्र में कोई भी शाखा निरंकुश नहीं होनी चाहिए। विधायिका द्वारा कार्यकारी को बुलाना सत्ता के दुरूपयोग को रोकता है। सत्ता मेंचाहे भाजपा हो या कांग्रेस, यह प्रक्रिया नीतियों को जनहित में रखती है। तीसरा, जनता की भागीदारी बढ़ती है। सार्वजनिक सुनवाई से लोग सूचित होते हैं, जो मतदान और सक्रिय नागरिकता को प्रोत्साहित करता है। चौथा, यह राजनी. तिक पार्टियों को पारदर्शी बनाता है, क्योंकि सत्ता पक्ष को अपनी नीतियों का बचाव करना पड़ता है, जबकि विपक्ष को रचनात्मक सवाल करने पड़ते हैं। इससे लो. कतंत्र की गुणवत्ता सुधरती है। हालांकि, इस सब के नुकसान भी हो सकते हैं, जैसे राजनीतिकरण या मीडिया ट्रायल, लेकिन देखा जाए तो लाभ अधिक हैं। पटेल की सुनवाई से अमेरिका में एफबीआई की विश्वसनीयता पर बहस हुई, जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी है। भारत में यदि ऐसी व्यवस्था आए, तो घोटालों के बावजूद, यह देश को मजबूत बनाएगा और जवाबदेही व पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन ने टेक्नोलॉजी के दम पर जीती प्रदूषण से जंग

## चीन के शहरों में भी स्मॉग की चादर बिछी रहती थी और लोगों को सांस लेने में भारी दिक्कत होती थी

**बीजिंग।** उत्तर भारत के कई शहर जिस दमघोंटू हवा से जूझ रहे हैं, करीब एक दशक पहले चीन के हालात भी कुछ ऐसे ही थे। वहां के शहरों में भी स्मॉग की चादर बिछी रहती थी और लोगों को सांस लेने में भारी दिक्कत होती थी। लेकिन चीन ने हार नहीं मानी और तकनीक के सही तालमेल से अपनी आबोहवा को पूरी तरह बदल दिया।

आज चीन के कई शहरों में वायु गुणवत्ता में जो सुधार आया है, वह पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बन गया है। आइए जानते हैं चीन ने तकनीक की मदद से कैसे प्रदूषण को मात दी और शहरों की हवा को सांस लेने लायक बनाया। चीन में प्रदूषण की यह समस्या 1978 के आर्थिक उदारीकरण के बाद शुरू हुई, जब वहां फैक्ट्रियों, बिजली घरों और गाड़ियों की तादाद अचानक बढ़ गई। कोयले पर निर्भरता और खेतों में जलती पराली ने हवा को जहरीला बना दिया था। इस समस्या ने पूरी दुनिया का ध्यान तब खींचा जब 2008 में बीजिंग ओलंपिक हुए। अंतर्राष्ट्रीय दबाव और देश के भीतर बढ़ते गुस्से को देखते हुए चीन सरकार ने समझ लिया कि अब हाथ पर हाथ धरे बैठने का समय निकल चुका है। चीन ने अपनी हवा सुधारने के लिए सबसे पहले उन रास्तों को चुना जो सबसे ज्यादा धुआं उगल रहे थे। सरकार ने कोयले के इस्तेमाल को धीरे-धीरे कम करना शुरू किया और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया। इसका सबसे बेहतरीन उदाहरण शेन्जेन शहर है, जिसने अपनी हजारों बसों के पूरे बेड़े को रातों-रात इलेक्ट्रिक में बदल दिया। इन फैसलों ने न केवल सड़कों से धुआं कम किया, बल्कि शहरों में शोर और प्रदूषण के स्तर को भी काफी हद तक नीचे गिरा दिया। चीन की इस लड़ाई में आधुनिक तकनीक सबसे बड़ा हथियार साबित हुई। पूरे देश में हजारों की संख्या में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन लगाए गए, जो चौबीसों घंटे हवा की शुद्धता पर नजर रखते हैं। प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों की सही पहचान के लिए सैटेलाइट और हाई-टेक ड्रोन्स का सहारा लिया गया। इतना ही नहीं, चीन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिग डेटा का इस्तेमाल करके एक ऐसा सिस्टम बनाया जो पहले ही बता देता है कि मौसम की स्थिति के हिसाब से प्रदूषण कब और कहां बढ़ सकता है।



■ कोयले पर निर्भरता और खेतों में जलती पराली ने हवा को जहरीला बना दिया था

## कंबोडिया-थाइलैंड संघर्ष में अब तक 19 कंबोडियाई नागरिकों की मौत

**नोम पेन्ह।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच फिर से शुरू हुए सीमा संघर्ष में 15 दिनों में मरने वाले कंबोडियाई नागरिकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय की राज्य उप-सचिव और प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 20 दिसम्बर को स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे तक मरने वाले 19 लोगों में एक शिशु भी शामिल है। अब तक 79 नागरिक घायल भी हुए हैं। कंबोडिया-थाईलैंड सीमा संघर्ष 7 दिसम्बर से फिर से भड़क उठा है, जिससे दोनों पक्षों को काफी नुकसान पहुंचा है।




**रांची। शीत ऋतु की सुबह कोहरे के कारण ट्रेनों में देरी और रद्द होने के बीच यात्री रांची रेलवे स्टेशन पर पहुंचते हुए।**

## 'वर्क वीजा' वाले कर्मचारियों को अमेरिका छोड़ने से रोक रहे गूगल, ऐप्पल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी टेक दिग्गज गूगल और ऐप्पल नौकरी वाले वीज़ा पर अमेरिका आए कर्मचारियों को देश छोड़ने से रोक रहे हैं। बिजनेस इनसाइडर ने एक ईमेल का हवाला देते हुए यह दावा किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, गूगल और ऐप्पल कुछ 'वर्क वीजा' वाले कर्मचारियों को दूतावास में देरी के कारण अमेरिका से बाहर यात्रा न करने की सलाह दे रहे हैं। दोनों कंपनियों के बाहरी कानूनी सलाहकारों ने उन कर्मचारियों को ईमेल भेजे हैं जिन्हें अमेरिका में फिर से प्रवेश के लिए वीजा स्टैंप की ज़रूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरीकी सेना ने वेनेजुएला के तट से दूसरा तेल टैंकर पकड़ा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की आंतरिक सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने कहा कि सेना ने वेनेजुएला के तट से एक और तेल टैंकर पकड़ा है। नोएम ने शनिवार को एक्स पर कहा कि आज सुबह 20 दिसम्बर को एक कार्रवाई में, अमरीकी तटीय गार्ड ने युद्ध विभाग की मदद से एक तेल टैंकर पकड़ा जो आखिरी बार वेनेजुएला में खड़ा किया गया था। इससे पहले अमरीकी सेना ने 10 दिसम्बर को वेनेजुएला के तट से एक तेल टैंकर पकड़ा। वेनेजुएला सरकार ने इस कदम की 'एक खुली चोरी और अंतर्राष्ट्रीय लूट' कहकर निंदा की है।

### जापान राष्ट्रीय एआई परियोजना शुरू करेगा

**टोक्यो।** जापान निजी क्षेत्र के साथ मिलकर लगभग तीन ट्रिलियन येन (लगभग 19 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की लागत से एक राष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रणाली परियोजना शुरू करेगा। 'योमिउरी' समाचार पत्र ने बताया कि सॉफ्टबैंक और दस से अधिक अन्य जापानी कंपनियों द्वारा अगले वसंत में देश का सबसे बड़ा 'एआई बेसलाइन मॉडल' विकसित करने के लिए एक नया उद्यम स्थापित करने की उम्मीद है। इस परियोजना का उद्देश्य जापान, अमेरिका और चीन के बीच एआई के मामले में बढती खाई को पाटना है।

### जापान के अमोरी प्रांत में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** उत्तरी जापान के अमोरी प्रान्त के तट पर रविवार को 5.5 की तीव्रता वाला भूकंप आया। जापान मौसम एजेंसी (जेएमए) ने यह जानकारी दी है। जेएमए के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 10:29 बजे अमोरी के प्रशांत तट पर 50 किमी की गहराई में आया। भूकंपीय पैमाने' पर इसकी तीव्रता 4 मापी गई। भूकंप का केंद्र 40.7 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 142.3 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। इसे लेकर सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

## उस्मान हादी हत्या मामला: न्याय की मांग तेज हुई

# बांग्लादेश सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम

■ आक्रोशित छात्र नेता बोले: हत्यारों को गिरफ्तार करो, अनिश्चितकालीन धरने की धमकी, होम एडवाइजर से इस्तीफा देने की मांग

**ढाका।** भारत और शेख हसीना के विरोधी बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी की हत्या के मामले में न्याय की मांग तेज हो गई है। इंकलाब मंच ने बांग्लादेश सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इंकलाब मंच के सचिव अब्दुल्ला अल जाबेर ने कहा कि अगर सरकार आज शाम तक हादी की हत्या में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार नहीं करती, तो शाहबाग चौराहे पर रविवार शाम से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। कल हादी के अंतिम संस्कार के बाद दोपहर 3 तीन बजे शाहबाग चौराहे पर हुए रैली में यह अल्टीमेटम जारी किया गया।

रैली मे इंकलाब मंच ने करीब दो घंटे तक इलाके को ब्लॉक रखा। जाबेर ने होम एडवाइजर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी और मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक खुदा बख्श चौधरी से 24 घंटे के अंदर इस्तीफा देने की मांग की। जाबेर ने सरकार के सामने दो मुख्य मांगें रखीं है, जिसमें पहली, हादी की हत्या में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी, और दूसरी अवामी लीग से जुड़े कथित सिविल-मिलिट्री इंटेलिजेंस एजेंटों की गिरफ्तारी है। इंकलाब मंच ने बांग्लादेश सरकार को हादी के हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। जाबेर ने सरकार से पूछा कि आपने उस्मान हादी के हत्यारों को पकड़ने के लिए क्या किया? उन्होंने कहा कि यह हत्या एक व्यक्ति का काम नहीं है, बल्कि इसके पीछे पूरा एक सिडिकेट है। जाबेर ने किसी राजनीतिक दल पर सीधे शक नहीं जताया, लेकिन कहा कि कोई भी दल संदेह से ऊपर नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हादी सिर्फ अवामी लीग के लिए ही नहीं, बल्कि कई अन्य राजनीतिक दलों के लिए भी समस्या था। उन्होंने चेतावनी दी कि हत्यारों का बचाव करने वालों और उनका सार्वजनिक समर्थन करने वालों को भी न्याय के दायरे में लाया जाए। भारत ने बांग्लादेश के चटगांव शहर में भारतीय वीजा सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी हैं। यह फैसला वहां की बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और हाल की हिंसक घटनाओं के बाद लिया गया है। चटगांव स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) ने 21 दिसम्बर से सभी तरह की वीजा सेवाएं अगले आदेश तक निलंबित कर दी हैं। वीजा आवेदन केंद्र की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि सुरक्षा हालात की समीक्षा के बाद ही वीजा सेवाएं दोबारा शुरू करने पर फैसला लिया जाएगा। तब तक चटगांव में भारतीय वीजा से जुड़ी सभी सेवाएं बंद रहेंगी। जाबेर ने आगे आरोप लगाया कि आगामी चुनावों को बाधित करने और शेख हसीना की अवामी लीग को फिर से सत्ता में लाने की साजिश चल रही है। उन्होंने हादी को 'जनता की आवाज' और 'बांग्लादेश की स्वतंत्रता और संप्रभुता का प्रतीक' बताया। साथ ही, समर्थकों से शांत रहने और तोड़फोड़ से बचने की अपील की। हादी के जनाजे में शनिवार को लाखों लोग शामिल हुए। हादी को बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र के बगल में दफनाया गया। इससे पहले दोपहर 2:30 बजे संसद भवन के साउथ प्लाजा में जनाजे की नमाज अदा की गई।



### बंगबंध शेख मुजीब हॉल का नाम रखा गया उस्मान हादी हॉल

**ढाका।** छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश में राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता लगातार बढ़ती जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राजधानी ढाका सहित कई इलाकों में असंतोष का माहौल है। लोग अभी भी सड़कों पर हैं। इस बीच ढाका यूनिवर्सिटी ने अपने एक हॉल का नाम बदलकर शरीफ उस्मान हादी कर दिया है। इस हॉल का नाम बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नाम पर था। हादी एक युवा नेता थे और जुलाई के विद्रोह में शामिल थे, जिसमें शेख हसीना की सरकार गिर गई थी। बता दें कि सिर में गोली लगने के छह दिन बाद गुरुवार को हदी की मौत हो गई थी। उन्हें 12 दिसम्बर को सेंट्रल ढाका में एक चुनावी अभियान के दौरान नकाबपोश बंदूकधारियों ने सिर में गोली मार दी थी, जिसके बाद सिगापुर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। उनकी मौत के बाद पूरे बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसक घटनाएं हुईं। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, हॉल यूनियन ने शनिवार को मुख्य गेट पर लगी शेख मुजीबुर रहमान के नाम की नेमप्लेट हटाकर उसकी जगह 'शहीद शरीफ उस्मान हादी हॉल' नाम की नेमप्लेट लगा दी।

■ भारत ने चटगांव में वीजा सेवाएं अनिश्चितकाल को बंद कीं, सुरक्षा हालात की समीक्षा के बाद सेवाएं शुरू करने पर फैसला होगा

## अमेरिकी घेराबंदी के चलते वेनेजुएला का व्यापार ठप

■ दूसरा व्यापारिक जहाज भी जब्त किया तेल टैंकर को भी जब्त कर लिया था, मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ा

■ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, वेनेजुएला की निकोलस मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ाते ही जा रहे हैं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है और अब यह इस कदर बढ़ गया है कि अमेरिका ने वेनेजुएला का पूरा विदेशी व्यापार ही ठप कर दिया है। दरअसल अमेरिका ने वेनेजुएला के दूसरे व्यापारिक जहाज को भी जब्त कर लिया है। इससे पहले भी अमेरिका ने वेनेजुएला के एक तेल टैंकर को भी जब्त कर लिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, वेनेजुएला की निकोलस मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ाते ही जा रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने इस घटनाक्रम की जानकारी दी। यह कदम ट्रम्प के उस एलान के बाद सामने आया है, जिसमें ट्रम्प ने वेनेजुएला की घेराबंदी करने और सभी तेल टैंकरों को वेनेजुएला से लाने-ले जाने पर रोक लगाने का एलान किया था। इस एलान के बाद बीती 10 दिसम्बर को भी अमेरिकी सुरक्षा बलों ने वेनेजुएला के तट पर उसके एक तेल टैंकर को जब्त कर लिया था। अधिकारियों ने बताया कि व्यापारिक जहाज को जब्त करने की ताजा कार्रवाई आपसी सहमति से हुई। जिसमें अमेरिकी अधिकारी जहाज पर चढ़े और उन्होंने जहाज को अपने कब्जे में ले लिया। ट्रम्प, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोसल मादुरो को कह चुके हैं कि अब उनके सत्ता में रहने के गिने-चुने ही दिन बचे हैं। ट्रम्प ने हाल ही में मांग की थी कि वेनेजुएला ने जो वर्षों पहले अमेरिकी तेल कंपनियों की जो संपत्तियां जब्त की थी, अब वे उन्हें वापस करें। यही वजह है कि वेनेजुएला पर दबाव बनाने के लिए ट्रम्प ने वेनेजुएला की घेराबंदी की है। अमेरिकी सेना के युद्धक जहाज और युद्धपोत प्रशांत महासागर में तैनात हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को भी डर है कि अमेरिका उनके देश पर हमला कर सकता है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो संयुक्त राष्ट्र से अमेरिकी घेराबंदी खत्म कराने की अपील कर चुके हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र ने भी दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है।

## मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पत्ति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बने

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के उद्योगपति एलन मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पत्ति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए है। फोर्ब्स मैगज़ीन ने यह जानकारी दी है। डेलावेयर शीर्ष अदालत के मस्क के 2018 टेस्ला स्टॉक विकल्प पैकेज को अमान्य करने वाले निचली अदालत के फैसले को पलटने के बाद मस्क की दौलत बढ़ गई, जिसकी अब कीमत 139 अरब डॉलर है। फोर्ब्स ने कहा कि उसका अनुमान है कि इस फैसले के खिलाफ सफलतापूर्वक अपील करने के बाद मस्क की कुल सम्पति रिकॉर्ड 749 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। मैगजीन ने पहले मस्क को 600 अरब अमरीकी डॉलर से जयादा सम्पति वाला पहला व्यक्ति बताया था जब स्पेसएक्स ने एक आईपीओ की घोषणा की थी जिसमें कंपनी की कीमत 800 अरब अमरीकी डॉलर थी। हाल ही में मार्च 2020 तक मस्क की कुल सम्पति 24.6 अरब अमरीकी डॉलर आंकी गई थी। जनवरी 2021 में वह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। उसी साल उन्होंने 300 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया और 2024 में मस्क की कुल सम्पति बढ़कर 500 अरब डॉलर से जयादा हो गई।

## अमेरिकी विधि विभाग की वेबसाइट से 16 एप्स्टीन केस फाइल गायब

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एप्स्टीन के साथ संबंध होने का संदेह

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विधि विभाग की वेबसाइट के उस विभाग से कम से कम 16 फाइलें गायब हो गई हैं, जहाँ फाइनेंसर जेफरी एप्स्टीन के मामले से संबंधित दस्तावेज प्रकाशित किए गए थे। अमेरिकी विधि विभाग ने शनिवार को कांग्रेस में डेमोक्रेटिक पार्टी और कई रिपब्लिकन सांसदों के समर्थन से पारित एक कानून के तहत एप्स्टीन मामले की कुछ सामग्री जारी की थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एप्स्टीन के साथ संबंध होने का संदेह है, हालांकि अभी तक कोई विशिष्ट सबूत पेश नहीं किया गया है कि अमेरिकी नेता बच्चों के यौन शोषण में शामिल थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, गायब फाइलों में नग्न महिलाओं की पेंटिंग की तस्वीरें शामिल थीं। साथ ही एक ऐसी तस्वीर भी गायब है जिसमें एक ड्रेसर और दराजों पर रखी तस्वीरों की एक श्रृंखला दिखाई गई थी, जिसमें एप्स्टीन, मेलानिया ट्रंप और एपस्टीन की लंबे समय तक सहयोगी रही घिसलेन मैक्सवेल के साथ ट्रंप की एक तस्वीर भी शामिल थी। गौरतलब है कि एप्स्टीन पर 2019 में संयुक्त राज्य अमेरिका में 'सेक्स ट्रैफिकिंग' और अपराध करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था, जिसमें उसे 40 वर्षों से अधिक की जेल का सामना करना पड़ सकता था। अभियोजकों के अनुसार, 2002 और 2005 के बीच एपस्टीन ने दर्जनों नाबालिग लड़कियों के साथ यौन संबंध बनाए, जिन्हें उसने न्यूयॉर्क और फ्लोरिडा में अपने आवासों पर बुलाया था। वह उन्हें नकद भुगतान करता था और फिर कुछ पीड़ितों को और लड़कियों को लाने के लिए 'रिक्रूटर्स' के रूप में नियुक्त करता था। कुछ पीड़ितों की उम्र मात्र 14 वर्ष थी। जुलाई 2019 की शुरुआत में न्यूयॉर्क शहर की एक मैनहट्टन अदालत ने एप्स्टीन की पेशी के बाद उसे हिरासत में रखने का आदेश दिया और जमानत देने से इनकार कर दिया था। उसी वर्ष जुलाई के अंत में यह बताया गया कि एप्स्टीन जेल की एक सेल में आधी-बेहोशी की हालत में पाया गया था और बाद में उसकी मौत हो गई थी। जांच में निष्कर्ष निकाला गया कि उसने आत्महत्या की थी। एप्स्टीन मामले में जनता की दिलचस्पी तब फिर से बढ़ गई जब ट्रंप प्रशासन वादे के मुताबिक फाइलों को सार्वजनिक करने में विफल रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति की आलोचना तब और तेज हो गई जब फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) और विधि विभाग ने कहा कि एप्स्टीन ने प्रभावशाली व्यक्तियों को ब्लैकमेल नहीं किया था और न ही कोई क्लाइंट लिस्ट रखी थी, जबकि अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने इसके विपरीत दावा किया था।



■ गायब फाइलों में नग्न महिलाओं की पेंटिंग की तस्वीरें शामिल थीं






# जोहानिसबर्ग के शराबखाने में अंधाधुंध फायरिंग

## नौ लोगों की मौत, पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में रविवार को भीषण गोलीकांड की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक जोहानिसबर्ग के पश्चिम में स्थित बेकर्सडाल टाउनशिप में गोलीबारी की घटना में नौ लोगों के मारे जाने की आशंका हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है।

गोलीबारी के बाद पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। रविवार को जोहानिसबर्ग में हुई सामूहिक गोलीबारी में कम से कम नौ लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बंदूकधारियों ने एक अवैध शराबखाने में घुसकर बिना किसी चेतावनी के भीड़ पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे दहशत और अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, पहले इस गोलीबारी में 10 लोगों के मारे जाने की बात कही जा रही थी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो गाड़ियों में सवार हमलावरों ने शराबखाने में मौजूद लोगों पर गोलियां चलाईं और घटनास्थल से भागते समय भी अंधाधुंध फायरिंग करते रहे। प्रांतीय पुलिस आयुक्त मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने एसएबीसी टेलीविजन से कहा कि मृतकों में एक ड्राइवर भी शामिल था, जो बार के बाहर मौजूद था। पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया। बताया जा रहा है कि गोलीबारी में घायल हुए लोगों में से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने हमले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी संदिग्ध या मकसद का पता नहीं चल पाया है। माना जा रहा है कि गोलीबारी में मरने वालों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। दक्षिण अफ्रीका में यह इस महीने की दूसरी बड़ी गोलीबारी की घटना है। हालिया घटना के बाद से ही देश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। बेकर्सडाल टाउनशिप में अवैध रूप से शराब परोसे जाने की बात सामने आई है। गौरतलब है कि दिसम्बर महीने की शुरुआत में ही दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया के पास गोलीबारी की घटना हुई थी। यहां एक हॉस्टल में बंदूकधारियों के हमले में तीन साल के एक बच्चे समेत 12 लोगों की मौत हो गई थी।




■ घटना की जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया

## संयुक्त राष्ट्र में गूंजा शांति का मंत्र

■ श्रीश्री रवि शंकर के सान्निध्य में मना दूसरा विश्व ध्यान दिवस

**न्यूयॉर्क।** विश्व के सबसे बड़े कूटनीतिक मंच, संयुक्त राष्ट्र के गलियारे अनूठी शांति और गहन मौन के साक्षी बने। गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर के सानिध्य में मनाए गए दूसरे विश्व ध्यान दिवस में प्राचीन भारतीय विरासत और आधुनिक कूटनीति का संगम देखने को मिला।

यूक्रेन के सैनिकों से लेकर वैश्विक राजदूतों तक सभी के लिए ध्यान मानसिक शांति का सेतु बना। कार्यक्रम के दौरान वैश्विक नेताओं, राजदूतों और संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने एक सुर में स्वीकार किया कि युद्ध, मानसिक तनाव और अशांति से जूझती दुनिया के लिए ध्यान अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और वैश्विक आध्यात्मिक गुरु, गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर ने न सिर्फ ध्यान के दर्शन को समझाया, बल्कि वहां उपस्थित दुनिया भर के प्रतिनिधियों को 20 मिनट के मार्गदर्शित ध्यान सत्र के जरिये एक सूत्र में पिरो दिया। दर्शन और ध्यान का अंतर, खाली कटोरे की कहानी: संबोधन की शुरुआत गुरुदेव ने एक मर्मस्पर्शी कथा से की। उन्होंने बताया कि कैसे विभिन्न दार्शनिकों के भरे हुए कटोरे (विचारों) को खाली कर शिक्षक ने एकता का संदेश दिया। गुरुदेव ने कहा दर्शन शास्त्र मन को विचारों से भरते हैं, लेकिन ध्यान व्यक्ति को विचारों के पार ले जाकर उस साझा शांति के क्षेत्र में पहुंचाता है जहां से स्पष्टता का जन्म होता है।